आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 27.3° न्यून. 22.4°
रांची: अधिक. 28.4° न्यून. 23.7°

रांची, मंगलवार
01 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-149, पृष्ठ-12




## हमारे सैनिकों की शौर्यता

राष्ट्रीय नवीन मेल




**सविता सिंह मीरा**

हमारे सैनिकों की शौर्यता, वीरता कर्मठता और बलिदान विश्व पटल पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसके साक्षी हम सभी हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे वीरों ने दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए और दुश्मन के खेमे में आधी रात में ही सिंदरी सूरज चमका दिया। वीर सैनिको ने तिरंगा का परचम पूरे जगत में फैलाया। ब्रह्मोस और आकाश ने तो आकाश पर दिवाली मनवा दी। किन शब्दों में वीर सैनिको को शुभकामनाएं प्रेषित करें हम प्रत्यक्ष प्रमाण है।

**सैनिकों के सम्मान में मेरे हृदय से निकली कुछ पंक्तियां अर्पित है :-**

जहाँ हमारी सीमाओं पर तुम जैसे हों प्रहरी,
नहीं किसी में है हिम्मत जो लाँघ सके है देहरी।
जल थल नभ की सेनाएं करती जब प्रहार,
दुश्मन के सीने से निकल उठता है चीत्कार।
पहलगाम के आतंकियों की खूब सुनी दहाड़
दुश्मन के खेमे में घुस कर दिया उसे पछाड़।
रात्रि में दुश्मनों ने देखा जो सूरज सिन्दूरी,
तिरंगे का भगवा रंग चहूँ दिश छाया केसरी।
आज घर-घर चप्पे-चप्पे में होती चर्चाएं तेरी
देश की खातिर सुन ए वीर ले जा लहू भी मेरी।
नमन देश की माताओं जना तुमने वीर लला
फिर हमारे मातृभूमि पर कैसे आए कोई बला।
नमन तुम्हें वीर तुम्हारा नहीं कोई है सानी,
पूरा विश्व कह रहा ऑपरेशन सिंदूर की कहानी।
वीर तुम्हें शत-शत नमन तुझ से ही सुरक्षित वतन,
गर्व हमें इस बात का भारत में हमने लिया जन्म।
नमन नमन ऐ वीर करें हृदय से तुझे नमन।

### सीएम हेमंत सोरेन ने हूल क्रांति के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा

# हूल हमारी ताकत, हूल हमारी पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एक संक्षिप्त समारोह में संथाल हूल क्रांति के शहीदों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर टुंडी इलाके के झामुमो के वरिष्ठ विधायक मथुरा महतो और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, "30 जून का दिन भारत के इतिहास में आदिवासी समाज के बलिदान और स्वतंत्रता की पहली चिंगारी के रूप में दर्ज है। वर्ष 1855 में शुरू हुई हूल क्रांति भारत की आज़ादी की नींव रखने वाला पहला जनविद्रोह था।

यह सिर्फ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई नहीं थी, बल्कि जल, जंगल और जमीन के अधिकार की मांग भी थी। हमारे पूर्वजों ने विषम परिस्थितियों में देश की परिकल्पना की। ऐसे महापुरुषों को भुलाना किसी भी समाज के लिए उचित नहीं है। सोरेन ने कहा, "संथाल हूल विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो और हजारों वीर शहीदों के संघर्ष और समर्पण के पदचिन्हों पर चलने वाले आदरणीय बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन अभी अस्वस्थ हैं। इस कारण मैं इस बार भोगनाडीह की क्रांतिकारी भूमि पर नहीं आ पाया।

सोरेन ने कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, "हूल दिवस हमारे लिए सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। हूल दिवस हमारे लिए संकल्प का दिन है, हूल हमारी ताकत है, हूल हमारी पहचान है। आने वाले समय में आदिवासी धर्म कोड, आदिवासी संस्कृति, भाषा, सभ्यता और पहचान के लिए हूल उलगुलान होगा। उन्होंने कहा, "गुरुजी ने भी जमींदारी प्रथा के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। प्रदेश की जनता उनकी लंबी उम्र की कामना कर रही है और उनकी छत्रछाया हम सभी पर बनी रहे।

**"सीएम ने कहा- बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन अभी अस्वस्थ हैं, इस कारण मैं इस बार भोगनाडीह की क्रांतिकारी भूमि पर नहीं आ पाया**



» लगातार हो रही बारिश से हो रहे नुकसान पर सरकार की है नजर

» बारिश के कारण प्रभावित लोगों के साथ सरकार हमेशा खड़ी है

## मानसून की शुरुआत से ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स के माध्यम से राज्यवासियों से कहा है कि मानसून की शुरुआत में ही झारखंड में हो रही लगातार बारिश चिंता का विषय है। बारिश के कारण प्रभावित लोगों के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में मानसून अभी शुरू ही हुआ है और शुरुआत से ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय है। यह बदलाव पर्यावरण के दृष्टिकोण से हो रहे हैं। इन बदलावों से प्रभावित होने वाले लोगों पर सरकार की नजर है। ज्ञातव्य हो कि झारखंड में मानसून के शुरुआत से ही लगातार बारिश हो रही है, जिससे झारखंड के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

ऐसी परिस्थिति में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स के माध्यम एक वीडियो साझा कर राज्यवासियों को आश्वस्त किया है कि सरकार उन सभी लोगों के साथ खड़ी है, जो इस बारिश में प्रभावित हुए हैं। और वे सभी सरकार की निगरानी में हैं।

## भोगनाडीह में पुलिस और शहीद के वंशजों के बीच हिंसक झड़प, छोड़े गए आंसू गैस

**नवीन मेल संवाददाता**

**साहिबगंज।** हूल दिवस पर सिदो कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह में ग्रामीणों और पुलिस के बीच विवाद हो गया। माहौल पूरी तरह से तनावपूर्ण हो गया। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जिसके बाद भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने भी पुलिस पर पथराव भी किया। बताया जा रहा है कि तीर भी चलाए गए। कुछ पुलिस कर्मियों के घायल होने की खबर है। जिसके बाद पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।दरअसल, हूल दिवस हर साल 30 जून को मनाया जाता है। 30 जून 1855 को सिदो कान्हू ने भोगनाडीह में ही हुल क्रांति की शुरुआत की थी। इसके सम्मान में हर साल भोगनाडीह में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। सिदो कान्हू हूल फाउंडेशन और अतु मांझी बैसी के बैनर तले भोगनाडीह में हर साल पंडाल लगाया जाता है। हूल दिवस पर वंशज मंडल मुर्मू के परिजन और परिवार के अन्य सदस्य सिदो कान्हू की पूजा करते हैं और गंगा के पवित्र जल में स्नान कराते हैं। उसके बाद ही मुख्यमंत्री या कोई अन्य पूजा व माल्यार्पण करता है। शेष पेज 11 पर



### पूजा करने की प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

इस बार जिला प्रशासन ने वंशजों को इसकी अनुमति नहीं दी गई। प्रशासन के मौखिक आदेश पर सुबह 10 बजे से पहले और शाम 4 बजे के बाद पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसको लेकर वंशज के परिजन पिछले तीन दिनों से आक्रोशित थे। पुलिस ने अस्थायी पंडाल को हटा दिया था। इसके विरोध में वंशज के परिजन व समर्थकों ने सोमवार की सुबह सिदो कान्हू भोगनाडीह पार्क में ताला जड़ दिया। किसी के लिए भी पूजा की अनुमति पर रोक लगा दी गई। पुलिस प्रशासन ने इसे खुलवाने का प्रयास किया।

## यूपीआई से लेकर पैन तक, आज से बदल जाएंगे कई नियम

**नई दिल्ली ।** जुलाई, 2025 से कई नए वित्तीय नियम लागू होने जा रहे हैं, जिसका आपकी जेब पर सीधा असर हो सकता है। इनमें यूपीआई चार्जबैक, नए तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग और पैन कार्ड के नियमों में बदलाव शामिल हैं। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से हाल ही में सिस्टम को आसान बढ़ाने के उद्देश्य से यूपीआई चार्जबैक नियमों में बदलाव किया गया है। मौजूदा समय में बहुत अधिक दावों के कारण सभी चार्जबैक रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में सही चार्जबैक रिक्वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए बैंक को यूपीआई रेफरेंस कंप्लेंट सिस्टम (यूआरसीएस) के जरिए एनपीसीआई के पास जाकर केस को व्हाइटलिस्ट करना पड़ता है। शेष पेज 11 पर

### बाइक की तेज रफ्तार बनी काल

## एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, घर में मची चीख-पुकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** रफ्तार के कहर ने जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान ले ली। घटना कर्रा थाना क्षेत्र के संगोर गांव के पास हुई, जब एक बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवाल तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, न तो बाइक सवार और न ही बाइक पर बैठे किसी व्यक्ति ने हेलमेट पहना था। मृतकों में मालगो गांव के नवीस 48 वर्षीय रेला मिंज, उनके पुत्र 20 वर्षीय अभिषेक मिंज और उनके भतीजा 20 वर्षीय रोहित मिंज शामिल हैं। तीनों सुबह मालगो गांव से बिरदा गांव गए थे और वहां से अपने गांव मालगो लौट रहे थे।




सूचना मिलने पर कर्रा पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## मासूम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के चार दोषियों को हुई उम्रकैद

- रांची सिविल कोर्ट ने सुनाई सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची की अदालत ने बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म करनेवाले 4 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने दोषी विपिन मुंडा, उत्तम मुंडा, संजू मुंडा और सोनू लोहरा को आज सोमवार को सजा सुनायी। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को दबोचा था। नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। गैंगरेप का घटना 12 अप्रैल 2024 की है। विपिन मुंडा एक नाबालिग आरोपी के साथ दो बच्चियों को सरहुल मेला घूमाने के बहाने टिकरा गांव के एक मिट्टी के मकान में ले गया था। वहां पहले से तीन आरोपी सोनू लोहरा, उत्तम मुंडा और संजू मुंडा मौजूद थे। जब सभी पांचों आरोपियों ने बच्ची से दुष्कर्म करने का प्रयास किया तो पीड़िता और उसकी सहेली ने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इसी बीच पीड़िता की सहेली किसी तरह आरोपियों के चंगुल से भागने में सफल रही, लेकिन आरोपियों के चंगुल से पीड़िता नहीं बच सकी। शेष पेज 11 पर

## कल से 5 देशों के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो जुलाई से पांच देशों के दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी के इस दौरे की शुरुआत घाना से होगी।



30 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का घाना दौरा हो रहा है। इस दौरान पीएम मोदी घाना के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। घाना की संसद को संबोधित करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी घाना में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। घाना के अलावा पीएम मोदी त्रिनिदाद-टोबैगो शेष पेज 11 पर

### तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका

## 10 मजदूरों की मौत, 15 से 20 लोग घायल

**एजेंसी । पशमीलाराम**

तेलंगाना के पशमीलाराम में सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, फैक्ट्री में रिएक्टर विस्फोट के कारण आग लगी। तेलंगाना के अग्निशमन अधिकारियों ने बताया है कि रिएक्शन विस्फोट के कारण लगभग 15 से 20 लोग घायल हुए हैं। तेलंगाना टुडे के अनुसार, विस्फोट के कारण कई श्रमिकों के फंसे होने की भी आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर 11 दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं और आग बुझाने का काम जारी है। फंसे हुए श्रमिकों को खोजने के लिए बचाव और खोज दल भी घटनास्थल पर तैनात किए गए हैं। घटना के तुरंत बाद मौके पर दमकल गाड़ियां और एंबुलेंस देखी गईं। शेष पेज 11 पर



### राष्ट्रपति-पीएम ने हादसे पर जताया दुख, आर्थिक सहायता का ऐलान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हुए हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हुई दुखद आग दुर्घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। शेष पेज 11 पर

## इंडिया › प्रोडक्ट बनते अस्पताल और बचे हुए धरती के भगवान

जीवन की रक्षा करने वाले किसी ना किसी डॉक्टर से हम सभी को कभी न कभी मिलना ही पड़ा होगा और कुछ अपवादों को छोड़ दें तो हमारे मन में एक डॉक्टर की छवि जीवन रक्षक और लालच से दूर बीएचयू के डॉक्टर टीके लाहिरी जैसी ही होगी। रांची के डॉ एसपी मुखर्जी तथा हटिया के डॉ सिंह जो एचइसी से रिटायर थे ऐसे ही डॉक्टरों की श्रेणी में आते हैं अनेक भगवान रूपी डॉक्टर मीडिया से दूर हैं । हमारे आपके अनेक सहपाठी,मित्र, संबंधी और शुभचिंतक डॉक्टर होंगे और अनेक अवसरों पर सरकारी अस्पतालों का भी हमारा अनुभव बहुत ही अच्छा रहा हो सकता है जब बिना पैरवी के उन्होंने धरती के भगवान जैसी भूमिका निभाई है प्रखंड स्तरीय, सदर अस्पताल रांची, रिम्स से लेकर दिल्ली के एम्स तक में डॉक्टरों का कर्त्तव्य बोध कि उन्हें मरीज की जान बचाने को प्राथमिकता देनी है सबसे सराहनीय पक्ष है।यदि हम उनकी व्यस्तता और दबाव को समझकर सम्मानपूर्वक बात करें तो किसी पैरवी की आवश्यकता नहीं पड़ती।आज सिर्फ मरीज को देखकर उसकी बीमारी जानने वाले बंगाल के प्रथम मुख्यमंत्री बीसी रॉय का जन्म दिन है। प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक होने के साथ-साथ एक सम्मानित डॉक्टर भी थे, जिन्हें 4 फरवरी, 1961 को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पद ठुकराकर डॉक्टर ही बने रहना चाहा था पर महात्मा गांधी के कहने पर बाद में दोनों काम करते रहे।डॉ बीसी रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 में हुआ था। इनका निधन भी 1 जुलाई, 1962 में हुआ था। इसलिए 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाते हैं।डॉक्टर राय जैसे अनेक डॉक्टर बांग्ला और हिंदी साहित्य में मिलते हैं पर आज निजी अस्पतालों की भीड़ में ऐसे समर्पित डॉक्टर क्यों नहीं हैं या कम हैं यह सवाल कौंधता है । जब से चिकित्सा शिक्षा का निजीकरण के बाद कॉर्पोरेट संस्कृति में अस्पताल प्रोडक्ट और डॉक्टर सेवाप्रदाता बनते चले गए, अस्पतालों की चमक बढ़ती हुई सजे हुए शो रूम जैसी हो गई और सबकुछ आम आदमी की पहुंच से दूर होता चला गया । तभी से भगवान और भक्त जैसा यह पवित्र पेशा एक व्यवसाय में बदलता चला गया जहां ग्राहक और सेवा प्रदाता का नया रिश्ता बना । आप के पास पैसे हैं तो देश विदेश में बच्चों को पढ़ाकर डॉक्टर बना सकते हैं या फाइव स्टार जैसी सुविधाओं वाले अस्पतालों में इलाज करा सकते हैं पर आम भारतीय पहले जान बचाने को ज़मीन गिरवी रखकर इलाज कराता था अब भीड़ के बीच निःशुल्क चिकित्सा के नाम पर दलालों के चक्कर में पड़ जाता है । आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का इलाज मुफ्त है पर अनेक अस्पतालों पर हुई कार्रवाई यह साबित करती है कि सब कुछ ठीक नहीं है । बड़े से लेकर छोटे तक सरकारी अस्पतालों में ऐसे दलाल बेरोक टोक घूमते हैं और जल्दी इलाज या अच्छा इलाज के नाम पर लाचार या ग्रामीण मरीज़ों से पैसे ऐंठते हैं । सरकारी डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के अभाव में रहना नहीं चाहते या निजी प्रैक्टिस की जुगाड़ में रहते हैं । राजनेता उन्हें नाजायज़ संरक्षण देते हैं और पूरे मायाजाल में हर किसी के पास बहाने तैयार रहते हैं । आवश्यकता इस बात की है ज्यादा से ज्यादा अच्छे मेडिकल कॉलेज बढ़ाए जाएं और नाममात्र की फीस पर डॉक्टर बना जा सके तभी ग़रीब घरों के बच्चे जो मजबूरी को समझते हों आगे आएं ना कि करोड़पति बच्चे जो सिर्फ़ पैसा कमाने के लिए डॉक्टर बनना चाहते हैं । कोरोना काल में सबने देखा कि डॉक्टर्स ने कैसे अपनी जान की परवाह किए बिना लगातार काम कर रहे थे ऐसे ही सदर अस्पताल रांची में कार्यरत एक डॉक्टर अजित हैं । 81 साल की उम्र में मुफ्त में रोगियों का इलाज करने वाले वाराणसी के डॉ टी के लहरी देश के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट जिन्हें लोग महापुरुष और भगवान कहते थे ।सादगी की प्रतिमूर्ति बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त डॉ लहरी को भारत सरकार ने पद्मश्री से भी सम्मानित किया था । लोग इनकी तुलना डा विधानचंद्र राय से करते हैं, जिनकी जयंती पर नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। अमेरिका से पढ़ाई की जन्म कोलकाता में हुआ है। मरीजों की सेवा करने के लिए उन्होंने शादी नहीं की। रिटायरमेंट के बाद उन्हें अमेरिका के कई बड़े अस्पताल से ऑफर आया था लेकिन उनका मन यहीं लगा हुआ है। 1997 के बाद कभी नहीं ली डॉक्टर लहरी ने सैलरी और पूरी सैलरी जरूरतमंद मरीजों को दान देते थे। बताया जाता है कि 1997 में उनकी सैलरी 84,000 रुपये थी और अन्य भत्तों को मिलाकर ये एक लाख के ऊपर थी। हाथ में बैग, दूसरे में काली छतरी लिए हुए पैदल घर या बीएचयू हास्पिटल की ओर जाते हुए देखा जा सकता था जो शहर के होटल में 25 रुपए की थाली का खाना खाते देखा जाता था । सुधार के लिए सरकारी अस्पतालों में निजी अस्पतालों की तरह सुरक्षा व्यवस्था भी की जानी चाहिए जिससे दलाल किस्म के लोगों पर रोक लगेगी और वे मरीजों को अस्पताल की सुविधाओं के बारे में गाइड भी करेंगे ।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## ईरान : शिया धर्मगुरु ने नेतन्याहू ट्रंप के खिलाफ जारी किया 'फतवा'

**तेहरान(आईएएनएस)**



अयातुल्ला मकारिम शिराजी ने एक 'फतवा' जारी करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को 'ऊपर वाले का दुश्मन' बताया है। अयातुल्ला मकारिम शिराजी ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरुओं में से एक हैं। शीर्ष शिया धर्मगुरु ने अपने फतवे में कहा, "कोई भी व्यक्ति या शासन जो नेता या मरजा को धमकाता है, उसे ऊपर वाले का दुश्मन माना जाता है।

सेमी-ऑफिशियल मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, "रविवार को अपने ऑफिस के एक बयान में शिराजी ने दुनियाभर के मुसलमानों से ऐसी धमकियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने को कहा है। शिराजी ने कहा है कि अगर कोई मुस्लिम जो अपने मुस्लिम कर्तव्य का पालन करता है, उसे अपने अभियान में कठिनाई या नुकसान उठाना पड़ता है, तो उसे ऊपर वाले की राह में एक योद्धा के रूप में इनाम से नवाजा जाएगा। फतवे में कहा गया है, "मुसलमानों या इस्लामी देशों के जरिए उस दुश्मन को दिया जाने वाला कोई भी सहयोग या समर्थन हराम या निषिद्ध है। दुनियाभर के सभी मुसलमानों के लिए यह जरूरी है कि वह इन दुश्मनों को उनके शब्दों और गलतियों पर पछतावा करवाएं। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फतवा राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली अधिकारियों के ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ कथित धमकियों के बाद आया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने खामेनेई को शेष पेज 11 पर

# आम और खास ने हूल क्रांति के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## झामुमो ने हूल के नायकों को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** हूल दिवस पर झामुमो रांची जिला समिति ने कांके रोड स्थित सिदो कान्हू उद्यान अवस्थित सिदो कान्हू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनको नमन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय उपस्थित हुए और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय कहा कहा कि पार्टी की ओर से हम हूल दिवस पर सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलों झानो को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन करते हैं। हूल दिवस को हम क्रांति दिवस के रूप मे भी मनाते हैं, और इनके जो संघर्ष और कार्य रहे हैं विशेषकर आदिवासी और स्थानीय समुदाय लोगों के लिए साथ ही जो ऊर्जा भरने का कार्य किया है उस ऊर्जा से हम ये प्रण लेकर यहां से जाते हैं कि चाहे हम सत्ता मे रहे या ना रहे राज्य के लोगों के हक अधिकार के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, सोनू मुंडा आदि उपस्थित रहे।

## हूल दिवस पर परिचर्चा का आयोजन, शहीदों को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा हूल दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो सहित हज़ारों वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि हूल क्रांति वर्ष 1855 में सिदो और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल आदिवासियों द्वारा अंग्रेजों और ज़मींदारी अत्याचार के विरुद्ध प्रारंभ की गई थी। भोगनाडीह गांव से इस विद्रोह की शुरुआत हुई। यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को चुनौती दी। हूल क्रांति केवल कर या ज़मींदारी के शोषण के खिलाफ आंदोलन नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए जनजागरण का प्रतीक था। इसने आगे चलकर पूरे देश में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष की चेतना को प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित व्याख्याताओं ने बताया कि हूल क्रांति हमें सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता और अपने अधिकारों की रक्षा की प्रेरणा देती है।






## डीसी-एसएसपी ने सिदो-कान्हो को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** हूल दिवस पर सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री व डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सिदो-कान्हो पार्क में शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ शहीद सिदो-कान्हू द्वारा लड़ी गई लड़ाई हमारे लिए आदर्श है, उनके आदर्शों का अनुशरण करते हुए हमें समाज का नवनिर्माण करना है।

## हूल दिवस पर सिद्धू कान्हु की वीर गाथा को याद किया गया

**रांची/पिठौरिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्देशानुसार सोमवार को सम्पूर्ण झारखंड में सिद्धू कान्हु की वीर गाथा को याद करते हुए हूल दिवस उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। वहीं इस अवसर पर वसीम अकरम सदर अंजुमन फ़लाहुल मुस्लिमीन ऊपर कोनकी सह युवा नेता झा मु मो के आवासीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर वसीम अकरम ने कहा कि उनका देश के प्रति बलिदान झारखंड के साथ साथ देश कभी भूल नहीं पाएगा उनके वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश जिस दिशा में जा रहा है वैसी हलात में ऐसे ही वीर शहिदों की देश को जरूरत है। वसीम अकरम ने प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे वीर शहीदों के कारण ही हम झारखण्ड वासी अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि उनके बलिदान के कारण देश आज आजादी की गाथा गढ़ने में सफल रहा।



## हूल दिवस पर सरकार ने याद कराई अंग्रेजी बर्बरता : सनी टोप्पो

**रांची।** भोगनाडीह में हूल दिवस पर आदिवासियों पर हुई प्रताड़ना और बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कड़ी भर्त्सना की है। श्री टोप्पो ने कहा कि हूल क्रांति दिवस, जब हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजी सरकार को चुनौती दी थी। उसके खिलाफ क्रांति का बिगुल चुका था। यह हम सबके लिए प्रेरणा देने वाला दिन है। ऐतिहासिक दिन है। ऐसे दिन भोगनाडीह में कांग्रेस झामुमो की सरकार ने जो बर्बरता दिखाई है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह अब स्पष्ट हो चला है कि यह सरकार किसी की नहीं है। श्री टोप्पो ने कहा कि सिद्धू कान्हो जैसे बलिदानियों के परिवारजनों के साथ, वहां के ग्रामीणों के साथ जो प्रशासनिक बर्बरता हुई, यह बर्बरता अंग्रेजों के शासन की याद दिलाने वाला है। आदिवासियों के नाम पर सरकार चलाने वाली कांग्रेस झामुमो तानाशाही पर उतर आई है। श्री टोप्पो ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग सरकार से की है।



● भोगनाडीह में हुई घटना की न्यायिक जांच हो, दोषियों पर कार्रवाई करे सरकार

## सिद्धू- कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत को कभी स्वीकार नहीं किया : सुशील

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस)के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में 170वीं हूल दिवस मनाया गया । मोरहाबादी स्थित सिद्धू- कान्हू पार्क में बाबा सिद्धू- कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित के साथ झारखंड के सभी महापुरुष को याद किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि सिद्धू- कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत को कभी स्वीकार नहीं किया। सही अर्थ में कहा जाए तो यही हूल क्रांति का आह्वान था। रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव ने कहा कि हूल के बाद अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष शुरु हुआ था। संथाल हूल एशिया का सबसे बड़ा आंदोलन था. जिसमें कई गांव आंदोलन के लिए निकल पड़े थे। लेकिन जो शुरुआती आंदोलन था, वह अंग्रेजों के खिलाफ नहीं था। वह सबसे पहले साहूकारों और महाजनों के खिलाफ था। इसके बाद जब अंग्रेजों का अत्याचार बढ़ा, तब जाकर ये हूल आंदोलन अंग्रेजों के खिलाफ शुरु हुआ। डीएसपीएमयू इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा आज की पीढ़ी को इतिहास बताने की जरुरत है। उस समय जो आंदोलन हुए, उसमें लोग पहले साहूकारों के खिलाफ और उसके बाद अंग्रेजों के खिलाफ खड़े हुए और हूल आंदोलन सामने आया। मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव, डीएसपीएमयू इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की, अमित उरांव, छोटू उरांव, कर्मा उरांव,आनंद उरांव,प्रकाश उरांव,प्रदीप उरांव, पुष्पा उरांव,अनिकेत तिर्की, विष्णु कुमार, बिपिन मुंडा,अजय गाड़ी, जीनित खलखो, रमेश मुंडा पूर्व रातू प्रखंड अध्यक्ष, अमित तिग्गा रातू प्रखंड सचिव, सोनू मुंडा तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।




## सहकारिता के क्षेत्र में झारखंड को सहयोग की जरूरत : शिल्पी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 'सहकार से समृद्धि के उपलक्ष्य में सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों के मंत्रियों के साथ आयोजित मंथन बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस मंथन बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के परिपेक्ष्य में अपनी बातें रखी। कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में झारखंड एक पिछड़ा राज्य है और इस राज्य को विशेष सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को कई मामलों में नीतिगत हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। झारखंड जैसे प्रदेश जिसे तीसरी श्रेणी में रखा गया है, उन्हें सहकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए वर्किंग कैपिटल की जरूरत होगी, ताकि ट्रेनिंग सेंटर और क्षेत्रीय संस्थानों को विकसित किया जा सके। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए कहा कि पैक्स के द्वारा 10 प्रतिशत के अंशदान पर केंद्र सरकार गोदाम निर्माण करने की बात कह रही है, लेकिन झारखंड के लिए ये 10 प्रतिशत का अंशदान भी संभव नहीं है। राज्य के पैक्स उस स्थिति में नहीं हैं। केंद्र सरकार को गोदाम के निर्माण में 100 प्रतिशत का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर में 8 लाख को-ऑपरेटिव सोसाइटी है, लेकिन मात्र 15 सौ ही एसटी/एससी को-ऑपरेटिव सोसाइटी का संचालन हो रहा है। इनके चुनाव में हम एसटी/एससी आरक्षण की बात करते हैं। ये समाज काफी पिछड़ा है, इनके लिए कुछ नीतिगत हस्तक्षेप करने होंगे।

## कांग्रेस को हर स्तर पर सशक्त करने में जुटें : के. राजू

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू ने सोमवार को कहा कि वह कांग्रेस पार्टी को हर स्तर पर सशक्त करने में जुटे हुए हैं। पार्टी के अंदर के सिस्टम को सुदृढ़ किया जा रहा है। पिछले 4 महीने में झारखंड में रैली, धरना-प्रदर्शन से लेकर कई मुद्दों को उठाया जा रहा है। सरना कोड, पेसा कानून, जातिगत जनगणना, संविधान बचाओ यात्रा से लेकर अन्य मुद्दों पर आंदोलन हुए। सफल रैलियां हुईं। इसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से लेकर हर एक कार्यकर्ता तक लगे हुए हैं। पार्टी किसी एक आदमी पर निर्भर नहीं होती है। पंचायत, प्रखंड, जिला से लेकर राज्य स्तरीय कमेटियां काम करती हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। पार्टी का वोट प्रतिशत भी बढ़ा। पार्टी में किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी।



### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की एक और पहल

## राजधानी में खुलेगा रक्षा संपदा कार्यालय, नियुक्त होंगे अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अब झारखंड में रक्षा विभाग के जमीन से जुड़े किसी भी मामलों को लेकर बिहार नहीं जाना होगा। उसकी सुनवाई अब रांची में ही हो सकेगी। बहुत जल्द रक्षा संपदा विभाग का कार्यालय रक्षा मंत्रालय के द्वारा रांची में खोला जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर रक्षा मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। विदित हो कि झारखंड में रक्षा संपदा कार्यालय अब तक नहीं था। ना तो इसके किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति हुई थी। इस वजह से झारखंड में रक्षा भूमि से मामलों से जुड़े समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को बिहार के दानापुर में स्थित रक्षा संपदा कार्यालय जाना पड़ता था। सेना की जमीन से जुड़े मामले और ऐसे कई प्रकार की अनुमति लेने के लिए, नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेने के लिए लोग बिहार का चक्कर लगाते थे। झारखंड के लोगों को अब उससे मुक्ति मिल जाएगी। कई बार मुद्दों को सुलझाने में काफी समय लगता था, जिससे नागरिकों का असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस पूरे मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीरता दिखाई और भूमि संपदा के महानिदेशक से बातचीत की। रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि रांची में इसका उप कार्यालय खोला जाए। अविलंब इसका प्रस्ताव तैयार किया जाए। संजय सेठ की पहल पर रक्षा मंत्रालय ने इसकी त्वरित स्वीकृति प्रदान कर दी है। रांची में इसके लिए एक अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को नियमित आधार पर प्रतिनियुक्ति किए जाने को भी अनुमति प्रदान की गई। यहां कार्यालय खुलने के बाद रांची सहित झारखंड की जनता को सेना संपदा और जमीन से जुड़े मामले के समाधान के लिए बिहार का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी कि उनके समक्ष भी कई बार ऐसी समस्या आती थी कि लोगों को छोटे-छोटे मामलों के लिए बिहार के दानापुर जाना पड़ता था। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने इसकी पहल की है। जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। बहुत जल्द रांची में इसका उप कार्यालय खुलेगा और क्षेत्र की जनता को बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी।



● रक्षा संपदा और सेना की जमीन से जुड़े हर मामले का होगा समाधान

## झामुमो ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया हवन पूजन



नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को रातु रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर में झामुमो ने हवन पूजन कर शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सकुशल वापसी के लिए हवन पूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय उपस्थित हुए।

हवन पूजन के सफल संचालन मे मुख्य रूप से आशुतोष वर्मा एवं विक्की यादव का अहम योगदान रहा। इस हवन पूजन में केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, सोनू मुंडा, आदिल इमाम, जनक नायक, डॉ तालकेश्वर महतो, कुदूस अंसारी, आफताब आलम, अरुण वर्मा सहित अन्य शामिल थे।

## शराब घोटाला में आरोपी विनय सिंह को कोर्ट से राहत नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी और रांची के प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। इसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने केस डायरी जमा करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने एसीबी के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। साथ ही, अदालत ने विनय सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई है। एसीबी विनय सिंह के खिलाफ पूर्व में वारंट ले चुका है। शराब घोटाला की जांच में एसीबी ने विनय सिंह को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन विनय सिंह अब तक एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। ज्ञात हो कि झारखंड में एसीबी शराब घोटाला की जांच कर रही है। यह मामला 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़ा है।

## लाठीचार्ज आदिवासी अस्मिता पर हमला : विजय नायक

**रांची।** हूल दिवस पर भोगनाडीह में जुटे आदिवासियों पर पुलिस लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ने की घटना को लेकर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य सिदो-कान्हू की धरती और आदिवासी अस्मिता पर हमला है। नायक ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि आदिवासी समाज अब अन्याय सहन नहीं करेगा और संघर्ष जारी रहेगा।



## कोचिंग संस्थानों की फर्जी उपलब्धियों के प्रचार पर लगे रोक : अजय राय

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कोचिंग संस्थानों की फर्जी उपलब्धियों के प्रचार पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे फर्जी संस्थानों को बंद कराए। अजय राय ने सोमवार को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि शिक्षा को व्यापार बनाने वाले संस्थानों की गतिविधियों का खुलासा जरूरी है, ताकि छात्रों और अभिभावकों को गुमराह होने से रोका जा सके। राय ने कहा कि पिछले वर्ष पासवा ने दो कोचिंग संस्थानों पर गंभीर आरोप लगाए थे, पर जांच या निष्कर्ष सामने नहीं आए। ऐसी चुप्पी सोची-समझी साजिश भी हो सकती है। इससे ईमानदार प्रतिस्पर्धा खत्म होती है और छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ता है। उन्होंने सरकार के समक्ष कोचिंग संस्थानों के लिए कठोर नियमावली बनाने, फैकल्टी, फीस और परिणाम की जानकारी सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध करवाने, फर्जीवाड़ा करने वाले संस्थानों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने सहित एक स्वतंत्र निगरानी प्राधिकरण गठित कर सलाना समीक्षा किए जाने की मांगें रखी हैं।

**बर्बर कार्रवाई** हूल दिवस पर भोगनाडीह में लाठीचार्ज पर बाबूलाल मरांडी ने कहा

# बर्बर अंग्रेजी हुकूमत के दौर की यादें ताजा हो गईं

**बाबूलाल ने कहा-**

- आदिवासी समाज पर लाठीचार्ज व आंसू गैस का प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण
- यह दमनकारी घटना बनेगी हेमंत सरकार के पतन का कारण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को भोगनाडीह में हूल दिवस के दिन आदिवासी समाज के ऊपर हुए बर्बर लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा की है। मरांडी ने कहा कि हूल दिवस के पावन अवसर पर भोगनाडीह में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की घटना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बर्बर कार्रवाई में कई ग्रामीण घायल हुए हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज एसपी से दूरभाष पर पूरी घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि आज की यह बर्बरता अंग्रेजी हुकूमत के दौर की यादें ताजा कर दी है। हूल क्रांति की भूमि पर, छह पीढ़ियों के बाद एक बार फिर सिदो-कान्हू के वंशजों को अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध सड़क पर उतरना पड़ा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दरअसल, घुसपैठियों की गोद में बैठी राज्य सरकार नहीं चाहती कि झारखंड का आदिवासी समाज अपने पुरखों की वीरगाथाओं और बलिदानों से प्रेरित होकर अपनी अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित हो। उन्होंने कहा, लेकिन सरकार की यह साजिश कभी सफल नहीं होगी। जिस तरह वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो ने हूल क्रांति के माध्यम से अंग्रेजी सत्ता की नींव हिला दी थी, उसी तरह आज भोगनाडीह में लाठीचार्ज की दमनकारी घटना हेमंत सरकार के पतन का कारण सिद्ध होगी।

### कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा : झामुमो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा हूल दिवस के दिन भोगनाडीह की घटना को लेकर राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों पर झामुमो ने हमला बोला है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने जारी प्रेस वक्तव्य में कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। किसी को भी इसे हाथ में लेने की इजाज़त नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया था, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश की गई। ऐसे हालात में प्रशासन ने संयम और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की, ताकि माहौल और बिगड़ने से रोका जा सके। सरकार से असामाजिक तत्वों की जरूर पहचान करेगी और ऐसे लोगों का पर्दाफाश किया जाएगा। झामुमो की अगुवाई वाली सरकार में विभाजनकारी ताकतों को कभी भी सिर उठाने नहीं दिया जाएगा। ये सब भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों में ही देखने को मिलता है। चंद लोगों की नादानी के कारण पूरे राज्य की जनता की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला जा सकता। प्रवक्ता श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा जानबूझकर भ्रामक प्रचार कर रही है और झूठे आरोपों के ज़रिए लोगों को भड़काने की कोशिश कर रही है। राज्य में कानून का शासन है। भाजपा को चाहिए कि वह गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका छोड़कर रचनात्मक सुझावों और जनहित के मुद्दों पर बात करे। उन्होंने कहा कि झामुमो और हेमंत सोरेन सरकार ने हमेशा आदिवासियों के इतिहास, अस्मिता और अधिकारों की रक्षा को सर्वोपरि रखा है। भाजपा का यह आरोप कि सरकार आदिवासियों की भावनाओं को कुचल रही है, पूरी तरह तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण है। हूल दिवस हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इसका राजनीतिक उपयोग करना बेहद शर्मनाक है। विनोद पांडेय ने दो टूक कहा कि जो भी व्यक्ति या संगठन कानून को अपने हाथ में लेगा, उस पर नियमानुसार कार्रवाई होगी - चाहे वह किसी भी विचारधारा या दल से जुड़ा क्यों न हो। हम लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं, लेकिन अराजकता की इजाज़त नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## विकास के नाम पर आदिवासी अस्मिता पर हमला बर्दाश्त नहीं : राफिया नाज

- स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने में विफल
- मेडिकल कॉलेजों की बदहाली

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार पर आदिवासी अस्मिता और आजीविका पर हमला करने का आरोप लगाया है। कहा कि सरकार विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन हड़प रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की हालत खस्ता है। नगड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित रिम्स पार्ट-2 के लिए ग्रामीणों को उनके खेतों में धान लगाने से रोका गया है। यह घटना सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है।

झारखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में विफल रही है। जिले-दर-जिले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हैं और हजारों पद खाली हैं। 3497 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में 70% बिना भवन के हैं और 5300 से अधिक चिकित्सा पदों में 4000 से ज्यादा खाली हैं। झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मरीजों को चारपाई पर ढोकर अस्पताल ले जाया जा रहा है।

राफिया नाज ने हजारीबाग और दुमका मेडिकल कॉलेजों की बदहाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, हजारीबाग में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही आधुनिक उपकरण। फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दुमका की स्थिति भी चिंताजनक है।

## बच्चा 15 या 18 साल का... झगड़े में 1.80 लाख रुपए दे चुका आयुष्मान कार्डधारी

# 15.5 साल के आयुष्मान कार्डधारी बच्चे के इलाज का पूरा पैसे लेने पर अड़ा है रानी अस्पताल

- **बोर्ड में बड़े अक्षरों में लिखा है 18 साल का इलाज करते हैं और अंदरूनी पॉलिसी बताकर पांच महीना बड़ा बता रहे हैं**

**मनोज मिश्रा। रांची।** राजधानी रांची के अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के बड़े-बड़े होर्डिंग्स के जरिए प्रचार तो जोर-शोर से किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। मरीजों को योजना का लाभ देने के बजाय उन्हें गुमराह कर आर्थिक दोहन किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला लोहरदगा के निंगनी गांव के संतोष साहू ने उजागर किया है। संतोष साहू ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने पुत्र जयंत सुजल का इलाज रांची के रानी हॉस्पिटल में कराने के लिए 20 जून को भर्ती कराया था। अस्पताल दुखहरन चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत संचालित है और आयुष्मान भारत योजना के लाभ देने का प्रचार खुलेआम करता है। लेकिन जब उन्होंने अबुआ स्वास्थ्य साथी (आयुष्मान) कार्ड दिखाकर इलाज की मांग की, तो हॉस्पिटल प्रबंधन ने साफ इनकार कर दिया और योजना के तहत इलाज देने से मना कर दिया। पीड़ित संतोष साहू ने कहा कि हॉस्पिटल के बाहर बड़े-बड़े पोस्टर लगे हैं कि आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन जब जरुरत पड़ी तो हमें उसका लाभ नहीं दिया गया। उन्होंने इसकी शिकायत सिविल सर्जन रांची, आयुष्मान भारत हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल सहित तमाम स्तरों पर की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। निराश संतोष साहू ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। यह मामला न केवल योजना के दुरुपयोग, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के साथ अन्याय और धोखाधड़ी का प्रतीक बन गया है। सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना, जिसका उद्देश्य हर जरूरतमंद को मुफ्त इलाज देना है, यदि इसी तरह निजी अस्पतालों की लालच और लापरवाही की भेंट चढ़ेगी, तो इसका मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा।

## क्या है मामला

लोहरदगा जिले के ग्राम निंगनी निवासी संतोष साहू अपने पुत्र का इलाज रांची के रानी अस्पताल में करा रहे हैं। इनका पुत्र जयंत सुजल जहर खा लिया था। आनन-फानन में ये अपने पुत्र के इलाज के लिए मजबूरी में कैश देकर इलाज की शुरूआत कराए। रानी अस्पताल में आयुष्मान योजना का बोर्ड देखा और दूसरे बोर्ड में लिखा था कि 18 वर्ष तक के बच्चे का इलाज होता है। बस इनको भरोसा हो गया कि अब इनके बच्चे का इलाज हो जाएगा पास में पैसे हो या न हो। लेकिन जब अस्पताल प्रबंधन ने अलग-अलग विषयों पर पैसे के भुगतान करने की बात कही तो इन्होंने आयुष्मान कार्ड का जिक्र किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आपके बच्चे का इलाज आयुष्मान से नहीं हो सकता क्योंकि जयंत सुजल 15 वर्ष पांच महीना का हो गया है और हमारे यहां 15 वर्ष तक के बच्चे का ही इलाज होता है। फिर क्या था संतोष साहू पर तो मुसीबत का पहाड़ टूट गया एक तो इनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। रहने का घर नहीं है, 23 जनवरी 2020 को दंगाईयों ने इनके घर को जला दिया था तब से घर विहीन है। गांव में ही इनके एक शुभचिंतक ने तब तक अपने घर में रहने के लिए जगह दी है जबतक संतोष साहू का अपना घर नहीं हो जाता। बच्चा 15 साल का है या 18 साल का इस झगड़े में अभी तक 1,80,000 रूपये आयुष्यमान कार्डधारी जयंत सुजल के पिता रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भुगतान कर चुके हैं, अब और पैसे देने की बात है। साढ़े 15 साल के आयुष्मानकार्ड धारी बच्चे के इलाज का पूरा पैसे लेने पर रानी अस्पताल अड़ा है। बोर्ड में बड़े अक्षरों में लिखा है 18 साल का इलाज करते हैं और अंदरूनी पॉलिसी बताकर पांच महीना बड़ा बता रहे हैं और बाकी बिल भुगतान करने कह रहे हैं जिससे वे बड़े आहत हैं और सिविल सर्जन से लेकर आयुष्मान योजना के संपर्क नंबरों पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई राहत उन तक नहीं पहुंची है।




## पीड़ित परिवार की मांग



मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। अस्पताल से वसूली की जाए या मुआवजा दिलाया जाए। आयुष्मान कार्डधारियों के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू हो। यह सिर्फ एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि उन हजारों जरूरतमंदों की आवाज है, जिन्हें आयुष्मान योजना के नाम पर छल किया जा रहा है।

## नॉम्स में होगा तो लाभ मिलेगा : स्वास्थ्य मंत्री



राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र के संवाददाता ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से इस संबंध में सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि अगर नोम्स में होगा तो लाभ मिलेगा, उसे मेरे पास भेज दें।

## रोमी झुनझुनवाला ने सेवा सदन को दिए पांच व्हील चेयर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन में सोमवार को रोमी झुनझुनवाला ने स्व. ओम प्रकाश झुनझुनवाला की पुण्य स्मति में सदन को पांच व्हील चेयर प्रदान किया। इस अवसर पर नीतुमणी गोस्वामी, जोनल डायरेक्टर, आमेजान, सदन के सचिव आशीष मोदी, कोषाध्यक्ष अरूण खेमका, सहायक सचिव विजय कुमार साबू, आलोक तुलस्यान इत्याादि उपस्थित थे। सदन परिवार ने इसके लिए आभार जतातया है। यह जानकारी मानद सचिव आशीष मोदी ने दी।

## समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट ने कराई पेंटिंग प्रतियोगिता



**रांची।** सोमवार को समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट कि ओर से पतरा गोंदा कूटा टंगरा गांव में मानसून पर पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण बच्चों ने इस पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के ट्रस्टी आनंद केडिया, स्मिता केडिया, उमेश केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, वरिष्ठ चित्रकार कृष्णा प्रसाद, राजन मुंडा, आनंद सिंह, गौतम शर्मा सहित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेताओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया।
इस अवसर संस्था द्वारा सैकड़ों बच्चों को पेंसिल, रबर, कटर सहित कई शिक्षण सामग्रियों तथा बच्चों के बीच टोफी, बिस्किट एवं केक का भी वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉली झा, आकाश झा, अजय महतो,सुशील लकड़ा सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।
पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है।

## सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी प्राप्त करें : मनपूरण नायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर मेला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनपूरण नायक ने कहा कि यह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का मंच है। आपलोग सिर्फ गीत संगीत और मनोरंजन के साथ ही ना रहे बल्कि सरकार के विभिन्न जनोपयोगी विषयों में जानकारी दिया जा रहा है उसका भी लाभ ले। इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन कराने एवं कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवम सूचना एवम जनसंपर्क विभाग को धन्यवाद दिया आज के इस प्रचरात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम में चौथे दिन की शुरुआत मनभावन कला मंच कालिंदी कुमारी, आदिवासी छऊ नृत्य पार्टी सोनाहातू के छोटू सिंह मुंडा एवम् ग्रामीण लोक संस्कृति के गंगी बाला कुमारी ने पंचप्रगनिया भाषा मे नशा उन्मूलन पर गीत संगीत एवम नुकड़ नाटक प्रस्तुत किया।

## आनेवाले वर्षों में वियतनाम के साथ हमारे व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे : आदित्य मल्होत्रा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** वियतनाम के व्यवसायिक दौरे पर गए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची वापस लौटा। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार और प्रवीण जैन छाबड़ा ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और चैंबर के इस दौरे को झारखंड के उद्योग-व्यापार जगत के लिए उपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर की इस पहल से वियतनाम के साथ व्यापारिक और निवेश साझेदारियाँ मजबूत होंगी और झारखंड के उद्योग-निवेश को नए अवसर मिलेंगे। राज्य के आर्थिक गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु उन्होंने हर एक नियमित अंतराल पर व्यापारिक दौरे को भी जरुरी बताया। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि हमें भरोसा है कि आनेवाले वर्षों में वियतनाम के साथ हमारे व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे, जिससे राज्य के उद्यमियों को नई संभावनाएँ प्राप्त होंगी।




**रांची।** विद्युत शक्ति उपकेंद्र- रांची सदर से निकलने वाले 11 केवी चडरी फीडर में मंगलवार को दिन के 02 बजे से 04 बजे तक यूजी केबल से संबंधित कार्य किया जाएगा। इसलिए इस दौरान थड़पखना, एचबी रोड, चडरी, बीएसएनएल इत्यादि मुहल्लों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।
विद्युत शक्ति उपकेंद्र- पॉलिटेक्निक से निकलने वाले 11 केवी मेन रोड फीडर में मंगलवार को दिन के 10.30 बजे से 12.30 बजे तक यूजी केबल से संबंधित कार्य किया जाएगा। इसलिए इस दौरान अंजुमन कॉलोनी, कोइनका रोड, कोइनका सिरमटोली, सेंट्रल स्ट्रीट, इमली टोला, चर्च कॉम्प्लेक्स, सैनिक मार्केट, बेलियर अपार्टमेंट, राज हॉस्पिटल, रोसपा टावर, कैपिटल हिल इत्यादि मुहल्लों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भूमि विवाद में बढ़ती हत्याओं पर रोक के लिए सरकार का बड़ा कदम

# भूमि व्यवसाय में अपराधिक तत्वों के जिलाबदर की प्रक्रिया पर चल रहा है काम

**रांची।** जब भी राजधानी में कोई हत्या होती है तो लोगों के मन में सबसे पहला सवाल होता है कि यह जमीन विवाद का मामला तो नहीं? क्योंकि लगभग घटनाओं में से आधी घटनाएं जमीन विवाद से जुड़ी होती है। आमतौर पर शांत रहने वाले झारखंड में अचानक जब कोई गोली या बम की आवाज गूंजती है तो आमलोगों में डर का माहौल बनता है, और झारखंड की बदनामी होती है तो उसके मूल में कहीं न कही भूमि विवाद होता है। 1932 के बाद आज तक सर्वे सेटलमेंट पूर्ण नहीं हुआ है। जिस कारण झारखंड कि राजधानी रांची में जमीन विवाद में कई जाने गई हैं। कई मामले तो ऐसे हैं जिसमे कई परिवार तबाह हो गए। नवीन मेल ने भी कई बार इन मुद्दों को उठाया है। वहीं, प्रशासन ने काफी सराहनीय कदम उठाया है जहां वैसे जमीन कारोबारी जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं, उन्हें चिह्नित कर लिस्टिंग की जा रही है। जिस जमीन कारोबारी के खिलाफ 5 या अधिक आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं, उसे जिला बदर करने की तैयारी की जा रही है।



### जवाब संतुष्टिपूर्ण नहीं होने पर किए जाएंगे जिलाबदर : सिटी एसपी



सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि किसी भी जमीन मामले से जुड़ा व्यक्ति जिस पर अपराधिक धाराएं चल रही हो वह इस कार्रवाई के दायरे में आएगा। जिले में शांति भंग कर रहे लोगों के लिए यह प्रक्रिया शुरू कि गई है। वहीं यदि किसी जमीन कारोबारी या व्यक्ति को लगे कि उस पर गलत आरोप लगाये जा रहे तो उसे उपा युक्त कोर्ट में सफाई का मौका दिया जायेगा जिसमे सफाई संतुष्टि पूर्ण नहीं रहा तो जिलाबदर किया जाएगा।

### समाज में अशांति फैलाने वालों से मिलेगी राहत : विवेक



अधिवक्ता विवेक ने कहा कि यह जिला प्रशासन का सराहनीय कदम है। इससे शांति पूर्ण कारोबार करने वाले जमीन कारोबारियों को भी राहत मिलेगी। वहीं जिन कारोबारियों के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं या गुंडा प्रवृति के हैं जिनसे समाज में अशांति फैलती है उनके खिलाफ यह कार्रवाई बेहतर है।

## भूमी विवाद में राजधानी रांची में हुई प्रमुख हत्याएं

1. रांची के नामकुम के रहने वाले मधुसूदन राय (अब मृत) और उनके गोतिया उमेश राय के बीच पिछले 24 सालों से 8 एकड़ जमीन को लेकर जो दुश्मनी शुरू हुई उसमें दोनों के परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गए।
2. डेढ़ एकड़ जमीन के लेन-देन को लेकर हत्या हुई थी। जमीन मालिक बंधना उरांव और छोटू कच्छप के बीच जमीन की बिक्री को लेकर एक एकरारनामा हुआ था। लेकिन जब बंधना उरांव ने जमीन का पूरा मूल्य मांगा तो विवाद गहराता चला गया और बात हत्या पर ठहर गई।
3. कांके डैम साइड में जमीन कारोबारी रमेश उरांव की हत्या की जांच में पुलिस जुट गई है। रमेश के साथ काम करने वाले ने ही हत्या की घटना को अंजाम दिया है। विवाद की वजह से हत्या हुई है।
4. जमीन विवाद में डबल मर्डर का मामला भी सामने आया है। जिसमे दोनों ही हत्याएं सेना से चुराई गई एके-47 से की गई थी। इस हत्या में सेना के एक जवान और एक अन्य लोग शामिल थे।
5. जमीन विवाद में नेताओं की भी हत्याएं आम हो गई। रांची के भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या एक जमीन मामले कर डी गई थी। 10 एकड़ जमीन के विवाद में सुपारी देकर भाजपा नेता कि हत्या करवाई गई थी। ऐसे कई मामले हैं जिनमे भूमि विवाद को लेकर हत्याएं हुई है।



# 1857 के सिपाही विद्रोह के दो साल पहले ही हूल क्रांति का आगाज हुआ था : कैलाश

नवीन मेल संवाददाता




बेड़ो। बेड़ो के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में आज 'हूल दिवस' (संथाल हूल दिवस) बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश के महान क्रांतिकारियों और विशेष रूप से हूल विद्रोह के नायक सिदो-कान्हू, फूलो झानो की शहादत को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिदो-कान्हू के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके अमर बलिदान को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बच्चों को सिदो-कान्हू के जीवन और उनके संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि वे देश के इन वीर सपूतों के त्याग और शौर्य से प्रेरणा ले सकें। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने बच्चों को 'हूल विद्रोह' के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे 1857 के सिपाही विद्रोह के दो साल पहले ही 1855 में सिद्धों और कान्हू और फूलो-झानो के नेतृत्व में संथाल आदिवासियों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और जमींदारी प्रथा के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह छेड़ा था।

प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि यह विद्रोह न केवल अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का एक प्रतीक था, बल्कि इसने स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्राचार्य कैलाश कुमार ने विद्यार्थियों से अपील की।

## चंद्र प्रकाश चौधरी ने शिबू सोरेन का हाल जाना



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आज सर गंगा राम अस्पताल जाकर झामुमो सुप्रीमो व राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का हाल जाना। उन्होंने मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत की। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि शिबू सोरेन स्वस्थ होकर झारखंड लौटेंगे। मौके पर राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद मौजूद थे।

## डॉ बीपी केसरी की 92वीं जयंती समारोह आज



**पिठोरिया।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, वरिष्ठ इतिहासकार, पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी डॉ बीपी केसरी की 92वीं जयंती मंगलवार को पिठोरिया पंचायत सचिवालय में मनाई जाएगी। समारोह का आयोजन रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा और पिठोरिया ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। जयंती समारोह पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। आयोजन रांची सहित कई जिलों में झारखंडी संस्कृति और इतिहास को केंद्र में रखकर किया जाएगा। समारोह में विभिन्न झारखंडी संगठनों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और डॉ. केसरी के अनुयायियों की भागीदारी होगी। इस अवसर पर डॉ. केसरी के योगदान को याद करते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। साथ ही रक्त दान शिविर और पौधरोपण का कार्यक्रम भी होगा। यह जानकारी अनिल कुमार अलीन ने दी।

## सीयूजे में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर विशेष कार्यक्रम



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के सांख्यिकी विभाग एवं गणित विभाग द्वारा चेरी-मनातू परिसर में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञानवर्धक व्याख्यानों और संवाद सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। प्रो. केबी पंडा, नैक प्रमुख, ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के योगदान और भारत में सांख्यिकी के विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी राउरकेला से प्रो. सुचंदन कायल थे।

## उरांव समाज संघ का मना 78वां स्थापना दिवस

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) आदिवासी उरांव समाज संघ का 78वां स्थापना दिवस सोमवार को पिल्लई टाउन हॉल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की सांस्कृतिक एकता, शिक्षा और प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी (जगन्नाथपुर) महेंद्र छोटन उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील खलको और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी मौजूद रहे। समारोह में अध्यक्ष संचू तिर्की ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया।

## सामाजिक चेतना के लिए एक और हूल चाहिए : सुदेश



**रांची।** आजसू पार्टी के द्वारा सोमवार को पूरे राज्य में जिला स्तर पर हूल दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची के सिदो–कान्हू पार्क में हुआ। आजसू प्रमुख सुदेश महतो आजसू नेताओं के साथ सिदो–कान्हू पार्क पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किया। उनके साथ मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, जिप अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत समेत कई नेताओं ने भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि हूल विद्रोह केवल आदिवासी समाज का आंदोलन नहीं था, बल्कि यह देश में आजादी की लड़ाई का पहला शंखनाद था।

## आजादी की गाथा गढ़ने में सफल रहा देश : सांसद

**खूंटी।** झारखंड में सिदो कान्हू की वीरता की गाथा को याद करते हुए हूल दिवस पर कार्यकर्ताओं ने सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में सोमवार को शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि ऐसे वीर शहीदों के कारण ही हम झारखंड वासी अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि उनके बलिदान के कारण देश आज आजादी की गाथा गढ़ने में सफल रहा।

### 208 सफाईमित्रों के बीच स्वच्छता किट वितरित

# स्वच्छता की असली रीढ़ हमारे सफाई मित्र हैं : निलेंदु

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** सीसीएल में 16 से 30 जून तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के सफल समापन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न कार्यस्थलों पर कार्य कर रहे 208 सफाईमित्रों को स्वच्छता किट वितरित की गई। इस किट में एप्रन, हैंड टॉवल, सैनिटाइज़र, दस्ताने, साबुन और मास्क शामिल थे।

अवसर विशेष पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्रा, एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित होकर अपने करकमलों से सफाईमित्रों को स्वच्छता किट प्रदान की। इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने उपस्थित सफाईमित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, "स्वच्छता की असली रीढ़ हमारे सफाईमित्र हैं, हर दिन मेहनत करते हैं और हमारे कार्यस्थलों को स्वच्छ बनाए रखते हैं।

उन्होंने सफाईमित्रों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पखवाड़ा सिर्फ एक प्रतीकात्मक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जागरूकता का माध्यम है जिससे हम स्वच्छता के प्रति अपने दृष्टिकोण को मजबूत कर सकते हैं। निदेशक (कार्मिक) एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) ने भी सफाईमित्रों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे इसी भावना के साथ आगे भी स्वच्छता मिशन में योगदान देते रहें। सीसीएल परिवार की ओर से यह प्रयास न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम है, बल्कि सफाईमित्रों के योगदान को सम्मानित करने की एक विनम्र कोशिश भी है।

## निगम ने पहली तिमाही में किया रिकॉर्ड 39.33 करोड़ कर संग्रह

**रांची।** रांची नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड राजस्व संग्रहण किया। निगम ने मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 39.33 करोड़ संपत्ति कर की वसूली की है, जो बीते तीन वित्तीय वर्षों में सर्वाधिक है। निगम के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 76,527 करदाताओं ने कुल 32.93 करोड़. राशि का भुगतान घृतिकर के रूप में किया था। जबकि, 2023-24 में 72,435 करदाताओं ने 27.04 करोड़ और 2022-23 में 21.90 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान घृतिकर के रूप में किया गया था। निगम के अनुसार, यह झारखंड राज्य में अब तक की सर्वाधिक तिमाही वसूली है। निगम ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 30 जून तक एकमुश्त टैक्स भुगतान पर अधिकतम 10% की छूट देने की योजना चलाई गई थी, जिससे करदाताओं में जागरुकता और सहभागिता बढ़ी। इसके अलावा यह भी बताया कि घृतिकर संग्रहण के विभिन्न माध्यमों में डिजिटल पेमेंट से 22,945 करदाताओं ने 12.52 करोड़ का भुगतान किया।

## युवक को मार कर दफनाया हुआ शव बरामद

**अड़की।** थाना अंतर्गत हाड़ामलामा में पुलिस ने एक युवक का सड़ी गली शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय एसी हालू पिता एसी लक्ष्मण रूप में हुई है, जो हाड़ामलामा कोचा टोला का निवासी था।परिजनों के अनुसार,एसी हालू बीते गुरुवार को एक शादी के भोज में गया था। उसके बाद से वह लापता था। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में बड़ेबुरु पहाड़ के जंगल के बीचों बीच हाथ पैर बांधे उसकी सड़ी गली शव दफनाया हुआ मिला। कई दिन बीत जाने के कारण शव से दुर्गंध भी काफी आ रही थीं ।प्रथमदृष्ट्या शव को देखने के बाद पता चल रहा था ।हत्या किसी तेज धार हथियार से सिर में मारकर की गई है ।जिसके बाद स्वजनों द्वार इसकी सूचना अड़की पुलिस को दी करवाई के तहत अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी एवं अड़की अंचल अधिकारी तृप्ति विजिया कुजूर घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया है।

### नशा उन्मूलन पर डालसा का कार्यक्रम

# अफीम और पोस्ता के उत्पादन पर हो सकती है सजा : राजेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झालसा के निर्देश पर सोमवार को संत जेवियर स्कूल, धुर्वा में छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिपूटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा और एनसीबी के मनोहर मंजुल, सीआईडी के एसआई. रिजवान अंसारी स्कूल के शिक्षकगण समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है और नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिए जा रहे लालच में न आएं। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा।

अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्ज़े पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रूप्ये के जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। एनसीबी के मनोहर मंजूल ने कहा कि झारखंड में नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह क़ानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए ज़िम्मेदार है। सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बताया।

## निगम ने पंडरा बाजार में सड़क-दुकानों में लगे अवैध बोर्ड-होर्डिंग्स हटाए

**रांची ।** रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम की ओर से सोमवार को पंडरा बाजार समिति क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स, बोड्र्स और अतिक्रमण कर बनाई गईं दुकानों को जेसीबी मशीन से हटाया। टीम ने अवैध तरीके से लगाए गए टीन शेड, बैनर और दुकानों के आगे फैले सामान को भी हटाया। साथ ही परिसर में अतिक्रमण कर बनाई गई कई दुकानों को तोड़ दिया।

## 1.35 करोड़ के डोडा के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू चौक के पास खूंटी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक करोड़ 35 लाख 550 रुपये का 909 किलोग्राम डोडा लदा ट्रक जब्त किया है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के बैरुली गांव निवासी दो तस्करों जीतेन्द्र पाल उर्फ अनिल कुमार और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए दोनों तस्कर एक ट्रक में मूढ़ी के नीचे छिपाकर 909.57 किलोग्राम डोडा ले जा रहे थे। यह जानकारी खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने सोमवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक (यूपी 25 सीटी 0437) में डोडा मारंगडीह से सेरेंगहातू की ओर ले जाया जा रहा है।इसके बाद एसडीपीओ वरुण रजक और एसएसबी 26वीं वाहिनी एफ समवाय के निरीक्षक अमल सेन के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने सोमवार की भोर में सेरेंगहातू चौक के पास बैरिकेडिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया। सोमवार की भोर चार बजे एक ट्रक आता दिखाई दिया। टीम ने टॉर्च से ट्रक को रुकने का संकेत दिया। ट्रक रुकते ही उसमें सवार दो युवक भागने लगे जिन्हें पीछा कर पुलिस ने धर दबोचा।

### बैठक | पत्थर व्यवसायियों ने प्रति ट्रिप चलान 1200 रुपए यूजर चार्ज लेने का किया विरोध

# सरकार ने पत्थर व्यवसायियों पर टैक्स लगाकर जनता पर बोझ डाला : पंकज

- पूरे मामले को लेकर पत्थर व्यवसायी संघ का एक प्रतिनिधित्व मंडल सीएम से मुलाकात करेंगे

नवीन मेल संवाददा



**रांची।** पथ निर्माण विभाग द्वारा झारखंड में खनिजों की सड़क मार्ग से दुलाई पर प्रति ट्रिप 1200 रुपए कंपोजिशन यूजर करने के विरोध में झारखंड पत्थर व्यवसाय संघ ने रांची जेएससीए स्टेडियम के हॉल में बैठक की। झारखंड पत्थर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में आए राज्यभर के पत्थर व्यवसायियों ने खनिजों की ढुलाई पर प्रति ट्रिप चलान 1200 रुपए यूजर चार्ज लेने का विरोध किया। झारखंड पत्थर व्यवसायी संघ के सचिव पंकज कुमार सिंह ने यूजर चार्ज को जेम पोर्टल व चालान से जोड़ने का विरोध करते हुए बताया कि झारखंड सरकार द्वारा 1200 रूपए कंपोजिशन चार्ज लेने का निर्णय लिया गया है। जिसके विरोध में राजभर के पत्थर व्यवसायियों के साथ बैठक किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी पूरा मामला हाईकोर्ट में चल रहा है।

बताया कि पूरे मामले को लेकर पत्थर व्यवसायी संघ का एक प्रतिनिधित्व मंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। साथ ही हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर करेंगे। कहा कि सरकार ने पत्थर व्यवसायियों पर टैक्स लगाकर जनता पर बोझ डाल दिया है। मौके पर सतीश तिवारी,नितेश शारदा, गोपी साधवानी, गोरख विरानी, आलोक रंजन, प्रेम रंजन सिंह , जय शंकर कुमार, साजिद खान, मोहन लाल जैन, जयदीप अग्रवाल, एवं अन्य पत्थर व्यवसाय मौके उपस्थित थे। **क्या है मामला :** पथ निर्माण विभाग द्वारा झारखंड में खनिजों की सड़क मार्ग से ढुलाई पर प्रति ट्रिप 1200 रुपये कंपोजिशन यूजर चार्ज लागू कर दिया गया है। इसकी वसूली भी शुरू हो गयी है। यूजर चार्ज लेने के लिए खान विभाग द्वारा जारी चालान से इसे जोड़ दिया गया है। यानी जितने चालान निर्गत होंगे, उनमें 1200 रुपये प्रति चालान पथ निर्माण विभाग वसूलेगा। झारखंड में कोयला, लोहा, पत्थर, बॉक्साइट, बालू व अन्य खनिजों के प्रतिदिन औसतन 25 हजार चालान निर्गत होते हैं। इससे पथ निर्माण विभाग को प्रतिदिन करीब तीन करोड़ रुपये की आय होगी। यह राशि झारखंड हाइवे फी (डिटरमिनेशन ऑफ रेट्स एंड कलेक्शन) अमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत ली जा रही है। 13 मई 2025 की तिथि से यह प्रभावी है। नौ टन से अधिक खनिज परिवहन करनेवाले वाहनों से 1200 रुपये प्रति ट्रिप लिये जायेंगे। इससे कोयला, पत्थर और बालू जैसी निर्माण सामग्री की कीमतों में इजाफा हो सकता है।खनिज परिवहन के दौरान यूजर चार्ज नहीं देते हैं तो 2400 देने होंगे जुर्माना। नियमावली में प्रावधान किया गया है कि कोई खनिज परिवहन के दौरान यूजर चार्ज नहीं देता है, तो उस पर उतनी ही राशि का जुर्माना किया जाएगा। यानी कि 1200 रुपये यूजर चार्ज व 1200 रुपये फाइन समेत कुल 2400 रुपए देने होंगे। **जेम पोर्टल से जोड़ने का निर्देश :** पथ निर्माण विभाग द्वारा खान सचिव को लिखे पत्र में यूजर चार्ज को जेम पोर्टल के माध्यम से करने का आग्रह किया गया था। इसके बाद 24 जून को खान निदेशक राहुल सिन्हा ने खनिजों के परिवहन में यूजर चार्ज जेम पोर्टल के माध्यम से करने का निर्देश दिया है।

# न्यूज बॉक्स

## शेख भिखारी चौक पर हुआ नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन शेख भिखारी चौक पर जिला परिषद के पूर्व उम्मीदवार सह समाजसेवी प्रकाश महतो के द्वारा नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बताते चलें कि शेख भिखारी चौक का ट्रांसफार्मर विगत 15 दिनों से खराब था जिससे मोहल्ला में पूरा अंधकार छाया हुआ था। सिल्ली विधायक एवं प्रकाश महतो के प्रयास से नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था हो पाई।परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर 200 केवि का नया ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर लगवाया। ट्रांसफार्मर के लगते ही लोगों ने राहत की सांस ली और और खुशी जाहिर करते हुए आपस में मिठाइयां बांटी।इधर भारी बारिश के होने से क्षेत्र पूरा अंधेरा में डूबा था और कुटीर उद्योग समेत कई अन्य व्यवसाय ठप हो गया था जिससे लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया था साथ ही बच्चों के पढ़ाई लिखाई में प्रतिकूल असर पड़ रहा था।वहीं प्रकाश महतो ने बताया कि काफी प्रयास के बाद नया ट्रांसफार्मर इटकी से लाया गया। इस मौके पर डिस्को महतो,श्रवण महतो,मुख्तार अली,महबूब,मंजूर,रंजीत महतो सुभाष महतो,लंबु महतो,नायशु मोमिन,मेघा महली समेत दर्ज़नो ग्रामीण मौजूद रहे।

## उमाशंकर साहु आठ वर्षों में दर्जनों लोगों की जान बचा चुके हैं




**लापुंग ।** चाहे अपना कितना भी बड़ा काम हो अगर रास्ते में कहीं भी कभी भी एक्सीडेंट में सड़क पर पड़े हुए घायल मिल जाय तो उनको सबसे पहले अस्पताल पहुंचाना और उनकी जान बचाना उमाशंकर साहु का पहला फर्ज है। लापुंग प्रखंड के डिम्बा गांव के रहने वाले उमाशंकर साहु आर्मी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर समाजसेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। अब तक उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल दर्जनों लोगों की जान बचायी है। हालांकि ऐसे काम में बेडो.के अमन गुप्ता और बारीडीह के संजय कुमार रॉय भी पीछे नहीं हैं। लेकिन उमाशंकर साहु का कोई जवाब नहीं है। रांची सहित गुमला और खूंटी जिले के लापुंग, बेडो, भरनो, सिसई, कर्रा सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में आने जाने के क्रम में लगभग आठ वर्षों में उमाशंकर साहु सैकड़ो सड़क दुर्घटना में पड़े घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि 2017 में उनकी पोस्टिंग चंडीगढ़ में थी। इसी वर्ष डिम्बा से रांची जाने के क्रम में उनके घर का बोलेरो जिसमें उनके पिता सहित पूरा परिवार सवार था बेड़ो के बारीडीह मंदिर के निकट 25 जूलाई को असंतुलित होकर खेत में पलट गई। खेत में पानी भरा हुआ था। बारिश भी हो रही थी। तभी भरनो की ओर से फुटबॉल खेल कर कुछ खिलाड़ी ऑल्टो में सवार होकर रांची की ओर जा रहे थे।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त 99 कर्मियों को दी विदाई



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में सोमवार को "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें जून, 2025 में मुख्यालय में कार्यरत 8 कर्मियों सहित कुल 99 कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं – वन विभाग से आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक(पर्यावरण); भूमि एवं राजस्व विभाग से कृष्ण झा, महाप्रबंधक(असैनिक), सामाजिक सुरक्षा विभाग से राजीव रंजन शर्मा, महाप्रबंधक(सामाजिक सुरक्षा), वित्त विभाग से सुशील कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक(वित्त) क्रय विभाग से उत्तम कुमार नायक, वरीय निजी सहायक ए-1; गांधीनगर अस्पताल से श्री जितेंद्र कुमार चौधरी(कार्यालय अधीक्षक); सुरक्षा विभाग से श्री आंनद कुमार(वरीय सुरक्षा प्रहरी) एवं लेखा स्थापना विभाग से फरहत जहां(कैट-1)। समारोह में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक(मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

## डांस ड्रामा फेस्टिवल 'ताल और तमाशा' का आयोजन



**रांची।** झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकादमी के स्टूडियो थिएटर में डांस ड्रामा फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसका नाम था 'ताल और तमाशा'। इस फेस्टिवल में पांच अलग-अलग विषयों पर आधारित डांस ड्रामा का प्रदर्शन किया गया। डांस ड्रामा का निर्देशन और परिकल्पना राजीव सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पाजेब डांस अकादमी के निर्देशक दीपक सिन्हा मौजूद थे। जज के तौर पर क्रांधा डांस इंस्टीट्यूट से तृषा भाटिया और सुनीता उरांव के साथ रंगकर्मी निरंजन मिश्रा ने साथ दिया। मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी मलय मिश्रा भी मौजूद रहे। मौके पर झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकादमी के निर्देशक राजीव सिन्हा ने कहा कि अकादमी की ये पहल अभिनय प्रशिक्षुओं को काफी मददगार साबित होगी, क्योंकि इससे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए काफी सहयोग प्रदान करेगा। इसलिए इस तरह के आयोजन हमेशा किए जाएंगे।

## पतरातू डैम का पानी पहुंचे खतरे के निशान तक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से नलकारी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। पीटीपीएस पतरातू के शेष परिसंपत्ति और संपदा पदाधिकारी ने सोमवार को जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अलर्ट जारी किया है।पत्र में रामगढ़ डीसी, एसडीओ और अन्य अधिकारियों से इस बात का संकेत दिया गया है कि पतरातू डैम का गेट कभी भी खोला जा सकता है। पतरातू डैम में भारी बारिश की वजह से पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया है। पतरातु डैम प्रबंधन की ओर से पत्र लिखे जाने के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन भी हाई अलर्ट जारी कर चुका है। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि दामोदर नदी तट से लोगों को दूर रखें।

# भारी बारिश से नदी का जल स्तर बढ़ा, आवागमन में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड के गोरहर पंचायत अंतर्गत टोला पांडेयडीह (रंगीनिया टांड़) के लोग इन दिनों हुई भारी बारिश के कारण परेशान हैं। समीपवर्ती नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब सौ की आबादी वाले इस टोले के दर्जनों बच्चे उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर पढ़ने जाते हैं, लेकिन नदी में पानी अधिक होने के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के समय बच्चों और बुजुर्गों को पार करना जोखिम भरा हो जाता है। इस संबंध में मुखिया प्रेमिका कुमारी ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण कैलाश महतो, पोखन महतो, विक्रम महतो, किशोरी महतो, बीरेंद्र महतो, अशोक महतो, नारायण महतो, जिबलाल महतो, जागेश्वर महतो, त्रिलोकी महतो ने प्रशासन से नदी पर पुल या वैकल्पिक रास्ता निर्माण की तत्काल मांग की है ताकि वर्षा के समय भी सुरक्षित आवागमन हो सके।

## महागठबंधन सरकार उर्दू शिक्षक भर्ती की समस्या का समाधान करे : डॉ खान

**गोला।** अंजुमन फरोग ए उर्दू के उतरी छोटानागपुर प्रभारी डॉ शाहनवाज खान की नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक ममता देवी के अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमित कुमार महतो को मांग पत्र सौंपा है। बताया जाता है कि राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबियत खराब चल रही है। उन्हें देखने के लिए विधायक अचानक दिल्ली चली गई है। पत्र में विधायक से नियुक्ति अधिसूचना में सुधार करवाने की पहल करने की मांग करते हुए कहा गया है कि महागठबंधन सरकार उर्दू शिक्षक भर्ती से संबंधित समस्या का समाधान करे।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने रेलीगढ़ा में मनाया हूल दिवस

**गिद्दी।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने सोमवार को रेलीगढ़ा दोतल्ला में हुल दिवस मनाया। कार्यक्रम के शुरुआत में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने सिद्धु कान्हु के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया के शहिदों को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया। बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया, आरडी मांझी, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य बसंत कुमार, भुनेश्वर बेदिया, धनेश्वर तुरी, हजारीबाग जिला सचिव पच्चू राणा, रामगढ़ जिला सचिव हीरा गोप उपस्थित थे। अध्यक्षता आदिवासी संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक सोहराय मांझी और संचालन तालो मांझी और जयबीर हंसदा ने की। सभा को देवकीनंदन वेदिया, बैजनाथ मिस्त्री, आरडी मांझी, पच्चू राणा, जगरनाथ उरांव,सोहराय मांझी, नीता बेदिया, जगलाल सोरेन, रीता सोरेन, रस्का मांझी, पति लाल मरांडी ने संबोधित किया। कहा सिद्धो कान्हू, चांद भैरव आदि ने शोषित समाज को शोषण से मूक्ति दिलाने के लिए शहादत दिया था। इसलिए समाज में परिवर्तन लाकर ही हुल दिवस मनाने को सार्थक किया जा सकता है। इस अवसर पर बुधनी देवी, मदन राम शइद अंसारी, मानकी मांझी, दशंय बास्के, मोहन हेम्ब्रम, राम किशुन मुर्मू उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ आज डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मनाएगा

**रामगढ़ ।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ सत्र 25- 26 के द्वारा रोटरी हॉल में 1 जुलाई को सुबह 9:30 बजे डॉक्टर्स डे एवम चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मनाया जायेगा. कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम को लेकर रविवार को रोटरी हॉल में सत्र 25 -26 क्व असेंबली मीटिंग का आयोजन रोटेरियन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया. जिसमें सर्वसममती से निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई को रोटरी हॉल में डॉक्टर्स डे एवम चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मनाया जायेगा. इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन अरुण रॉय होंगे. मीटिंग में मुख्य रूप से सत्र 25- 26 के अध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल , सचिव विजय कुमार, प्रदीप सिंह,अनिल गर्ग,संजय जैन,आलोक रतन चौधरी,संतु भाई मानिक, संजीव सिंह संजू,राजेंद्र जैन, निलांजन दत्ता,आशीष दास, कमलेश्वर सिंह,संजय शर्मा,विजय पोद्दार ,राजेश मोदी मीडिया प्रभारी राहुल जैन आदि ल मौजूद थे.

### सहायक डाक अधीक्षक ने स्वतंत्र डाक वितरण केन्द्र का शुभारंभ किया



**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में 30 जून को सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन कुमार अग्रवाल ने स्वतंत्र डाक वितरण केन्द्र का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने बताया कि अब मेन ब्रांच का जिला में डाक विभाग द्वारा डाक वितरण करने के लिए एक केन्द्र बनाया गया है ।जिसके द्वारा अब रामगढ़ जिले के बरकाकाना, कुजू, चितरपुर, अरगड्डा, मरार, छतरमांडू कोर्ट, चैनगडा, रामगढ़ सहित अन्य जगहों के पोस्टमैन रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर से ही स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री पत्र, पार्सल आदि लेकर पानेवाले के पास पहुंचा देंगे। अब सभी पत्रों का लेन देन पोस्टमैन प्रधान डाकघर में करेंगे। इससे ग्राहकों को सुविधा मिलेगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रधान डाकघर रामगढ़ के डाकपाल मनोज कुमार, सहायक रविशंकर राय, नरेंद्र कुमार सिंह,चन्द्र शेखर प्रसाद, शंभू दत्ता सिंह, कुंदन कुमार,दीपक कुमार पटेल,शुभम कुमार राम, शुभम सौरव, शमीम अहमद, रामकुमार मुंडा, संजू कुमारी, अभिषेक भारती,भारती टुडू, मो नसीम, योगेश्वर कुमार दास, शंभू कुमार, सौरव कुमार, विकास कुमार राय आदि उपस्थित थे।

### भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के तत्वावधान में मनाया गया हूल दिवस



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम में सोमवार को भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के अध्यक्ष राम जी बेसरा,सचिव मनोज मुर्मू के नेतृत्व में धूमधाम से हूल दिवस मनाया गया।वहीं अमर वीर शहीद सिद्धू- कानू ,चंद -भैरव, फूलो- झानो के तस्वीर पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। मौके पर गोरहर थाना के एस आई निरंजन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं अध्यक्ष राम जी बेसरा ने कहा हुल दिवस के महानायक अमर वीर शहीद सिद्धू कानो, चंद भैरव, फूलों झानो और अन्य वीर शहीदो तथा वीरांगनाओं के संघर्ष और शहादत को शत-शत नमन। आजादी के लड़ाई से पहले संथाल में हुल विद्रोह के हमारे वीरों ने अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ तथा जल, जंगल, जमीन की रक्षक के लिए आदिवासी अस्मिता की मशाल जलाई थी । हमारे पूर्वजों की यही सीख हमें हमेशा न्याय और स्वाभिमान के लिए प्रेरित करती है।इस अवसर पर सभी सदस्यों ने वीर शहीदों के नाम का जमकर जयकारा लगाया ।कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, कोषाध्यक्ष सुनील मुर्मू, शिवलाल मुर्मू, रामू मरांडी, कन्हैया बेसरा, प्रदीप कोल, हरिलाल टुडू, सहदेव हेम्ब्रम, प्रेम हांसदा, सहदेव मरांडी, मणिलाल सोरेन, बालेश्वर बास्के, मेहीलाल मुर्मू, छोटकी देवी, अजंती देवी, सुरजी देवी, बासुदेव मुर्मू, लखन महतो, जेएलकेएम नेता महेंद्र मंडल के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### पानी से लबालब हुआ वार्ड नंबर तीन का रास्ता, मुहल्ले वाले परेशान



**बरही।** नाली जाम होने के कारण अनुमंडलीय हॉस्पिटल के पीछे बसा शाकरी मुहल्ला का रास्ता पूरी तरह पानी से लबालब हो गया है. जिससे मोहल्ले वालों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वार्ड सदस्य मो आफताब ऊर्फ सागर ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय मुखिया को भी जानकारी दी गई है. उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बने हुए नाली पूरी तरह जाम है जिससे नाली से जाने वाला पानी सड़कों पर भर गया है. इससे संक्रमण का भय है. मुहल्ले के वार्ड सदस्य सहित बबलू, सेराज, बबलू, इसराइल, सरफराज आदि युवाओं ने बताया कि अभी मुहर्रम का त्योहार चल रहा है. इसी मार्ग से लोगो को दरगाह मुहल्ला स्थित ईदगाह जाना होता है. ऐसे में यदि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो काफी कठिनाइयां होगी. स्थानीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से यथाशीघ्र पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग किया है.

### संगठन मजबूती के लिए प्रत्येक माह बैठक जरूरी : धर्मराज राम

**रामगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी निमित रामगढ़ के मुंडा ढाबा के सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद गुप्ता ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश सचिव सह प्रखंड पर्यवेक्षक धर्मराज राम शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में रामगढ़ जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा उपस्थित थे। प्रदेश सचिव ने कहा कि प्रत्येक महीने में एक बार प्रखंड कमेटी की बैठक संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया।

### हूल दिवस एवं गांव जन चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# आजादी में सिद्धू - कान्हू के बलिदान को हम सभी नमन करते हैं : सूर्यवंश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा 30 जून को हूल दिवस एवं गांव जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही गांव जन चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को लोगों से अवगत कराया गया। मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. संजय प्रसाद सिंह थे। प्रो संजय प्रसाद सिंह ने लोगों को ऐतिहासिक संथाल आंदोलन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 30 जून को सम्मान और जुनून के साथ हर जगह हूल दिवस मनाया जाता है। 30 जून 1855 को सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में हजारों संथाल भोगनाडीह मैदान में एकत्र हुए। संथालियों ने सामूहिक मार्च शुरू किया। उन्होंने बताया कि संथाल विद्रोह एक ऐतिहासिक विद्रोह था। इसी को सम्मान देने के लिए हर साल 30 जून को हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि एक ओर ब्रिटिश सरकार का भयानक अत्याचार, दूसरी ओर स्थानीय साहूकारों के शोषण के विरूद्ध विद्रोह की आग भड़क उठी थी। सिद्धू-कान्हू के विद्रोह ने छोटानागपुर पठार के एक बड़े हिस्से पर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी। ब्रिटिश सेना के सिपाहियों की गोलीबारी में सिद्धू की मौत हो गई और 23 फरवरी 1856 में कान्हू को भोगनाडीह के पास पंचकठिया बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई। भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा कि सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में संथाल विद्रोह हुआ था। यह विद्रोह 1855 में हुआ था और इसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन और उसके अत्याचार को समाप्त करना था। सिद्धू और कान्हू दो भाइयों ने इस विद्रोह का नेतृत्व किया था और उन्होंने संथाल समुदाय को एकजुट कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस विद्रोह को झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और इसे हर साल 30 जून को हूल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन सिद्धू और कान्हू के बलिदान को याद करते हैं और उनके संघर्ष को सम्मान देते हैं। कार्यक्रम का संचालन कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष बृजेश पाठक ने किया। मौके पर बूथ अध्यक्ष रमेश करमाली, प्रदेश कर समिति इलारानी पाठक ,अमित कुमार ठाकुर, संजय अग्रवाल, रवि गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।





## हूल दिवस पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**हजारीबाग।** हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पीडब्ल्यूडी चौक पर अवस्थित ऐतिहासिक वीरता और बलिदान के प्रतीक सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि सिदो-कान्हू ने 30 जून 1855 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ ह्लहूल विद्रोहह्व का नेतृत्व कर आदिवासी समाज में जागरूकता और स्वतंत्रता की अलख जगाई। यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सामाजिक एकता, समरसता और स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखें और सिदो-कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। ह्लहूल दिवसह्व को गरिमामय रूप से मनाते हुए जनमानस को देश की आजादी में आदिवासी समाज के योगदान से अवगत कराया गया।

## मूलाधार बारिश में कच्चा मकान ढहने से परिवार हुआ बेघर, महिला घायल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिन से हो रही मूलाधार बारिश में चेचकपी पंचायत के उपरैली डेबो निवासी मंजू देवी पति दशरथ सिंह का कच्चा मकान ढह गया जिससे उसका आशियाना छिन गया । आशियाना नहीं होने से पीड़िता समेत इनका पूरा परिवार बाहर रहने को विवश है। विदित हो कि पीड़िता काफी ग़रीब और लाचार स्थिति में है । इनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।घटना के बाद पीड़िता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर उचित मुआवजा और आशियाना की मांग की है । वहीं बीते दिन ग्राम डूमरडीहा आंगनबाड़ी सेविका सोनिया देवी पति स्व0 शिवदेव मुर्मू का कच्चा मकान गिरने से सोनिया देवी मिट्टी के दीवार से दब गई थी जिससे उनका पैर टूट गया ।ग्रामीणों के सहयोग से पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चेचकपी मुखिया रीता देवी व मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने पीड़ितों से मुलाकात कर आश्वासन दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर अविलंब आवास मुहैया कराया जाएगा।

## एक्टू ने 9 जुलाई को आहूत देश व्यापी हड़ताल सफल बनाने का किया आह्वान

**रामगढ़।** पार्टी कार्यालय रामगढ़ में रविवार को हुई जिला ऐक्टू की बैठक में 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल सफल बनाने का निर्णय हुआ। इस दौरान ऐक्टू के राज्य अध्यक्ष बैजनाथ मिस्त्री ने संबोधित किया। कहा कि सितंबर 2020 में संसद में चार लेबर कोड पारित हुआ। इसका विरोध जारी है। देशव्यापी लगातार एकजुट मजदूर आंदोलनों के कारण केन्द्र सरकार चार लेबर कोड अब तक लागू नही कर सकी है। 4 साल से अधिक समय से 4 श्रम संहिताओं को लागू करने की अधिसूचना जारी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि ये श्रम कोड मजदूरों के गुलामी का प्रतीक है। काम के घंटे, असंगठित मजदूरों का न्यूनतम मजदूरी, यूनियन केज अधिकार को पुरी तरह खत्म करने की साज़िश है। ऐक्टू के जिला सचिव सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल ने कहा कि पूरे राज्य में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले खास कर ठेका में काम करने वाले निर्माण मजदूरों की हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में है।

### हजारीबाग में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से व्यवसायी चिंतित

# सांसद मनीष जायसवाल ने एसपी से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

- **सांसद जायसवाल ने एसपी अंजनी अंजन से स्पष्ट शब्दों में कहा कि हजारीबाग अपनी अमन और सौहार्दपूर्ण पहचान के लिए जाना जाता है और शहर ने पहले कभी इस तरह के खौफ का माहौल नहीं देखा है**



**हजारीबाग।** शहर में अचानक बढ़ी आपराधिक गतिविधियों ने व्यवसायियों और आम जनता की नींद उड़ा दी है। दिनदहाड़े गोलीबारी, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर हमले और अब आपराधिक तत्वों द्वारा व्यापारियों को धमकी दिए जाने की घटनाओं से शहर में दहशत का माहौल है। इन गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक सप्ताह में दूसरी बार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात की और त्वरित कार्रवाई की मांग की । सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल शहर के स्वर्ण व्यवसायियों के एक समूह के साथ नए समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय सभागार पहुंचे। जहां सांसद जायसवाल ने एसपी अंजनी अंजन से स्पष्ट शब्दों में कहा कि हजारीबाग अपनी अमन और सौहार्दपूर्ण पहचान के लिए जाना जाता है और शहर ने पहले कभी इस तरह के खौफ का माहौल नहीं देखा है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों में तेजी आने से न केवल व्यवसायी बल्कि आम नागरिक भी भय के वातावरण में जी रहे हैं । सांसद मनीष जायसवाल ने एसपी से तत्काल इन घटनाओं पर अंकुश लगाने, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने, शहर में सुरक्षा का माहौल स्थापित करने और लोगों को भयमुक्त करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सांसद मनीष जायसवाल और उपस्थित व्यवसायियों को आश्वस्त किया।

# आदिवासियों ने भी देश की आज़ादी में निभाई थी महती भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** 30 जून को हर वर्ष हम झारखंडी हुल दिवस मनाते हैं. यह दिन उन शहीद झारखंडियों को याद दिलाता है, जो अपने जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ हुल विद्रोह किया था. हूल का अर्थ भाले, डंडे, छुरे, आदि की नोक या सिरे को जोर से ठेलने अथवा भोंकने को कहा जाता है. तोप और बारूद से लैस अंग्रेजी हुकूमत को भोगनाडीह जैसे छोटे आदिवासी कस्बे के आदिवासियों ने अपने पारंपरिक हथियार से विवश कर दिया. पूरी हुकूमत को हिला दिया. जिसे कई इतिहासकार आजादी की लड़ाई का प्रारंभिक विंदु भी मानते हैं. यह विद्रोह स्पष्ट करता है कि देश की लड़ाई में सिर्फ दिल्ली या कोलकाता वालों ने हीं नहीं अपितु झारखंडी आदिवासियों ने भी खून बहाए हैं. हुल दिवस उन्हीं झारखंडियों के अमर बलिदान का प्रतीक और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देने का दिन है. 1855 का संथाल हुल ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ महत्पूर्ण प्रारंभिक किसान विद्रोह था. जो स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो, कान्हो, चांद व भैरव मुर्मू और उनकी दो बहने फूलो व झानो के नेतृत्व में 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से शुरू किया गया था. इस विद्रोह में सिद्धो के 'करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा ने अंग्रेजो के नींद उड़ा दिए थे. जल, जंगल और जमीन की इस लड़ाई में करीब 10 हजार से ज्यादा आदिवासियों ने हिस्सा लिया था. जिसमें 5 हजार संथाली शहीद हुए. इस विद्रोह में सिद्धों और कानू को अंग्रेजों ने फांसी दे दी थी.

## बिजली पोल पर काम करने के दौरान वज्रपात, दो सीसीएल कर्मी घायल

**केदला।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के केदला भूगर्भ परियोजना में कार्यरत दो सीसीएल कर्मी रविवार को बिजली पोल पर चढ़ कर काम करने के दौरान वज्रपात के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए। घटना के संबंध में प्रबंधन का कहना है कि केदला वाशरी से केदला भूगर्भ परियोजना के लिए 11 हजार वॉट का तार गया हुआ है। केदला दो नंबर फुटबॉल ग्राउंड के पास पोल में जंफर लगा हुआ है जो खराब हो गया था। इसे ठीक करने के लिए रविवार के दोपहर लगभग तीन बजे उमेश महतो पिता स्वर्गीय दशरथ महतो और तिलक रविदास पोल पर चढ़ कर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से इसके चपेट में आकर दोनों जख्मी हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के नई सराय अस्पताल लाया गया।

## काल मार्क्स ने कहा था 'संथाल विद्रोह' भारत का पहला जनक्रांति था : सीटू

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हुल दिवस के अवसर पर सी पी आई एम, हजारीबाग जिला कमिटी की ओर से गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, तपेश्वर राम आदि लोगों ने सिध्दो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सीटू ने कहा की, भारत की स्वाधीनता की लड़ाई में ऐसे तो कई नारे दिए गए थे, परंतु झारखंड के संथाल परगना के भोगनाडीह में हूल के मौके पर अंग्रेजों के खिलाफ पहला नारा था, करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। भोगनाडीह गांव में चुनका मुर्मू के घर जन्मे चार भाइयों सिदू , कान्हू, चांद और भैरव और दो बहने फूलो एवं झानो ने साथ मिलकर 1853 से 1856 तक संथाल हूल नामक आंदोलन चलाया, जो अंग्रेजी सम्राज्य के खिलाफ लड़ा गया था। झारखंड राज्य के संथाल परगना में ह्यसंथाल हूल के कारण अंग्रेजों को भारी क्षति उठानी पड़ी थी। सिद्घू-कान्हू दो भाइयों के नेतृत्व में 30 जून, 1855 को वर्तमान साहेबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से यह विद्रोह प्रारंभ हुआ था। संथाल हूल को मुक्ति आंदोलन का दर्जा दिया है। हूल को कई अर्थो में समाजवाद के लिए लड़ी गई पहली लड़ाई माना गया है, जिसमें न केवल संथाल जनजाति के लिए बल्कि समाज के हर शोषित वर्ग के लोग सिद्घू और कान्हू के नेतृत्व में आगे आए। इस आंदोलन में शामिल लोग गांव-गांव जाकर हूल का लोगों को निमंत्रण देते थे।

कोलेबिरा थाना में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचें सौहार्द बनाए रखें : एसडीपीओ बैजू उरांव

- बाइक पर स्टंटबाजी से बचें, नशा सेवन न करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** कोलेबिरा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर कोलेबिरा थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ बैजू उरांव ने की। बैठक में अंचलाधिकारी अनुप कच्छप, कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रोश प्रतिमा सोरेंग, मुखिया अंजना लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, समाजसेवी विनोद कुमार डब्ल्यू, पंचायत समिति सदस्य एवं कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि मुहर्रम का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। एसडीपीओ बैजू उरांव ने लोगों से अपील की कि सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, सोशल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक या अफवाह भरी पोस्ट को न फैलाएं।

उन्होंने कहा कि भड़काऊ भाषण, गाना या नारा जुलूस में न लगाएं और बड़े झंडे के कारण बिजली तारों से खतरे को भी गंभीरता से लें। थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह ने लोगों को आगाह किया कि बाइक पर स्टंटबाजी से बचें, नशा सेवन न करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर स्थिति में सहयोग के लिए तत्पर है। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में निकलने वाले मुहर्रम जुलूसों की जानकारी भी ली गई।बैठक में सबस इंस्पेक्टर सकलदेव सिंह, एएसआई कौशल कुमार सिंह, वकील खान, खिलेश्वर सिंह, संगम साहू, नंदलाल, बिलाल अंसारी, जमील खान, दशरथ नायक, ब्रिस डुंगडुंग, समीर अंसारी, इशाक कुमार, अरशद आलम सहित कई गणमान्य नागरिक व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

लचरागढ़ वाइन शॉप का बीडीओ ने किया निरीक्षण

# लगभग 9.96 लाख रुपये मूल्य का स्टॉक, 2,170 रु की हुई बिक्री

- स्टॉक व रजिस्टर मिले दुरुस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** उपायुक्त सिमडेगा एवं उत्पाद विभाग के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा द्वारा लचरागढ़ स्थित वाइन शॉप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शॉप में उपलब्ध स्टॉक, सेल रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की गई।निरीक्षण टीम में जन सेवक सीमा इंदु एवं पंचायत सचिव संजीव कुमार लोहरा शामिल थे। वाइन शॉप में उपलब्ध स्टॉक का कुल मूल्य लगभग 9,96,970 आंका गया, जबकि खबर लिखे जाने तक 2,170 की बिक्री दर्ज की गई थी।भौतिक निरीक्षण के दौरान सेल रजिस्टर व स्टॉक रजिस्टर में दर्ज विवरण और वास्तविक स्टॉक में समानता पाई गई। शॉप में रखे गए दस्तावेज, मशीन, फर्नीचर एवं अन्य उपकरण भी दुरुस्त पाए गए।निरीक्षण के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने वाइन शॉप के प्रभारी को निर्देशित किया कि स्टॉक व सेल रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट किया जाए और सभी उत्पादों की बिक्री निर्धारित दर पर ही सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर शॉप इंचार्ज अनंत कुमार चौधरी, सहायक पंकज यादव, राहुल कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

## ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 13 मई को कोलेबिरा थाना में दर्ज ब्राउन शुगर सप्लाई के मामले में मुख्य आरोपी गुमला निवासी रितेश केशरी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 13 मई को कोलेबिरा पालकोट रोड में विपिन कुमार नंद कोलेबिरा निवासी को 34 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन 4.34 ग्राम के साथ पकड़ा गया था ।

जिसके आधार पर कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज की गई थी। पूछताछ के क्रम में विपिन कुमार नंद ने उक्त ब्राउन शुगर गुमला से रितेश केशरी नामक युवक से खरीद कर तथा कोलेबिरा के प्रशांत बड़ाईक एवं राहुल कुमार को बेचने के लिए ले जाने की जानकारी दी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने चारों लोगों के ऊपर मामला दर्ज किया था और इस मामले में प्रशांत बड़ाईक और विपिन कुमार नंद को 14 मई को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था ।वहीं राहुल कुमार ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। जबकि मुख्य आरोपी गुमला शास्त्री नगर निवासी रितेश केसरी फरार चल रहा था ,जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के के दौरान थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आदिवासी संगठन ने अवैध कब्जा जमीन पर जोताई कर धन बुनाई कराई

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** आदिवासी संगठन ने मौजा गोतरा, डिप्टी टोली अंचल सिमडेगा, थाना न0 80,खतियानी रैयत सुखनाथ उरांव, खाता संख्या 256,प्लॉट संख्या 5209,रकबा 80 डी0 जमीन पर ग्रीस चंद्र गुप्ता ने लम्बे समय से अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर था । जिसको खतियानी रैयत के पर पुत्र पात्रिक मिंज, एवं अशुतोष मिंज ने आदिवासी संगठनों से आवेदन देकर मदद मांगी। आज हुल दिवस के अवसर पर आदिवासी संगठन ने जोताई कर धन बुनाई भी करायी । सिद्धू और कान्हू ने 30 जून 1855 को अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन को लेकर आन्दोलन किया था ।

उसी अनुरूप सिमडेगा जिले में भी गैर आदिवासियों द्वारा अवैध रूप से लुटे गये आदिवासी जमीन को वापस कराने का संकल्प लिया गया।मौके पर मथियास कुल्लू, अनुप लकड़ा, प्रदीप टोप्पो, ब्रिसियूस सोरेंग , पीटर बागे, राजेन्द्र मिंज, स्तानिस लकड़ा ,शोभा देवी,मर्सी लकड़ा, मरियाम कुजूर, पात्रिक मिंज, अशुतोष मिंज,सुमन बाड़ा, इनोसेंट केरकेट्टा, जेम्स कंडुलना आदि उपस्थित रहे।

जताटाड़ में पर्यावरण दिवस पर विशेष मिस्सा अनुष्ठान

## विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने किया वृक्षारोपण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत तुरबुंगा पल्ली क्षेत्र के शाहपुर जताटाड़ मंडली में कैथोलिक कलीसिया के अनुसार पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चर्च में विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन फादर फ्रांसिस के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अच्छी वर्षा, समृद्ध खेती और प्रकृति संरक्षण हेतु प्रार्थना की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी कांग्रेस प्रखंड कमेटी की टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोगों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया और सभी को पर्यावरण संरक्षण व खेती-बाड़ी में परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करें, पर्यावरण की रक्षा करें और ईश्वर पर आस्था रखते हुए सेवा एवं आराधना करें।कार्यक्रम में विधायक के साथ-साथ अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, महिला नेत्री ऐरेन केरकेट्टा, क्लरा डुंगडुंग, सिस्टर लतिका, सिस्टर अनुभा, प्रचारक बारथोलोमी डुंगडुंग, पंचगण एवं चार मंडली के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर समुदाय में जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया गया।

## सिमडेगा सेंट्रल अंजुमन का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**सिमडेगा।** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया द्वारा मंगलवार की शाम जमजम मैरिज हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी कंचन सिंह और एसपी एम.अर्शी भाग लेंगे। इसके अलावा कई जिलास्तरीय अधिकारी और शहर के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। सदर मो ग्यास ने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप थर्ड आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मुस्लिम समाज से ताल्लुक रखने वाले उन बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने उक्त परीक्षा में सीबीएसई बोर्ड से 75 प्रतिशत और उससे ज्यादा तथा जैक बोर्ड से 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

## भारतीय जनता पार्टी ने हूल दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में हुल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि हम झारखंडवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि भारत की आज़ादी की पहली क्रांति का बिगुल झारखंड की धरती से सिदो-कान्हू के नेतृत्व में फूंका गया था।मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान ने हुल क्रांति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 30 जून 1855 को सिदो-कान्हू के नेतृत्व में भोगनाडीह से करो या मरो और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा गूंजा, जिसने न सिर्फ अंग्रेजी शासन को चुनौती दी, बल्कि आदिवासी समाज को एक नई पहचान और ताकत भी दी। उन्होंने आगे कहा कि हमें वीर सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी आदिवासी वीरों के बलिदान से सीख लेकर अन्याय के विरुद्ध एकजुट रहना चाहिए।पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री दीपक पुरी, एसटी मोर्चा नगर अध्यक्ष उत्तम केरकेट्टा, गजानंद बेसरा, अनूप प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर, रवि वर्मा, दीपनारायण दास, अनिरुद्ध सिंह, रामविलास बड़ाईक, देवकीनंदन साय, श्रवण गोस्वामी, महावीर बड़ाईक, मुनेश्वर तिर्की, सत्यनारायण प्रसाद, सन्टू गुप्ता, शंभू भगत, बसंत नारायण मांझी, हँसारानी, कंचनरानी एक्का, जयंती देवी, पंकज बेसरा, महेश सिंह, शशि लोहरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लचरागढ़ में बारिश से एक घर क्षतिग्रस्त,रहने को आशियाना नहीं



**कोलेबिरा।** लगातार हो रही बारिश से गरीब मजदूर का मिट्टी का घर गिरकर ध्वस्त हो गया उनके पास रहने के लिए दुसरा कोई आशियाना नहीं अब काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ स्थित कॉलोनी में निवास कर रहे पार्वती देवी पति घुरन सिंह का मिट्टी का घर धंस कर क्षतिग्रस्त हो गया।पार्वती देवी ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।घर क्षतिग्रस्त हो जाने से इन्हें काफी परेशानी हो रही है,इनके पास रहने के लिए एक और कोई दूसरा मकान नहीं है।सूचना मिलती है लचरागढ़ मुखिया जिरेन मड़की पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।घर ध्वस्त होने की जानकारी प्रखंड विकास अधिकारी और अंचलाधिकारी को दी गई है। पार्वती देवी ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने बताया कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोचेडेगा टोंगरी टोली निवासी परमानंद प्रधान नामक व्यक्ति के द्वारा एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता के परिवार पर काफी सामाजिक दबाव भी बनाया गया। लेकिन पीड़िता के घर वालों में थाने में मामला दर्ज कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी परमानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बताया कि घटना 9 जून की है। यहां पर घटना घटने के बाद पीड़िता के परिजनों को सामाजिक दबाव देने और थाना में सूचना न ही करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया था हालांकि बैठक का परिणाम कुछ भी नहीं निकला और पीड़िता के परिजन के द्वारा 29 जून को थाने में शिकायत किया जिसके बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह थाना प्रभारी संजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अपने पिता की हत्या करने पुत्र गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र में पिता की हत्या करने वाले कलयुगी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सिमडेगा एम. अर्शी ने बताया कि यह घटना कुरडेग थाना क्षेत्र के सांवा टोंगरी टोली की है।उन्होंने बताया कि सेलेस्टीन किंडो नामक युवक ने मवेशी बेचने को लेकर हुए विवाद में अपने पिता सिल्वेस्टर किंडो पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सिल्वेस्टर की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी के फर्द बयान पर सेलेस्टीन किंडो के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## गांजा तस्करी के आरोपी को 16 वर्ष का कारावास और 1.90 लाख रु का लगा जुर्माना

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने सुनाया फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** में गांजा तस्करी के तहत दर्ज ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 50/21 में आरोपी संतोष कुमार को 16 वर्ष कठोर कारावास और 1,90,000 जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने सुनाया।एसपी सिमडेगा के निर्देश पर वैज्ञानिक अनुसंधान व सटीक अभियोजन की वजह से सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके फलस्वरूप आरोपी को दोषी ठहराया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक निशी कच्छप ने प्रभावशाली पैरवी की।यह मामला 27 अक्टूबर 2021 का है, जब पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सफेद सफारी गाड़ी की तलाशी ली गई थी। गाड़ी की सीट के अंदर से कुल 29 पैकेट में 109.4 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था। मौके से दो आरोपियों में संतोष कुमार भिलाई खुर्द अमेठी, उत्तर प्रदेश एवं मो. रिजवान खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।मामले में संतोष कुमार को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है, जबकि सहअभियुक्त मो. रिजवान खान पर सुनवाई प्रक्रियाधीन है।

## मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाया जाएः कमलेश उरांव



**ठेठईटांगर।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह या ग़लत सूचना पर ध्यान न दें और यदि ऐसी कोई बात सामने आती है तो तुरंत थाना को सूचित करें।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रमेश कुमार झा ने भी लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से सतर्क रहें। किसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या ग़लत जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।बैठक में शांति समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से तय किया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

झामुमो जिला सिमडेगा ने हूल दिवस मनाकर दी शहीद सिद्धो-कान्हो को श्रद्धांजलि

# आज भी उनके योगदान को ससम्मान स्मरण किया जाता है: मो. सफीक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झामुमो जिला सिमडेगा इकाई द्वारा सोमवार को हूल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि सन 1855 में अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और दमन के खिलाफ बिगुल फूंकते हुए 'हमारी माटी छोड़ो का नारा देने वाले शहीद सिद्धो-कान्हो आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। आज का दिन उनके संघर्ष और बलिदान को याद करने का विशेष दिन है। जब हम स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र के तहत अपने अधिकारों का उपयोग कर रहे हैं, तब हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में झामुमो जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 30 जून को हूल दिवस मनाकर इन वीर सपूतों को श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। उनकी जन्मस्थली भोगनाडीह में आज भी उनके योगदान को ससम्मान स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रमुख उपस्थित लोगों में जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव मो. सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केंद्रीय समिति सदस्य नोवस केरकेट्टा, संजू डांग, सुनील खेस, नुसरत खातून, प्रफुल्लित डुंगडुंग, मो. इरशाद, रोशप्रतिमा सोरेन, किशोर डांग, साबिर अंसारी, मो. सेराजुद्दीन, नगर अध्यक्ष मो. अनस आलम, किशोर केरकेट्टा, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, कोलेबिरा सचिव ब्रिस डुंगडुंग, वकील खान, बीरेंद्र बाड़ा, कुंदन कुमार रजक, मो. मिस्टर, मो. इकबाल, सुशील टोप्पो, विपिन कुल्लू, शकील अहमद, बीरबल महतो, कमल यादव, एंथन सुरीन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हत्या के आरोपी को मिली आजीवन कारावास

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो थाना कांड संख्या 54/18, दिनांक 15.07.2018 के मामले में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने हत्या के आरोपी विक्रम सिंह, पिता स्व. भागीरथी सिंह, निवासी थोलकोबेड़ा, थाना बानो, जिला सिमडेगा को आजीवन कारावास तथा 25,000 जुर्माना की सजा सुनाई है।इस मामले में सिमडेगा पुलिस द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान और सटीक अभियोजन के माध्यम से सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक श्री अमर कुमार चौधरी ने सशक्त पैरवी की।प्रकरण के अनुसार, वादिनी मुन्नी देवी के फर्दबयान पर 15 जुलाई 2018 को बानो थाना में मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त विक्रम सिंह एवं संतोष सिंह, दोनों निवासी थोलकोबेड़ा, ने वादिनी के सास और ससुर की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

## मुहर्रम कमिटी में ज़ीशान फ़िरदौस खान बने नए सदर

**कुरडेग।** रज़ा मस्जिद कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से ज़ीशान फ़िरदौस खान को मुहर्रम कमिटी का नया सदर नियुक्त किया गया। यह निर्णय कमिटी के सभी सदस्यों की सहमति एवं समाज के वरिष्ठ जनों की मौजूदगी में लिया गया।सदर बनाए जाने के बाद ज़ीशान फ़िरदौस खान ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे मुहर्रम के इस पवित्र अवसर पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुहर्रम का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा।बैठक में अजलम अंसारी को कमिटी का सीक्रेटरी एवं सोएब अंसारी को खजांची नियुक्त किया गया। इसके अलावा रज़ा मस्जिद के सदर, मस्जिद के सीक्रेटरी, इमाम साहब सहित कई गणमान्य लोग बैठक में उपस्थित रहे।विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है कि 6 जुलाई रविवार को कुरडेग में मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें फतेहपुर से विशेष खिलाड़ी भी भाग लेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर हैं।

### ओल्ड जीटी रोड पर गड्ढे को मिट्टी से भरा गया, ग्रामीणों में आक्रोश

# ओल्ड जीटी रोड के मरम्मती की जिम्मेवारी एनएचएआई की नहीं : मुकेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



बीते दिन ओल्ड जीटी रोड (गया रोड) में बने गहरे गड्ढे के कारण वाहन से टकराकर बिजली के खंभा को तोड़ते हुए मकान में जा घुसा था. जिससे मकान का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और एक बड़ा हादसा टल गया. जिसे प्रशासन ने सोमवार को मिट्टी से भरने का काम किया है. स्थानीय लोगो की माने तो यह मिट्टी जानलेवा है, बरसात में सिर्फ कीचड़ होगा और बाईक सहित कई वाहन फसेंगे. इसे स्थाई रूप से भरे जाने की आवश्यकता है. इस कार्य के लिए कई स्थानीय लोगो ने एनएचएआई पर लापरवाही का लगाया है. इस संबध में पूछे जाने पर नही के अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि ओल्ड जीटी रोड के देख रेख की जिम्मेवारी राज्य सरकार के पथ व निर्माण विभाग की है. इसकी जिम्मेवारी एनएचएआई की नहीं है. इस कारण उनका विभाग इसे करने में असमर्थ है. स्थानीय लोगों ने बताया कि ओल्ड जीटी रोड पर बने गहरे आए दिन दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है. पूरे मार्ग में सड़क पर गड्ढे होने कारण वाहनों का चलना दुभर हो गया है. लोगों ने संबंधित विभाग और अधिकारी से स्थाई निदान की मांग किया है.

### गुरुजी की सलामती के लिए पोखरिया आश्रम में संघर्ष के साथी कर रहे पूजा

**धनबाद।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता व झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन (गुरुजी) की तबीयत नाजुक बनी हुई है. वे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं. उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरे राज्य में चिंता का माहौल है. वहीं, उनके संघर्ष के ऐतिहासिक स्थल धनबाद के टुंडी स्थित पोखरिया आश्रम में दुआओं का दौर जारी है. शिबू सोरेन के राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष का एक बड़ा केंद्र धनबाद रहा है. टुंडी के पोखरिया स्थित आश्रम उन्हीं दिनों की गवाही देता है जब वे जमींदारों के अन्याय के खिलाफ आदिवासियों की जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे थे.गुरुजी इसी आश्रम में अपने साथियों के साथ बैठकर रणनीति बनाते थे और झारखंड अलग राज्य आंदोलन की नींव को मजबूत करते थे.

## गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई ऋतिक के घर की कुर्की जब्ती



**धनबाद :** गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई ऋतिक खान के घर की कुर्की की गयी. न्यायालय के आदेश के बाद भूली ओपी की पुलिस ने यह कार्रवाई की है. पुलिस सोमवार को कमर मुखदमी रोड स्थित ऋतिक खान के घर पर पहुंची और फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दस्तावेज और अन्य घरेलू सामानों को सूचीबद्ध कर जब्त कर लिया. इस संबंध में भूली थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि यह 2019 का मामला है. ऋतिक पर आर्म्स एक्ट के तहत दो आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें वो वांछित है. पूर्व में पुलिस ने अदालत के निर्देशानुसार ऋतिक के घर पर नोटिस चिपकाया गया था. लेकिन तय समय सीमा के भीतर उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण (सरेंडर) नहीं किया. जिसके बाद अदालत के आदेश पर आज कुर्की की कार्रवाई की गई. उन्होंने कहा है कि फरार अपराधियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

## न्यूज बॉक्स

### माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आज

**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के सौजन्य से झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ 1 जुलाई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। सभी रक्तदाता बंधुओं से आग्रह किया गया है कि इस रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करें और बहुमूल्य मानव जीवन को बचाने में सहभागी बनें। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि रक्तदान शिविर एक अच्छा मौका है, जिससे हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान करने से हमें कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि फायदा ही होता है। शरीर में रक्त का संचार और तेजी से होने लगता है, जिससे शरीर में और फुर्ती आती है।

### ट्रक चोर गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार



धनबाद। धनबाद जिले के गोविंदपुर थाने की पुलिस ने ट्रक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी मुख्यालय-1 डीएसपी शंकर कामती ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 लाख 5 हजार रुपये नकद, 11 ट्रकों के पाट्र्स, बॉडी कटिंग उपकरण, गैस कटर व तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं. गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह का मास्टरमाइंड मुख्तार अंसारी, दिलीप ठाकुर उर्फ विवेक मुखर्जी व राजीबुल शेख शामिल हैं. डीएसपी ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से ट्रक चोरी की घटनाओं में संलिप्त था. चोरी के ट्रकों को काटकर उनके पाट्र्स अलग-अलग स्थानों पर बेच दिए जाते थे. तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया. पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

### बीसीसीएल के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में कुम्हार बस्ती के विस्थापन पर सहमति, विवाद समाप्त




**धनबाद।** बीसीसीएल के एरिया-4 अंतर्गत कांटापहाड़ी स्थित एएमपीएल आउटसोर्सिंग माइंस के विस्तारीकरण में आ रही वर्षों पुरानी अड़चन आखिरकार सोमवार को दूर हो गई. केशलपुर कुम्हार बस्ती के विस्थापन को लेकर लंबे समय से जारी विवाद को समाप्त करने के लिए रामकनाली ओपी परिसर में त्रिपक्षीय वार्ता हुई. कतरास क् पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी की पहल पर हुई इस वार्ता में बीसीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच अहम सहमति बनी. वार्ता में तय हुआ कि विस्थापन प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों को विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी. मंगलवार से जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. बीसीसीएल एरिया-4 के जीएम संजय सिंह ने कहा कि वार्ता के सकारात्मक नतीजों के बाद माइंस विस्तार और सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा. विस्थापन को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा. वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब आश्वासन मिला है. वर्षों से केवल वादे किए गए हैं. इस बार यदि सभी वादे समय पर पूरे कर दिए गए, तभी इसे सफल समझा जाएगा. ज्ञात हो कि करीब 100 वर्षों से बसी यह बस्ती भू-धंसान क्षेत्र में आती है.

### वेस्ट मोदीडीह में बिजली ठप रहने पर हंगामा, इंजीनियर के साथ मारपीट



**धनबाद।** बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में सोमवार को बिजली आपूर्ति ठप रहने से बड़ा हंगामा हो गया. नाराज स्थानीय लोगों ने अंगारपथरा सब स्टेशन पहुंच कर कोलियरी के विद्युत अभियंता रितेश सिंह के साथ मारपीट की. सीआईएसएफ कैंप मूकदर्शक बने रहे. स्थिति बिगड़ती देख कतरास क्षेत्रीय अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी. जिससे आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया. घटना की सूचना पर अंगारपथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे. अभियंता रितेश सिंह ने कहा कि तकनीकी खराबी के चलते बिजली आपूर्ति बाधित थी. बिजली विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुटी थी. इसी बीच वेस्ट मोदीडिह से 20-25 लोग सब स्टेशन पहुंचे और धक्का-मुक्की व हाथापाई करने लगे. वहां मौजूद सीआईएसएफ के जवान तमाशा देखते रहे. उन्होंने यह भी कहा कि जब अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो कर्मचारी कैसे काम करेंगे. इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दे दी गई है. यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आगे की रणनीति तय की जाएगी.

### धनबाद के वासेपुर में ताबड़तोड़ गोलीबारी डॉन फहीम खान के भतीजे पर लगा आरोप

**धनबाद।** जिले बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित वासेपुर एक बार फिर गोलियों की आवाज से दहल उठा है. शनिवार देर रात वासेपुर के आरा मोड़ के पास कुछ बदमाशों ने एक घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की. घर में रहने वाली महिला ने बताया कि इस वारदात को कुख्यात डॉन फहीम खान के भतीजे और उनके साथियों ने अंजाम दिया, जिन्होंने करीब 14 राउंड गोलियां चलाईं. गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया.डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम के नेतृत्व में बैंक मोड़ और भूली समेत कई थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी.

पुलिस को घटनास्थल से जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं. अपराधियों का पता लगाने के लिए पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है.अचानक हुई इस गोलीबारी की घटना से पूरे वासेपुर इलाके में दहशत का माहौल है.

## भाजपा नेत्री ने मंडल रेल प्रबंधक से सावन महीने में बाबा बैद्यनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का किया अनुरोध




**हजारीबाग।** ओम् आरोहणम् संस्था संस्थापिका, सदस्य दिशा (भारत सरकार), लायंस क्लब के अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सोमवार को रांची दक्षिण-पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक से पत्र के माध्यम से पूर्व वर्ष की तरह सावन महीने के दौरान रांची, हज़ारीबाग, कोडरमा, सुल्तानगंज, देवघर रूट पर विशेष ट्रेन संचालन करने का अनुरोध किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अनुरोध पत्र के माध्यम से रेल प्रबंधक को स्पष्ट शब्दों में बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन मास के दौरान झारखंड एवं आसपास के जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में जल चढाने जाते हैं। विशेष रूप से रांची, हज़ारीबाग, कोडरमा इत्यादि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांवरिया एवं भक्तगण सुल्तानगंज होते हुए देवघर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि किन्तु इस मार्ग पर कोई सुविधाजनक सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने के कारण श्रद्धालुओं को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आग्रह पूर्वक निवेदन कर सावन महीने की अवधि में रांची - हज़ारीबाग - कोडरमा - सुल्तानगंज देवघर मार्ग पर पूर्व वर्ष की तरह एक विशेष ट्रेन का संचालन करने का अनुरोध किया। इस दौरान रांची दक्षिण पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के माध्यम से जनहित एवं जनभावनाओं के सम्मान में सावन महीने में बाबा बैद्यनाथ के लिए स्पेशल चलाने का सकारात्मक आश्वासन मिला।

### धनबाद सदर अस्पताल में दो दिन में 3 नवजात की मौत

# विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**धनबाद।** जिला सदर अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार निरीक्षण व निर्देश दे रहे हैं. लेकिन इसी अस्पताल में बुधवार रात से लेकर गुरुवार सुबह के बीच तीन नवजात की मौत होने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं. इन तीनों मामलों में प्रसव के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से आई गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन उनके बच्चों की जान नहीं बचाई जा सकी. इसको लेकर परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है. पहला मामला बुधवार रात का है, जब तोपचांची के मुर्शिद आलम की पत्नी तनीशा खातून को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया. परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद नवजात को एनआईसीयू में रखने की जरूरत थी. लेकिन अस्पताल में आवश्यक सुविधा नहीं मिलने के कारण नवजात को मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाने लगा. इसी दौरान नवजात ने दम तोड़ दिया. दूसरा मामला गुरुवार दोपहर 2 बजे का है, जब निरसा प्रखंड से एक गर्भवती महिला को सदर अस्पताल लाया गया. रास्ते में ही उसका आंशिक प्रसव हो चुका था. नवजात की हालत पहले से ही गंभीर थी.

अस्पताल में प्रसव तो कराया गया लेकिन नवजात को नहीं बचाया जा सका. वहीं, मां का इलाज सदर अस्पताल में जारी है. तीसरी घटना गुरुवार सुबह 9 बजे की है, जब गोविंदपुर के तलत अंसारी की पत्नी शमा परवीन को सदर अस्पताल लाया गया. परिजनों ने बताया कि गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले प्रसव कराने की कोशिश की गई थी लेकिन सफल नहीं होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया. यहां पर प्रसव कराया गया, जिसमें नवजात की मौत हो गई.

## तीन दिनों तक बंद रहेगी जिले की सभी शराब दुकानें



**धनबाद।** झारखंड सरकार की नई शराब नीति के तहत धनबाद जिले की सभी शराब दुकानें सोमवार की रात से अगले तीन दिनों तक बंद रहेंगी. यह जानकारी धनबाद के जिला उत्पाद अधीक्षक रामलीला रवानी ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि जिले में शराब दुकानों के हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, जिसके तहत दुकानों को तीन दिनों तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने यह कदम शराब कारोबार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और कानूनसम्मत बनाने के उद्देश्य से उठाया है. उन्होंने कहा धनबाद डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में आठ विशेष टीमें बनाई गई हैं, जो मजिस्ट्रेट की निगरानी में जिले की सभी दुकानों में यह प्रक्रिया संपन्न कराएंगी. उन्होंने विश्वास जताया कि इस नई व्यवस्था से अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण लगेगा और व्यवसाय में अनियमितताओं पर रोक संभव हो सकेगी.

### झारखंड वन उपज सलाहकार समिति के सदस्य बने विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी

सिमडेगा:झारखंड सरकार द्वारा सोमवार को झारखंड वन उपज सलाहकार समिति का गठन किया गया, जो राज्य के वन क्षेत्रों में रहने वाले आम लोगों के कल्याण, विकास और उन्नति के लिए एक सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम माना जा रहा है।इस समिति में कोलेबिरा के विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। मौका पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है जिला प्रतिनिधि समी आलम ने कहा जो वास्तव में इस पद के पूर्णतः योग्य और हकदार हैं। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने चुनाव से पूर्व ही नहीं, बल्कि चुनाव के उपरांत भी जल, जंगल, जमीन और वन उपज से जुड़े मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाया है।आज उनका वर्षों का संघर्ष और समर्पण रंग लाया है, जब सरकार ने उन्हें झारखंड वन उपज सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त कर एक सम्मानित भूमिका प्रदान की है। अब वे इस मंच से सिमडेगा जिले समेत राज्य भर के वनवासियों की आवाज को प्रभावशाली तरीके से उठा सकेंगे।सिमडेगा जिला विशेष रूप से महुआ, लाह, डोरी, ईमली, चिरौंजी जैसी वन उपज पर निर्भर है, ऐसे में विधायक की भूमिका स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

### ट्रांसफार्मर खराब होने के 36 घंटे के अंदर नईसराय को मिली बिजली

**रामगढ़।** नईसराय में पिछले दिनों 200 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इस कारण 50 से अधिक परिवार के यहां अंधेरा छा गया। इनवर्टर वगैरह बिजली के सभी सहायक उपकरण जवाब दे गए गए थे। इस कारण स्थानीय लोगों के साथ व्यवसायियों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को दी गई। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के तहत बिजली विभाग के रामगढ़ अधीक्षण अभियंता से संपर्क साधते हुए तत्काल 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसके बाद महज 36 घंटे में ही लोगों को बिजली मिलनी शुरू हो गई। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन रविवार को जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने फीता काटकर किया।

## हूल दिवस स्वतंत्रता संग्राम के शूरवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है :

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



हूल दिवस के अवसर पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन आदि प्रतियोगिता आयोजित किए गए. जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकृतियां बनाई. विद्यालय प्रबंधन की ओर से हूल दिवस पर झारखंड आंदोलन पर आधारित डॉक्युमेंट्री दिखाए गए. हूल क्रांति के प्रणेता और क्रांतिकारी सिद्धो, कानू, चांद, भैरव और फूलो व झानो जैसी वीरांगनाओं की कहानी से बच्चे अवगत हुए. बच्चों ने जल, जंगल व जमीन की रक्षा को लेकर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध किए गए संथाली आंदोलन के इतिहास को जाना. प्राचार्य के कुमार ने विद्यार्थियों को हूल दिवस की महत्ता बताते हुए हुल क्रांति को विस्तार से बताया. प्रबंधक विकास कुमार ने 1855 की हुल क्रांति को आत्मरक्षा की क्रांति बताते हुए झारखंडियो के आन बान और शान का विद्रोह बताया. जिसके परिणामस्वरूप ही अंग्रेजों ने 1876 का संथाल परगना एक्ट लागू किया. उन्होंने कहा कि हुल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के शूरवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है. कार्यक्रम गणित विभाग के शिक्षक शुभम पाण्डेय के संचालन व वरिष्ठ शिक्षक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ.

## झारखंड स्टेट जिम्नास्टिक चैंपियनशिप: नेशनल डेवलपमेंट कैटेगरी में रांची के पृथ्वी और गोड्डा की नव्या ने जीता गोल्ड



**देवघर।** झारखंड में खेल प्रतिभाओं के उभरते आयामों में अब जिम्नास्टिक भी शामिल हो गया है. देवघर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में चौथा झारखंड स्टेट एरोबिक एंड एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया. जिसने राज्य में इस खेल की संभावनाओं को मजबूती से सामने रखा है. इसका संचालन जिला खेल प्राधिकरण देवघर परिसर में हुआ. जिसमें पूरे झारखंड से 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया. यहां खिलाड़ियों की संख्या ही नहीं बल्कि उनका प्रदर्शन भी सराहनीय रहा. इस प्रतियोगिता में जिस ऊर्जा, लचीलापन और तकनीकी गुणवत्ता का प्रदर्शन देखने को मिला, उसने दर्शकों और खेल पदाधिकारियों को समान रूप से प्रभावित किया. आयोजन के दौरान झारखंड जिम्नास्टिक संघ और झारखंड खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे. इस स्टेट चैंपियनशिप का उद्देश्य न केवल राज्य स्तर पर प्रतिभाओं को मंच देना था बल्कि उनसे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन भी करना था. इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि इसमें विजयी प्रतिभागियों को सीधे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा.

### रामगढ़ जिला में मूसलाधार बारिश का दौर जारी नदी-नाले उफान पर

# लगातार हो रही तेज बारिश से किसानों को कृषि कार्य में हो रही परेशानी

- **भैरवी नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाने से पानी मुख्य मंदिर की सीढ़ियों तक पहुंच गया है। वहीं, नदी की चपेट में आने से कई दुकान बह गए**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में जारी मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा । जिले में दिनभर मूसलाधार बारिश होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश की वजह से लोगों को अपने दैनिक कार्य निपटाने में परेशानी हुई। नदी-नाले उफान पर लगातार जारी मूसलाधार बारिश की वजह से जिले के नदी-नाले पूरे उफान पर हैं। रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर के समीप बहने वाली दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर पूरे उफान पर है। भैरवी नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाने से पानी मुख्य मंदिर की सीढ़ियों तक पहुंच गया है। वहीं, नदी की पाने की चपेट में आने से कई दुकान बह गए। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा लोगों से सुरक्षा कारणों को लेकर नदी में नही जाने की लगातार अपील की जा रही है। इधर, लगातार बारिश की वजह से शहर के गांधी घाट के समीप दामोदर के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। लगातार बढ़ते जल स्तर के कारण लोगों को नदी किनारे नही जाने की सलाह दी गई है।

वहीं, जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण किसानों को परेशानी हो रही है। किसान यमुना मुंडा ने बताया कि बारिश के कारण भारी बारिश के कारण अबतक धान का बिहीन नही कर पाए हैं। जबकि भूलन ने कहा कि हम यह मना रहे हैं कि बारिश जल्द रूके ताकि धान का बिहीन कर सकें।

## इटावा उत्पीड़न कांड के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना



**धनबाद।** उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद के दांदरपुर गांव में जातिगत उत्पीड़न की घटना के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी संयुक्त मोर्चा ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दांदरपुर गांव में भागवत कथा के दौरान कथा वाचक से उनकी जाति पूछे जाने के बाद कथित तौर पर उच्च जाति के कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की. कथा वाचक की सहयोगी महिला के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया. साथ ही कथा स्थल का 'शुद्धिकरण' कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया. संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने इस घटना को भारतीय संविधान के समानता, गरिमा व सम्मान के अधिकार का खुला उल्लंघन बताया. उन्होंने प्रशासन से दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और पीड़ितों की सुरक्षा व न्याय सुनिश्चित करने की मांग की. मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई,

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद


## संपादकीय

# युद्ध टालता भारत और विश्व

भारत ने पाकिस्तान से पारंपरिक युद्ध लड़े बिना उसे उसकी औकात दिखा दी पर अनेक लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं। युद्ध में एक दूसरे को बर्बाद करती दुनिया को क्या याद करना चाहिए? क्लाउड लेवी स्ट्रॉस की चेतावनी कि 'दुनिया इन्सानों के बगैर शुरू हुई थी और इन्सानों के बगैर ही खत्म होगी।' आखिर क्यों नहीं? परमाणु बम और मिसाइलों की रेंज बताती इस दुनिया में कोई ऐसा नेतृत्व है, जिसे यकीन हो कि इस दुनिया को बचाना ही एक नेतृत्व के लिए सब कुछ होता है। और कोई नेतृत्व सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ही युद्ध विराम को अपने हिसाब से एक टूल न बना ले, बल्कि शांति का भी नेतृत्व करता नजर आए। क्या विश्व को एक ग्रुप ऑफ गुड लीडर्स जैसी संस्था की आवश्यकता आ पड़ी है, जो दुनिया को शांति और सद्भाव का पाठ पढ़ा सके? आतंकवाद और घृणा से घिरते एवं फिर हिंसक होते इस समाज को कोई बर्बाद होने से बचाना क्यों नहीं चाहता? क्यों आखिर युद्ध ही सभी मसलों का हल है? और अगर है, तो फिर ये मसले हल क्यों नहीं होते? इन सबके बीच शांति क्या अप्रचलित मूल्य बन चुकी है? ऐसा लगता है, जैसे धर्म और नस्ल में दिनों-दिन बंटती जा रही इस दुनिया को सिर्फ पैसे और व्यापार से ही युद्ध से दूर किया जा सकता है, शांति के उद्बोधन और सामाजिक आचरण से नहीं। क्या शांति अपने आप में किसी नेतृत्व का 'सेंटर ऑफ ग्रेविटी' नहीं हो सकती? सर्दियों से पहले शरद ऋतु आती है और आते हैं वे अच्छे लोग, जो लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरते हैं। और उन अच्छे लोगों में से कोई बहुत अच्छा व्यक्ति उनका लीडर बनता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न तो समाज में एकजुटता के पत्ते भूरे होंगे और न ही आम आदमी की मुस्कान। लेकिन मिसाइलों के धमाकों में वह लीडर कहां है? यह दुनिया चंद्रमा के बाद अब मंगल ग्रह और अंतरिक्ष में मनुष्यों की विशाल छलांग की कहानी गढ़ रही है। लेकिन पृथ्वी पर विकास और जिजीविषा की छलांग सिर्फ युद्ध के संदेश लिए ड्रोन और मिसाइलों से क्यों हो रही है? क्या अब भी हमारी धरती को उन भूले-बिसरे नेताओं के पदचिह्नों की जरूरत है, जिन्हें दुनिया ने पिछले कुछ दशकों में देखा है? सबसे ज्यादा महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला याद आ रहे हैं। इधर युद्ध, मिसाइल, ड्रोन हर जगह मंडरा रहे हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, आतंकवाद, निरक्षरता, महंगाई, भुखमरी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। फिर यह दुनिया बचेगी कैसे? कौन होगा वह लीडर, जो शांति का नायक बनेगा? और क्या शांति के नेतृत्व के लिए भी आर्थिक और सामरिक शक्ति का विशाल जखीरा रखना एक 'जरूरी योग्यता' बन जाएगी? क्या महान सम्राट अशोक की कहानी इतिहास में हिंसा से अहिंसा के हृदय परिवर्तन की आखिरी कहानी बनकर रह जाएगी? आज हर दूसरा व्यक्ति डिजिटल वर्ल्ड में इन्फ्लुएंसर बना घूम रहा है। तो फिर वह इन्फ्लुएंस शांति और सद्भाव के लिए क्यों नहीं होता? अगर सब कुछ एक लीडर के हाथ में होता है, तो वह अच्छा नेता कैसा होता है? अरस्तू इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि एक अच्छा नेता कोई और नहीं, बल्कि एक अनुयायी होता है और वह अनुसरण करता है लोगों की जरूरतों और इच्छाओं का, सभी के कल्याण का। आधुनिक दुनिया में 'अनुसरण' शब्द सिर्फ मेटा और ब्लू टिक के इर्द-गिर्द ही दिखाई देता है। अंत में, अरस्तू ने निष्कर्ष निकाला कि एक अच्छा अनुयायी ही एक अच्छा नेता बनने के योग्य होता है।

*परमाणु बम और मिसाइलों की रेंज बताती इस दुनिया में कोई ऐसा नेतृत्व है, जिसे यकीन हो कि इस दुनिया को बचाना ही एक नेतृत्व के लिए सब कुछ होता है।*

# एक दिन सम्मान का, हर दिन समर्पण का-चिकित्सक दिवस की पुकार




आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

जब जीवन की डोर किसी अनजानी पीड़ा से उलझने लगती है, जब साँसें संदेह और भय से जकड़ने लगती हैं, तब एक चेहरा विश्वास का उजाला बिखेरता है - जो रक्षक भी हैं, और संजीवनी भी, वह है नब्ज़ की भाषा समझने वाले देवदूत चिकित्सक। मानवता की सेवा में अटल, विज्ञान और करुणा का अनुपम मेल, एक ऐसा व्यक्तित्व जो न केवल रोग से जूझता है, बल्कि रोगी को जीने का हौसला भी देता है। 1 जुलाई का दिन भारत में इन्हीं जीवनदाताओं को समर्पित है-'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस', जो उन निःस्वार्थ सेवकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है, जिनकी धड़कनें देश के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं। यह दिन हमें न केवल उनके योगदान को याद करने का अवसर देता है, बल्कि उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करने और एक संवेदनशील समाज के निर्माण का संकल्प लेने का भी आह्वान करता है।

यह दिवस भारत के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर राजनेता डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। उनका जन्म और निधन, दोनों ही 1 जुलाई को हुए-यह महज संयोग नहीं, बल्कि उनके जीवन की पूर्णता का प्रतीक है। भारत रत्न से सम्मानित डॉ. रॉय न केवल एक कुशल चिकित्सक थे, बल्कि पश्चिम बंगाल के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने चिकित्सा और प्रशासन के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। उनके प्रयासों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे संस्थानों की नींव पड़ी और भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) को मजबूती मिली। उनके लिए चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि एक धर्म था-एक ऐसा दायित्व, जो आज भी हर चिकित्सक के हृदय में जीवित है। उनकी यह विरासत हमें सिखाती है कि चिकित्सक का कर्तव्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना किसी युद्ध से कम नहीं। भारतीय चिकित्सा परिषद के अनुसार, देश में लगभग 13 लाख पंजीकृत चिकित्सक हैं, जिनमें से करीब 8 लाख सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक के अनुसार, प्रत्येक 1000 लोगों पर एक डॉक्टर होना चाहिए। भारत में यह अनुपात 1:834 है, जो भले ही वैश्विक औसत से बेहतर हो, लेकिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच गहरी खाई इसे कमज़ोर बनाती है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ यह अनुपात 1:400 तक पहुँच जाता है, वहीं ग्रामीण भारत में यह 1:3000 से भी बदतर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में चिकित्सकों की कमी, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा, और सीमित संसाधन आज भी गंभीर चुनौतियाँ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 30% स्वास्थ्य केंद्रों में ही पूर्णकालिक चिकित्सक उपलब्ध हैं, जो इस असमानता को और उजागर करता है। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद, भारतीय चिकित्सक एक सच्चे योद्धा की तरह हर चुनौती का सामना करते हैं। कोविड-19 महामारी इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। वर्ष 2020 से 2022 के बीच, भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के अनुसार, लगभग 1600 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी जान गँवाई। फिर भी, लाखों डॉक्टरों ने दिन-रात, बिना थके, बिना डरे, मरीजों की सेवा की। उस दौर में, जब दुनिया ठहर-सी गई थी, अस्पतालों में चिकित्सकों की धड़कनें ही जीवन की लय बनकर उभरीं। उन्होंने न केवल लाखों लोगों की जान बचाई, बल्कि भय और अनिश्चितता के बीच मानसिक बल भी प्रदान किया। इस दौरान भारत में लगभग 5 करोड़ से अधिक लोगों को कोविड से संबंधित चिकित्सा सेवाएँ दी गईं, जिनमें से अधिकांश का श्रेय चिकित्सकों की अथक मेहनत को जाता है।

भारत में हर दिन औसतन 75 लाख से अधिक लोग चिकित्सा सेवाएँ प्राप्त करते हैं। इनमें सरकारी अस्पताल, निजी क्लिनिक, स्वास्थ्य शिविर और अब तेज़ी से बढ़ रही टेलीमेडिसिन सेवाएँ शामिल हैं। वर्ष 2024 तक, टेलीमेडिसिन के माध्यम से लगभग 10 करोड़ से अधिक परामर्श सत्र पूरे हो चुके हैं, जो चिकित्सा की पहुँच को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक ले जाने में एक क्रांतिकारी कदम है। लेकिन इन सभी सेवाओं की रीढ़ वही चिकित्सक हैं, जो न केवल दवा देते हैं, बल्कि करुणा और विश्वास का वह अमूल्य स्पर्श भी प्रदान करते हैं, जो किसी मशीन से संभव नहीं। कई चिकित्सक निःशुल्क शिविरों, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुँच रहे हैं। उदाहरण के लिए, 'डॉक्टर्स फॉर यू' जैसे संगठन हर साल लाखों लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं, जिनमें से अधिकांश दूरस्थ और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में होते हैं। हालाँकि, इस सेवा भाव के पीछे कई गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। भारतीय चिकित्सा संघ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 75% से अधिक चिकित्सक अपने कार्यस्थल पर किसी न किसी रूप में दुर्व्यवहार या हिंसा का सामना करते हैं। यह हिंसा मौखिक अपशब्दों से लेकर शारीरिक हमलों तक हो सकती है। यह तथ्य न केवल चिंताजनक है, बल्कि शर्मनाक भी। जो व्यक्ति जीवन बचाने के लिए दिन-रात मेहनत करता है, उसकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज का प्राथमिक दायित्व है। इसके अलावा, चिकित्सकों को लंबे कार्य घंटों, मानसिक तनाव और सतत अध्ययन की चुनौती का भी सामना करना पड़ता है। एक औसत चिकित्सक सप्ताह में 60-70 घंटे काम करता है, और कई बार रातों की नींद भी त्याग देता है। फिर भी, उनका समर्पण अडिग रहता है। चिकित्सक का जीवन केवल तकनीकी ज्ञान और कौशल तक सीमित नहीं है। यह संवेदना, धैर्य और मानवीयता का संगम है। हर सफल उपचार के पीछे अनगिनत बलिदान छिपे होते हैं—पारिवारिक समय की कमी, व्यक्तिगत जीवन का त्याग, और निरंतर सीखने की प्रक्रिया। आज चिकित्सा जगत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक सर्जरी, और जीन थेरेपी जैसे नवाचार तेज़ी से बढ़ रहे हैं। भारत में ही 2024 तक 500 से अधिक अस्पतालों ने रोबोटिक सर्जरी को अपनाया है, और टेलीमेडिसिन का उपयोग 50% से अधिक बढ़ा है। लेकिन इन तकनीकी प्रगतियों के बीच भी, एक चिकित्सक की करुणामयी नज़र और सांत्वनादायक शब्द ही मरीज को सबसे पहले राहत देते हैं। मशीनें शरीर का इलाज कर सकती हैं, लेकिन मन और आत्मा को ठीक करने का काम केवल एक संवेदनशील चिकित्सक ही कर सकता है।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आत्मचिंतन का अवसर है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने चिकित्सकों को वह सम्मान, सुरक्षा और संसाधन दे पा रहे हैं, जिनके वे हकदार हैं? क्या हम एक ऐसा समाज बना पा रहे हैं, जो उनके बलिदानों को समझे और उनकी गरिमा की रक्षा करे? तकनीक भले ही कितनी भी उन्नत हो जाए, लेकिन चिकित्सक का मानवीय स्पर्श ही सच्चा उपचार है। इस राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर हम केवल धन्यवाद तक सीमित न रहें। यह समय है एक संकल्प का—एक ऐसे समाज के निर्माण का, जो अपने चिकित्सकों को हर कदम पर सम्मान, सुरक्षा और समर्थन दे। क्योंकि जब चिकित्सक मुस्कराता है, तब राष्ट्र स्वस्थ और सशक्त होता है। उनके बिना हमारा जीवन अधूरा है, और उनकी सेवा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## उत्कृष्टता की साधना ही जीवन का असली उद्देश्य है

अलग बात



**वीणा देवांगन**

जीवन में उत्कृष्टता की साधना ही वह मार्ग है जो हमें आत्मिक, सामाजिक और व्यावसायिक रूप से महानता की ओर ले जाता है। हम सब यह मानते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान कुरुक्षेत्र के मैदान में दिया, परंतु यह बात ध्यान देने योग्य है कि उन्होंने यह ज्ञान एक ऐसे व्यक्ति को दिया जो अपने समय का सबसे बड़ा धनुर्धर था-यानी वह पहले से ही उत्कृष्टता की ऊंचाई पर था। उत्कृष्टता कोई मंज़िल नहीं, बल्कि यह एक निरंतर यात्रा है। जीवन में हम जो भी कार्य करें- चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो, खाना बनाना हो या ऑफिस का काम-हर कार्य में यह आत्ममंथन होना चाहिए कि मैं इसमें और बेहतर क्या कर सकता हूं? हर दिन स्वयं से यह प्रश्न करना कि "मैं आज कितना बेहतर हुआ?" यही गीता को जीवन में उतारना है। आज हम अधिकतर समय दूसरों की आलोचना करने, उनकी कमियों को देखने में गंवा देते हैं। लेकिन सच्ची प्रगति तब होती है जब हम स्वयं की आलोचना करें, अपनी आदतों और कार्यशैली को सुधारें और हर दिन एक नया संस्करण खुद का बनाएं। अगर कोई गृहणी है, तो वह यह सोच सकती है कि ऐसा कौन सा पौष्टिक, स्वादिष्ट और नया व्यंजन बना सकती हूं जो परिवार को स्वस्थ भी रखे और आनंद भी दे। अगर आप एक क्लर्क हैं, तो आप सोच सकते हैं कि अपने कार्य को कैसे अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और प्रेरणादायक बनाया जाए। हम में से हर व्यक्ति में उत्कृष्ट बनने की संभावना है, परंतु इसके लिए जरूरी है निरंतर आत्मचिंतन, आत्मसुधार और प्रयास। जो जीवन को बस पुराने ढर्रे पर जीते हैं, वे कभी नयापन नहीं ला सकते। जो हर दिन खुद को बदलने, निखारने और विकसित करने का संकल्प लेते हैं, वही सच्चे अर्थों में गीता को जीते हैं। गीता केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए है। और उसे जीने का अर्थ है - अपने हर कर्म में सर्वश्रेष्ठ की खोज, हर दिन स्वयं से प्रतिस्पर्धा, और जीवन को एक उद्देश्य के साथ जीना। आइए, हम भी अपने जीवन के हर पहलू में उत्कृष्टता की साधना करें। यही साधना हमें न केवल सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाएगी, बल्कि हमें आत्मिक शांति, संतुलन और दिव्यता से भी भर देगी।

(veenavlogs@gmail.com)

# जगन्नाथ की त्रिभुवन में महिमा



आपकी बात




**डॉ. रीना रवि मालपानी**
(कवयित्री एवं लेखिका)

जगन्नाथ भगवान रथ पर आरूढ़, भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करने वाले नीलांचल अर्थात पुरी में निवास करने वाले नारायण श्री हरि कृष्ण स्वरुप जगत कल्याण के लिए रथ पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते है। कृष्ण नाम तो मोक्ष प्राप्ति का सहज एवं सरल मार्ग है। भक्तों के संरक्षक पालनकर्ता भाई बलभद्र और लाड़ली सुभद्रा के साथ भ्रमण पर निकले है। सनातन धर्म में चार धाम यात्रा का उल्लेख है, जिनमें चार स्थान श्री हरि विष्णु नारायण ने विभिन्न कार्यों के लिए चयनित किए है। उत्तर में बद्रीनाथ में प्रभु की ध्यान स्थली है। दक्षिण में रामेश्वर में प्रभु स्नान करते है। पश्चिम में द्वारिका में विश्राम करते है एवं पूर्व में जगन्नाथ पुरी में भोजन ग्रहण करते है। प्रभु ने भक्तों के मनोरथ पूर्ण करने के लिए और असीम श्रृद्धा भक्ति के लिए चारों दिशाओं को चयनित किया है जिससे भक्त सहज ही ईश्वरीय आराधना से जुड़ सकें। विष्णु श्री हरि नारायण वही स्वरुप है जो कृष्ण बनकर देने पर आ जाए तो तीन मुट्ठी चावल में तीनों लोक प्रदान कर दे और जब वामन स्वरुप में आ जाए तो तीन पग से तीनों लोक नाप ले। प्रभु की प्रत्येक लीला भक्त के ईश्वर के प्रति असीम विश्वास को उजागर करती है।

जगन्नाथ पुरी धाम में प्रथम भवन नीलांचल है जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ निवास करते है और दूसरा है सुन्दरांचल जिसमें गुंडीचा मंदिर है। भगवान जगन्नाथ स्वरुप में भक्तों के भाव वाला भोजन ग्रहण कर उन्हें भावों की माला से जोड़ते है। अपनी माया से छप्पन भोग प्रकट करने वाले जगत के नाथ जगन्नाथ भक्त के अनुग्रह पर भोग ग्रहण कर तृप्ति का अनुभव करते है। प्रभु के विभिन्न स्वरुप में प्रत्येक समय ईश्वर की असीम भक्ति से जुड़ने का सन्देश देते है। नीलांचल में विराजमान भगवान जगन्नाथ सभा का आयोजन भी करते है, बीमार भी होते है, औषधि ग्रहण करते है, शरीर त्यागते है, नवीन शरीर ग्रहण करते है और यदि भक्त दर्शन का अभिलाषी हो तो भगवान अपनी दिनचर्या भी परिवर्तित कर देते है। एकादशी के दिन चावल में निवास करने वाले पाप से जगन्नाथ धाम में भक्तों को मुक्त करते है और दैनिक दिनचर्या अनुरूप चावल की खिचड़ी और व्यंजनों का प्रसाद स्वीकार ग्रहण करते है। ब्रह्म तत्व धारण करने वाले भगवान जगन्नाथ भक्तों की पुकार पर स्वयं अपने गर्भ गृह से निकलकर जन सामान्य के बीच आते है। ईश्वरीय लीला कभी भी अकारण नहीं होती, वह तो विधि का विधान होती है जिसमें भक्त का हित और गहरी ईश्वरीय आस्था निहित होती है। जिनकी ईच्छा के बिना पुष्प नहीं खिल सकते एक तुच्छ तृण भी गंतव्य नहीं हो सकता उन प्रभु की रथ यात्रा को भक्त गंतव्य तक पहुंचाते है। यह सब सृष्टि के नियामक चक्र में कितनी मनोहारी और अनोखी लीला है भगवान जगन्नाथ की। कुछ समय के लिए प्रभु बीमार हो जाते है, औषधीय काढ़ा ग्रहण करते है और लाड़ली सुभद्रा के अनुग्रह पर अपनी मौसी गुंडीचा के घर पर निवास करते है। जगन्नाथ भगवान वही श्री कृष्ण का स्वरुप है जो माँ को मातृत्व सुख प्रदान करने के लिए अनूठी लीलाएँ करते है। कभी काल कोठरी में बंद कर दिए जाते है तो कभी रस्सी से बाँध दिए जाते है, तो फिर भला मातृ तुल्य मासी का आग्रह कैसे अस्वीकार कर सकते है। मौसी अपने दुलारे को प्रत्येक प्रकार से मिष्ठान भोग, दूध, रबड़ी, माखन परोसकर अपने प्रेम अनुराग में कहीं भी न्यूनता नहीं होने देती है। मौसी के मनुहार के पहले जगन्नाथ भगवान जन सामान्य के कष्टों का भी निवारण करते है और भक्तों के दर्शन प्रदान कर असीम भक्ति की क्षुधा को शांत करते है। मौसी के घर पहुँचने पर मीठी मनुहार हो सहर्ष स्वीकार करते है, मौसी अपने लाडलों की प्रतीक्षा में एकटक रास्ता निहारती रहती है। करुणा के सागर भक्त की ईच्छा को पूर्ण न करें यह संभव नहीं है, इसीलिए लाड़ली सुभद्रा और मातृ तुल्य गुंडीचा मौसी दोनों की इच्छाएँ भगवान जगन्नाथ पूरी करते है। जगन्नाथ भगवान का नगर भ्रमण भक्तों में अनूठे उत्साह का संचार करता है। भक्तों की आतुरता और भक्तों का सैलाब प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ता है। रथ पर आरूढ़ भगवान जगन्नाथ के दर्शनाभिलाषी सुदूर स्थानों से एकत्र होते है। प्रभु की छवि के दर्शन का सौभाग्य विरलों को ही मिलता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मौसम और अलाव का नहीं रहा संबंध।
सभी तोड़ने लग गये, हितकारी अनुबंध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

देश की बात



**ललित गर्ग**

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए सामान्य बात है।

जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए।

कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा। सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिए यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पंजाब में पाकिस्तानी ड्रग तस्कर गिरफ्तार

## कनाडा से हो रहा था संचालित 60 किलो हेरोइन बरामद



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है । इस कार्रवाई में राजस्थान के बाड़मेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 60.302 किलोग्राम हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की गई। इस कार्टेल को पाकिस्तानी तस्कर तनवीर शाह और कनाडा में रहने वाला हैंडलर जोबन कलेर संचालित कर रहा था। पंजाब पुलिस ने इस ऑपरेशन में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर से नौ प्रमुख तस्करों और हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारियों ने ड्रग तस्करी के इस विशाल नेटवर्क की कमर तोड़ दी, जो न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय था। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए आंकी गई है। पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस सफल कार्रवाई की जानकारी साझा की। पुलिस ने बताया कि यह ऑपरेशन नार्को-आतंक के खिलाफ उनकी सतत लड़ाई का हिस्सा है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस बारे में पूरी जानकारी दी। उनके वीडियो को पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी जारी किया गया।

## कश्मीर के बाद अब मिजोरम में रेलवे लाएगी खुशहाली

# 51.38 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेल लाइन का पीएम जल्द करेंगे उद्घाटन

- पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय रेल उन स्थलों तक भी पहुंची है जहां रेलवे का सपना तो बहुत पहले देखा गया लेकिन उसे पूरा करने की दिशा में पहले की सरकारों ने कोई बड़े कदम नहीं उठाये थे। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पुल का उद्घाटन किया था जिससे कश्मीर घाटी का राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा हुआ। अब सुदूर पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए निर्धारित 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेल लाइन भौगोलिक और साजोसामान से जुड़ी चुनौतियों को पार करते हुए बन कर तैयार हो चुकी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के एक अधिकारी



- रेल मार्ग के चालू होने के बाद लोग सिलचर के रास्ते ट्रेन से आइजोल की यात्रा कर सकेंगे
- इस लाइन के पूरा होने से मिजोरम पूर्वोत्तर का चौथा राज्य बन गया है, जिसकी राजधानी राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ी गई है

ने कहा है, ''रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएसआर) की मंजूरी के साथ यह लाइन तैयार है और बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे।

''हम आपको बता दें कि इस रेल मार्ग के चालू होने के बाद लोग सिलचर के रास्ते ट्रेन से आइजोल की यात्रा कर सकेंगे और राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता, पहाड़ियों और घने जंगलों का आनंद ले सकेंगे। मिजोरम को ''पहाड़ी लोगों की भूमि'' के रूप में जाना जाता है।

अधिकारियों ने कहा कि इस लाइन के पूरा होने से मिजोरम पूर्वोत्तर का चौथा राज्य बन गया है, जिसकी राजधानी राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ी गई है। हम आपको बता दें कि इस लाइन में 12.853 किलोमीटर लंबी 48 सुरंग, 55 बड़े और 87 छोटे पुल, पांच सड़क ओवरब्रिज और नौ सड़क अंडरब्रिज हैं। इनमें से एक पुल की ऊंचाई 104 मीटर है, जो कुतुब मीनार से 42 मीटर अधिक है। नयी लाइन से मिजोरम के लोगों को न केवल बेहतर परिवहन और सुगमता का लाभ मिलेगा, बल्कि इससे क्षेत्र से आवाजाही में भी वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इस अभूतपूर्व परिचालन से वाणिज्यिक गतिविधियों, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और पूर्वोत्तर के राज्यों में ट्रेन संपर्क मजबूत होगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा स्टेशनों और माल शेड के पास छोटे-छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा।

# न्यूज बॉक्स

## चार धाम यात्रा पर लगा 24 घंटे का प्रतिबंध हटा



**नई दिल्ली।** चार धाम यात्रा पर रविवार को 24 घंटे का प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे अब हटा लिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि चार धाम यात्रा पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया गया है और यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि चार धाम यात्रा पर लगाया गया 24 घंटे का प्रतिबंध अब हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले जिलों के जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मौसम की स्थिति के अनुसार वाहनों को रोकने या आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के बढ़ते खतरे को देखते हुए रविवार को चार धाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। यात्रा स्थगित करने की जानकारी देते हुए गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने रविवार को बताया कि लगातार भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए चारधाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। लोगों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। उन्होंने तीर्थयात्रियों से आग्रह किया कि वे जहां हैं, वहीं रहें और स्थिति में सुधार होने तक केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा करने से बचें।

## अमरनाथ यात्रा पर साइकिल से निकले नेपाल के सचिन



**जम्मू।** नेपाल के रहने वाले सचिन चौधरी साइकिल पर सवार होकर अमरनाथ यात्रा पर निकले हैं। उनका यह सफर केवल धार्मिक नहीं, बल्कि एक सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश लिए है। सचिन अपनी इस विशेष यात्रा के जरिए देशवासियों को जल संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। सचिन ने बताया कि उन्हें घर से निकले हुए आठ महीने और आठ दिन हो चुके हैं। यह उनकी भारत में दूसरी यात्रा है और इस बार उनका लक्ष्य बाबा बर्फानी के दर्शन करना है। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर हैं और यहां की यात्रा अब तक बहुत ही सकारात्मक रही है। सचिन ने कहा कि जैसे ही मैंने जम्मू में प्रवेश किया, तो बहुत प्यार और समर्थन मिला। जो डर हम लोगों को जम्मू-कश्मीर को लेकर होता था, वो सब गलत साबित हुआ। यहां कोई धर्म का भेदभाव नहीं है, हिंदू-मुस्लिम सब एकता और भाईचारे से रहते हैं। सचिन ने बताया कि रास्ते में लोग उन्हें खाना, पानी और रहने के लिए जगह तक उपलब्ध कराते हैं। गुरुद्वारों में उन्हें न सिर्फ भोजन, बल्कि रुकने के लिए कमरे भी दिए गए। भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। जितना मैंने सोचा था, उससे कहीं अधिक सहयोग मिला है। सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ करते हुए सचिन ने कहा कि 2025 में जो लोग अमरनाथ आना चाहते हैं, वे निश्चिंत होकर आएं। यहां जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात हैं।

## प्रकाश मिश्रा ने भक्तों से की अपील 'प्रशासन के साथ करें सहयोग'



**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ के बाद सरकार और प्रशासन अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। इस बीच, ओडिशा के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार प्रकाश मिश्रा ने भक्तों से रथ यात्रा के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार प्रकाश मिश्रा ने इस भव्य उत्सव में अटूट आस्था दिखाने और भागीदारी के लिए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैं सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे यकीन है कि हर कोई आध्यात्मिक माहौल का आनंद ले रहा होगा और भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के दिव्य दर्शन का अवसर प्राप्त कर रहा होगा। यहां भारी भीड़ है, लेकिन हर कोई व्यवस्थित कतार में चल रहा है।" प्रकाश मिश्रा ने जोर देकर कहा कि घबराहट या अशांति का कोई कारण नहीं है। कहीं भी अराजकता का कोई संकेत नहीं है। सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। रथ यात्रा एक पवित्र आयोजन है और यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई है कि सभी को दर्शन का मौका मिले। मैं सभी श्रद्धालुओं से धैर्य रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने आगे कहा, "अनुष्ठान निर्धारित समय के अनुसार आगे बढ़ रहा है और रथ खींचने का काम 4 जुलाई तक जारी रहेगा। श्रद्धालुओं को जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियां जोरों पर

**अलीगढ़।** सावन का पवित्र महीना नजदीक आते ही अलीगढ़ में कांवड़ यात्रा की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। इस दौरान भगवान शिव के भक्तों में घंटी और घुंघरू की खरीदारी का उत्साह चरम पर है। स्थानीय बाजारों में इस बार नई डाक कांवड़ भी कारोबारियों ने पेश की है, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अलीगढ़ के कारोबारी पिछले 11 महीनों से घंटी और घुंघरू तैयार करने में जुटे हैं, जिनकी मांग अब देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रही है। अलीगढ़, जो पहले ताले और तालीम के लिए जाना जाता था, अब घंटी और घुंघरू के कारोबार के लिए भी अपनी पहचान बना रहा है। यहां तैयार ये उत्पाद हरिद्वार, बिहार, उज्जैन सहित देश के कई शहरों में भेजे जा रहे हैं। कारोबारी चंद्रशेखर शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "सावन में कांवड़ यात्रा के लिए हम विशेष सामान बनाते हैं।

## विधायक टी राजा सिंह ने बीजेपी पार्टी से दिया इस्तीफा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के गोशामहल से भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी नेतृत्व के फैसले से असहमति जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका यह फैसला रामचंदर राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बाद सामने आया है। राजा सिंह ने अपने इस्तीफे में लिखा, "मैं यह पत्र भारी मन से और गहरी चिंता के साथ लिख रहा हूं। रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर से न सिर्फ मैं, बल्कि लाखों कार्यकर्ता, नेता और पार्टी के समर्पित मतदाता भी सदमे में हैं। ऐसे समय में जब भाजपा राज्य में पहली बार सरकार बनाने की दहलीज पर है, इस प्रकार का निर्णय पार्टी की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।" उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पर्दे के पीछे से फैसले करवा रहे हैं और व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भ्रमित कर रहे हैं।

## शिमला में पिकअप ट्रक के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

**शिमला।** शिमला के एक गांव में एक पिकअप ट्रक के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सुन्नी तहसील के गडेरी गांव निवासी भीम राम के पुत्र प्रेम चंद (40) और तेज राम के पुत्र दिनेश (36) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना रविवार देर रात शिमला जिले के सुन्नी तहसील में जलोग गांव के पास हुई। चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक खाई में गिर गया। इस घटना में ट्रक चालक और अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को सोमवार सुबह स्थानीय निवासियों ने देखा, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मौके से शवों को बरामद किया। शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि मामले में जांच जारी है।

## तिरुपति से लौट रहे श्रद्धालु हादसे के शिकार, 3 की मौत, 9 गंभीर



**चिक्कबल्लापुर/चित्तूर।** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर के रहने वाले 3 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। हादसे में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ये लोग थिम्मप्पा मंदिर में दर्शन के बाद तिरुपति से वापस चिक्कबल्लापुर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में मदनपल्ले के पास हादसा हुआ। दुर्घटना तब हुई जब एक अज्ञात वाहन ने टेंपो ट्रेवलर को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन चिक्काबल्लापुर के बागेपल्ली से तिरुपति जा रहा था, जो कुरुबलकोटा मंडल के चेन्नामरी मिट्टा के पास टेंपो ट्रेवलर से टकरा गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टेंपो ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद वहां हाहाकार मच गया। वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसने घायलों को अस्पताल भेजा। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक अपनी गाड़ी को लेकर वहां से फरार हो गया था। इस दुर्घटना में मृतक मेघर्ष (17), चरण (17) और श्रावणी (28) शामिल हैं।

## भाषा विवाद पर फिर बोले राज ठाकरे

# मराठी पर हिंदी थोपने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने सोमवार को कहा कि हिंदी भले ही व्यापक रूप से बोली जाती हो, लेकिन यह अन्य राज्यों पर थोपी जाने वाली राष्ट्रीय भाषा नहीं है और इसे मराठी से ऊपर रखने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। मनसे और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी थोपने का विरोध करने में सबसे आगे रही है। स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी शुरू करने के बढ़ते विरोध को देखते हुए राज्य सरकार ने त्रिभाषा नीति के क्रियान्वयन पर दो सरकारी आदेश वापस ले लिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति पर आगे का रास्ता सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन की घोषणा की। पत्रकारों से बात करते हुए ठाकरे ने कहा, "लोग 150 से 200 साल पुरानी हिंदी भाषा को मराठी से बेहतर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका इतिहास 3,000 साल से भी ज़्यादा पुराना है। यह अस्वीकार्य है और मैं इसकी इजाज़त नहीं दूंगा।" उन्होंने ऐसी भाषाई विविधता वाले देश में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में ब्रांड करने की वैधता पर सवाल उठाया। मनसे प्रमुख ने कहा कि हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है जिसे दूसरे राज्यों पर थोपा जाए। इस तरह की जबरदस्ती ठीक नहीं है। फडणवीस सरकार ने 16 अप्रैल को एक जीआर जारी किया, जिसमें अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बना दिया गया। विरोध के बीच, सरकार ने 17 जून को संशोधित जीआर जारी किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**वृष :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कर्क :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं।

**कन्या :** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।


**धनु :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मकर :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कुंभ :** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

# ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर को लगी आग



**एजेसी। नई दिल्ली**

ओमान की खाड़ी में मिशन के लिए तैनात भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर 29 जून को पुलाऊ-ध्वजांकित तेल टैंकर एमटी यी चेंग 6 से संकट संकेत मिलने के बाद कार्रवाई में जुट गया। यह जहाज भारत के कांडला से ओमान के शिनास के रास्ते में था, उसके इंजन कक्ष में भयंकर आग लग गई, जिसके साथ ही बिजली भी पूरी तरह से गुल हो गई।

14 चालक दल के सदस्यों को ले जाने वाले संकटग्रस्त टैंकर की स्थिति तेज़ी से बिगड़ गई, जिसके कारण भारतीय नौसेना से तत्काल सहायता प्राप्त हुई।

सटीकता और व्यावसायिकता का प्रदर्शन करते हुए, आईएनएस तबर ने बचाव अभियान शुरू किया और जहाज की नाव और हेलीकॉप्टर दोनों के माध्यम से अपनी अग्निशमन टीम और विशेष उपकरण तैनात किए। भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि 13 भारतीय नौसैनिक और क्षतिग्रस्त टैंकर के 5 चालक दल के सदस्य फिलहाल आग बुझाने के काम में लगे हुए हैं और जहाज पर लगी आग की तीव्रता में काफी कमी आई है।

## भारतीय सेना ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

# अमरनाथ यात्रा के कारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**एजेंसी। राजौरी**



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारतीय सेना ने राजौरी जिले के तारकुंडी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों ने राजौरी के तारकुंडी में सीमा रेखा के पास से एक पाकिस्तानी गाइड को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारतीय सेना के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा गया, जो जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार हथियारबंद आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने में मदद कर रहा था। सतर्क सैनिकों की त्वरित कार्रवाई से इस घुसपैठ को नाकाम कर दिया गया। पकड़े गए युवक के पास से एक मोबाइल फोन और पाकिस्तानी मुद्रा सहित संवेदनशील वस्तुएं बरामद की गई हैं। फिलहाल पाकिस्तानी नागरिक सुरक्षा बलों की हिरासत में है और पूछताछ की जा रही है, ताकि सीमा पार के आतंकी नेटवर्क और हैंडलर्स की जानकारी मिल सके। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर निगरानी को और भी बढ़ा दिया है, ताकि भविष्य में घुसपैठ की कोशिश को रोका जा सके। पाकिस्तानी गाइड की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है, जब अमरनाथ यात्रा को लेकर बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की चौकसी और सख्त कर दी है।

**रेप केस** महिला सीएम होने के बावजूद, भाजपा ने मांगा ममता बनर्जी से इस्तीफा

# महिलाओं पर अत्याचार के मामले में प.बंगाल पहले नंबर पर : गौरव वल्लभ

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में कानून की छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा ने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ऐसे मामलों में लगातार आरोपियों को बचाने का प्रयास करती है। साथ ही भाजपा ने सरकार पर महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।



### सामूहिक दुष्कर्म : तृणमूल सांसदों में जुबानी जंग

तृणमूल कांग्रेस के दो सांसदों कल्याण बनर्जी और महुआ मोइत्रा के बीच यहां एक विधि महाविद्यालय की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई है। बनर्जी ने मोइत्रा पर व्यक्तिगत टिप्पणी की है। पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर लोकसभा सीट से सांसद बनर्जी ने दावा किया कि कृष्णानगर की लोकसभा सदस्य मोइत्रा अपने हनीमून के बाद भारत वापस आ गईं और उन पर हमला करना शुरू कर दिया है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल महिलाओं के शोषण और अत्याचार के मामले में पहले नंबर पर है। ऐसा हर बार होता है कि आरोपी टीएमसी का सदस्य होता है। टीएमसी हमेशा आरोपी को बचाने की कोशिश करती है। वह पीड़िता के परिवार के सदस्यों के साथ खड़ी नहीं होती। हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हैं, तभी पीड़िता के परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने से बात करते हुए कहा, "आजकल महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे अत्याचारों का पर्याय बन गई है टीएमसी। टीएमसी विधायक जो यह बयान देते हैं कि जब कॉलेज बंद था तो पीड़िता क्यों गई और अगर किसी दोस्त ने ऐसा किया तो पार्टी क्या कर सकती है, उन्हें यह सोचना चाहिए कि अगर उनके परिवार की महिलाओं के साथ ऐसा कुछ हुआ और दूसरे लोग इस तरह के बयान दें तो उन्हें कैसा लगेगा।"

भाजपा की चार सदस्यीय जांच समिति कोलकाता पहुंचेगी। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि आज हमारी पार्टी की चार सदस्यीय टीम कोलकाता आ रही है। हम उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करेंगे और लालबाजार सीपी ऑफिस ले जाएंगे। हम सीपी से मिलना चाहते हैं। हमने मुख्य सचिव को भी ईमेल भेजा है, हम उनसे भी मिलना चाहते हैं। उसके बाद हम दक्षिण कोलकाता के लॉ कॉलेज पहुंचेंगे, जहां यह घटना हुई थी। यह सब हो जाने के बाद हम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे...हमें उम्मीद है कि सीएम ममता बनर्जी हमारे साथ ठीक से पेश आएंगी क्योंकि हम आंदोलन नहीं करने जा रहे हैं, हम सिर्फ घटना के बारे में पूछताछ करेंगे।

# कैप्टन कूल को ट्रेडमार्क कराना चाहते हैं धोनी

## आवेदन किया, अप्रूव होने पर अपने कोचिंग सेंटर को देंगे यह नाम



कोलकाता । एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने 'कैप्टन कूल' को ट्रेडमार्क कराने के लिए आवेदन किया है। अगर उन्हें इस शब्द के ट्रेडमार्क राइट्स मिल जाते हैं तो कैप्टन कूल शब्द का प्रयोग कोई व्यक्ति या संस्था नहीं कर सकेगी। धोनी ने 5 जून को ट्रेडमार्क रजिस्ट्री पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा किया। वे कोचिंग और ट्रेनिंग सेंटर्स के लिए 'कैप्टन कूल' का उपयोग करने के लिए विशेष अधिकार चाहते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान के आवेदन को शुरुआत में ट्रेड मार्क्स अधिनियम की धारा 11(1) के तहत बाधा का सामना करना पड़ा। क्योंकि, इस नाम से पहले ही एक ट्रेडमार्क रजिस्टर्ड था। ऐसे में नए ट्रेड मार्क से लोग भ्रमित हो सकते थे। धोनी के वकीलों ने तर्क दिया कि 'कैप्टन कूल' नाम धोनी से पिछले कई सालों से जुड़ा हुआ है। इसे जनता, मीडिया और प्रशंसकों ने बड़े पैमाने पर अपनाया है। धोनी को फैंस ने दिया कैप्टन कूल का टैग धोनी को कैप्टन कूल का टैग उनके फैंस और मीडिया ने दिया था। वे अपनी कप्तानी के दौरान मैदान पर काफी शांत नजर आते थे। मैच की परिस्थिति चाहे जितनी कठिन हो धोनी ठंडे दिमाग से ही फैसले लेते थे। यही कारण था कि उन्हें कैप्टन कूल के नाम से जाना जाने लगा।

### वे 5 फैसले, जिनसे धोनी कैप्टन कूल कहलाए

**2007** जोगिंदर को आखिरी ओवर दिया 2007 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल पाकिस्तान के खिलाफ खेला जा रहा था। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को 13 रन चाहिए थे। ऐसे में धोनी ने कम अनुभव वाले गेंदबाज जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर दिया और उन्होंने मैच जिता दिया।

**2011** वर्ल्डकप फाइनल में बैटिंग ऑर्डर बदला श्रीलंका से वर्ल्ड कप फाइनल में जब भारत मुश्किल में था, तब धोनी ने फॉर्म में चल रहे युवराज सिंह से पहले खुद बैटिंग करने का फैसला लिया। उन्होंने नाबाद 91 रन बनाकर भारत को 28 साल बाद विश्व कप जिताया।

**2012** टेस्ट सीरीज 4-0 से हारे, मीडिया की तीखे सवालों पर शांत रहे 2012 भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत को 4-0 से हार मिली थी, लेकिन धोनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में न तो टीम को कोसा, न ही नाराजगी दिखाई। उन्होंने जर्नलिस्ट के सवाल पर शांत होकर कहा कि सीखना जरूरी है।

**2016** बांग्लादेश के खिलाफ रनआउट से जिताया 2016 टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को आखिरी गेंद पर 2 रन चाहिए थे। धोनी ने ग्लव्स उतारकर खुद रनआउट के लिए दौड़ लगाई और मैच जिता दिया।

**2018** वापसी के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को चैंपियन बनाया 2 साल के बैन के बाद सीएसके की टीम लौटी, सभी ने टीम को 'डैड्स आर्मी' कहा।

फॉर्मूला 1

# नॉरिस ने पियास्ट्री लेक्लेर को पछाड़कर ऑस्ट्रियाई ग्रां प्री जीती

स्पीलबर्ग (आईएएनएस)

लैंडो नॉरिस ने ऑस्ट्रियाई ग्रां प्री में मैक्लेरेन टीम के ऑस्कर पियास्ट्री के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि मैक्स वेरस्टैपेन किमी एंटोनेली की मर्सिडीज के संपर्क में आने के बाद पहले ही लैप में बाहर हो गए। पोल से शुरुआत करते हुए नॉरिस ने टर्न 1 में बढ़त बनाए रखी, लेकिन जल्द ही चैंपियनशिप लीडर पियास्ट्री ने उन पर दबाव बना दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने तनावपूर्ण मुकाबले के दौरान कुछ समय के लिए बढ़त हासिल की। लेकिन, नॉरिस ने जल्द ही बढ़त बनाई। टर्न 4 के लिए ब्रेक लगाने के दौरान एक नजदीकी कॉल के बाद, जिसमें पियास्ट्री लॉक हो गया और लगभग नॉरिस के पीछे जा टकराया। नॉरिस के पास पी 1 पर बने रहने और चेकर्ड ध्वज लेने के लिए पर्याप्त गति थी। यह सीजन की उनकी तीसरी जीत और पिछले महीने के मोनाको ग्रैंड प्रिक्स के बाद पहली जीत थी। फेरारी से रेस लगाने वाले चार्ल्स लेक्लर लुईस हैमिल्टन के साथ चौथे स्थान पर रहे। जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहने वाले एकमात्र मर्सिडीज ड्राइवर थे, जबकि उनके नए साथी किमी एंटोनेली शुरुआती लैप में टर्न 3 के लिए ब्रेक लगाते समय नाटकीय ढंग से मैक्स वेरस्टैपेन से टकरा गए, जिससे दोनों ड्राइवर मुकाबले से बाहर हो गए। लियाम लॉसन ने अपने शीर्ष-छह ग्रिड स्लॉट को शीर्ष-छह फिनिश में बदलने के लिए एस्टन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो और किक सॉबर के बोर्टोलेटो से आगे रहने का फायदा उठाया, जिन्होंने दो बार के विश्व चैंपियन के साथ एक शानदार रेस के बाद अपना पहला एफ1 अंक हासिल किया।



# क्लब विश्व कप : बेयर्न की फ्लेमेंगो पर 4-2 से शानदार जीत

मियामी (आईएएनएस)

हैरी केन के दो गोल की मदद से बेयर्न म्यूनिख ने हार्ड रॉक स्टेडियम में फ्लेमेंगो को 4-2 से हराया। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विन्सेंट कोम्पनी की टीम अब शनिवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगी। यह मुकाबला अटलांटा के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला जाएगा। बायर्न ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली, एरिक पुल्गर ने अनजाने में अपने ही नेट में हेडर मारा और केन का डिफ्लेक्टेड ड्राइव पोस्ट से अंदर चला गया। गेर्सन के एक दमदार स्ट्राइक ने इस अंतर को आधा कर दिया, लेकिन लियोन गोरेट्जका ने ब्रेक तक बवेरियन को 3-1 से आगे कर दिया। जॉर्जिन्हो ने मिशेल ओलिस को हैंडबॉल के लिए दंडित किए जाने के बाद स्पॉट से एक गोल वापस ले लिया।

हालांकि, फ्लेमेंगो ने बराबरी के लिए पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन केन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। एक बेहतरीन टेक और शानदार फिनिश ने जीत सुनिश्चित कर दी। बायर्न के मैनेजर विन्सेंट कोम्पनी ने कहा, "शुरुआती 20



मिनट हम अच्छा खेल रहे थे, लेकिन खेल की गति बहुत तेज थी। मैं सोच रहा था, 'इस समर में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ क्या यह प्रदर्शन जारी रहेगा?' ईमानदारी से कहूं तो, हम मैच में आगे बढ़े और मुझे लगता है कि यह फैंस के लिए एक अच्छा मैच था। हम अगले दौर में जाने पर सच में बहुत खुश हैं। विन्सेंट कोम्पनी ने बताया कि उनकी टीम शनिवार को अटलांटा में पीएसजी के साथ होने वाले मुकाबले पर फोकस करने से पहले आराम करने को प्राथमिकता देगी। मैनचेस्टर सिटी के पूर्व डिफेंडर ने कहा, "अहम बात यह है कि हमें अब आराम करना है।

# अजहर महमूद को पाक का कार्यवाहक रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया गया

लाहौर (आईएएनएस)

पाकिस्तान द्वारा 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र शुरू करने से पहले, पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को टीम का कार्यवाहक रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया गया है और वह अपने मौजूदा अनुबंध के समापन तक इस पद पर काम करेंगे। पिछले साल के अंत में जेसन गिलेस्पी के पाकिस्तान के रेड-बॉल हेड कोच के पद से हटने के बाद, आकिब जावेद ने यह भूमिका संभाली थी। लेकिन 50 वर्षीय महमूद अब पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच और बाद में सहायक मुख्य कोच के रूप में लंबे समय तक काम करने के बाद इस पद पर आसीन हुए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक बयान में कहा, "खेल के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सिद्ध सफलता के साथ, उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है।



उनकी लाल गेंद की विरासत दो काउंटी चैंपियनशिप खिताबों से रेखांकित होती है - एक उपलब्धि जो उनके नेतृत्व, सामरिक कौशल और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ कहती है।

# हॉकी इंडिया: पाकिस्तान को एशिया कप खेलने की अनुमति संभव नहीं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में होने वाले हॉकी पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी अनिश्चित है, क्योंकि उन्हें बाहर करने की मांग बढ़ रही है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर, राजगीर हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान की



पुरुष हॉकी टीम की भागीदारी खतरे में है। टूर्नामेंट के लिए दो महीने से भी कम समय बचा है, हॉकी इंडिया अभी भी पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम के देश में आने के लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने अगस्त में एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर आईएएनएस से कहा, "हम सरकार के संपर्क में हैं।

# बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन : आयुष ने जीता मेंस सिंगल्स खिताब, तन्वी उपविजेता

काउंसिल ब्लफ्स (आईएएनएस)

आयुष शेट्टी ने सोमवार को 'बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट' के फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को हराया। इसी के साथ आयुष ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीत लिया है। यह मुकाबला मिड-अमेरिका सेंटर में खेला गया। वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप- 2023 के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट आयुष ने 47 मिनट तक चले इस मुकाबले में विश्व के 33वें नंबर के खिलाड़ी यांग को 21-18, 21-13 से शिकस्त दी। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने अपने 'एक्स'



अकाउंट पर लिखा, "आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन-2025 जीतकर अपना पहला 'बीडब्ल्यूएफ सुपर 300' खिताब जीता। उन्होंने ब्रायन यांग को सीधे गेमों में 21-13, 21-18 से हराया। इस दौरान उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक शानदार खेल दिखाया। यह एक शानदार जीत है, जिसने बैडमिंटन के शीर्ष खिलाड़ियों में उनकी जगह पक्की कर दी है। यह एक नए 'इंडियन पावरहाउस' के उदय का प्रतीक है। चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने टूर्नामेंट की शुरुआत डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 85 मैग्नस जोहानसन पर 21-17, 21-19 से जीत के साथ की। इससे पहले उन्होंने राउंड ऑफ-16 में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-12, 13-21, 21-15 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में आयुष ने वर्ल्ड नंबर 70 कुओ कुआन लिन पर 22-20, 21-9 से जीत दर्ज की थी। आयुष की सबसे बड़ी जीत सेमीफाइनल में आई, जब उन्होंने दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चाउ टीयेन चेन को 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर ताइपे ओपन-2025 के सेमीफाइनल में चोऊ से मिली हार का हिसाब चुकता किया। इस बीच, विमेंस सिंगल्स में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा का शानदार सफर 34 वर्षीय अनुभवी बिवान झांग के खिलाफ 11-21, 21-16, 10-21 से रोमांचक फाइनल में हारने के साथ खत्म हुआ।

# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला हॉकी टीम चीन से 2-3 से हारी

बर्लिन (आईएएनएस)

भारतीय महिला हॉकी टीम को रविवार को बर्लिन में चीन के खिलाफ खेले गए मैच में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में उसका अभियान समाप्त हो गया। चीन की तरफ से यिंग झांग ने मैच के 19वें और 30वें मिनट में गोल किया।

वहीं, जू वेन्यू ने 53वें मिनट में गोल किया। भारत की तरफ से दो गोल सुनलिता टोप्पो (9वें मिनट) और रुजुता दादासो पिसल (38वें मिनट) ने किए। इस सत्र का यह आखिरी मैच था। नीदरलैंड शीर्ष पर रहा, अर्जेंटीना दूसरे और बेल्जियम लीग में तीसरे स्थान पर



रहा। चीन अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत अंतिम स्थान पर रहा। भारतीय टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो लीग में फिर से अपना स्थान हासिल करने के लिए एफआईएच नेशंस कप खेलना होगा। भारत की शुरुआत अच्छी रही। उसने मैच के नौवें मिनट में बढ़त हासिल की, जब नेहा गोयल से मिले पास को सुनिलिता टोप्पो ने गोल में बदला।



# रिपोर्ट का दावा : 2030 तक भारतीय कंपनियां 700 बिलियन डॉलर कमाई की संभावनाएं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय कंपनियां वैश्विक क्षेत्र में नौ परिवर्तनकारी सेक्टर में विशिष्ट भारतीय क्षमताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ सकती हैं और सामूहिक रूप से 2030 तक 588 बिलियन डॉलर से 738 बिलियन डॉलर के बीच राजस्व अर्जित कर सकती हैं। यह जानकारी मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मैकिन्से एंड कंपनी की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2023 की तुलना में साढ़े तीन गुना वृद्धि दर्शाता है, जिसे 164-206 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया था।

विकास का यह इंजन नौ क्षेत्रों से आने की उम्मीद है, जिसमें ई-कॉमर्स, सेमीकंडक्टर, क्लाउड सर्विस, साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक



व्हीकल एंड बैटरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉफ्टवेयर एंड सर्विस, स्पेस, न्यूक्लियर फिजन और रोबोटिक्स शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स में राजस्व 2023 के 60-70 बिलियन डॉलर से 2030 तक 240–300 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कुल खुदरा बिक्री में ई-कॉमर्स का हिस्सा 2022-23 में 7-9 प्रतिशत था, जो कि 2030 तक 15-17 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। 2030 तक नौ

- **एआई सॉफ्टवेयर राजस्व में अगले सात वर्षों में 5-8 गुना वृद्धि संभावित**
- **भारत में 77,000 से अधिक संगठन पहले ही कोपाइलेट को अपना चुके हैं**

क्षेत्रों की कुल राजस्व प्राप्ति में इसका योगदान लगभग 40 प्रतिशत होगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भविष्य में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के राजस्व को लेकर भी अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, विशेषकर जब इस क्षेत्र में कई भारतीय परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र का राजस्व 2023 में 40-45 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 100-120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते हुए एआई सॉफ्टवेयर के राजस्व में अगले सात वर्षों में पांच से आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है। भारत में 77,000 से अधिक संगठन पहले ही कोपाइलेट को अपना चुके हैं, एजेंटिक एआई का चलन बढ़ रहा है और एआई-संचालित औद्योगिकीकरण स्वचालन को गति दे रहा है। इसके साथ ही, एआई की डेटा मांग की वजह से क्लाउड से जुड़े राजस्व में 2023 और 2030 के बीच चार गुना से पांच गुना वृद्धि होने का अनुमान है, जो कि बढ़कर 70-80 बिलियन तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में भी राजस्व में उछाल आने की उम्मीद है, जो दशक के अंत तक छह से आठ गुना बढ़कर 40-60 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

# शेयर बाजार में मुनाफावसूली, सेंसेक्स 452 अंक फिसला

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुए। बाजार में गिरावट की वजह लार्जकैप शेयरों में मुनाफावसूली को माना जा रहा है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 452.44 अंक या 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,606.46 और निफ्टी 120.75 अंक या 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,517.05 पर था। भारतीय शेयर बाजार में यह गिरावट लगातार चार सत्रों की तेजी के बाद आई है। हालांकि, यह लार्जकैप तक ही सीमित थी। मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 356.05 अंक या 0.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,741.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 98.30 अंक या 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,075.10 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मीडिया, एनर्जी और पीएसई इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, रियल्टी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में ट्रेंट, एसबीआई, बीईएल, इटरनल (जोमैटो), अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, टाइटन, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक,मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट,आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मध्य पूर्व में तनाव कम होने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीदों के कारण वैश्विक धारणा सकारात्मक हो रही है, लेकिन हाल की तेजी के बाद भारतीय बाजारों में ठहराव आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि निवेशक अब आगामी कॉर्पोरेट आय पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, उपभोक्ता मांग और बेहतर मार्जिन के कारण बेहतर परिणामों की उम्मीद में मिड- और स्मॉल-कैप शेयरों में मजबूती दिख रही है।



# अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने नेशनल इलेक्ट्रिकल सेफ्टी वीक मनाया



मुंबई (आईएएनएस)

अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सोमवार को कहा कि वह 26 जून से 2 जुलाई तक अपने सभी डिवीजनों और आपूर्ति क्षेत्रों में नेशनल इलेक्ट्रिकल सेफ्टी वीक मना रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए विभिन्न विद्युत सुरक्षा संबंधी शैक्षिक कार्यशालाएं और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी, अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से बीएमसी स्कूलों में विद्युत सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन भी कर रही है। अप्रैल में आग की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपने पूरे बिजली वितरण क्षेत्र में 'फायर सर्विस वीक' मनाया था। इस हफ्ते के दौरान, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी के पावर वॉरियर्स के लिए कई फायर सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम "यूनाइट टू इग्नाइट, फायर सेफ इंडिया" तय की गई थी, जिसमें फायर सेफ्टी में सामुदायिक भागीदारी, शिक्षा, तैयारी और इनोवेशन के महत्व पर जोर दिया गया।

# सोने में लौटी तेजी, कीमत 96,000 प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंची

**नई दिल्ली** । सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई और चांदी की कीमत में मामूली उछाल दर्ज किया गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 95,886 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार शाम को जारी कीमत, 95,784 रुपए प्रति 10 ग्राम से 102 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 87,832 रुपए हो गई है, जो कि पहले 87,738 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 71,915 रुपए हो गया है।

# 88% ग्लोबल फर्मों के पास अब डेडिकेटेड एआई बजट, इंटेलिजेंट एजेंट पर केंद्रित ध्यान

नई दिल्ली (आईएएनएस)

लगभग 88 प्रतिशत वैश्विक उद्यमों के पास अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए डेडिकेटेड बजट है, जिनमें से लगभग दो-तिहाई अपने कुल टेक बजट का 15 प्रतिशत से अधिक हिस्सा एआई प्रोजेक्ट्स पर खर्च कर रहे हैं। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। नैसकॉम द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, यह प्रमुख निवेश जनरेटिव एआई के शुरुआती प्रयोग से एआई एजेंट बनाने की ओर शिफ्ट को दर्शाता है। 'एंटरप्राइस एक्सपेरिमेंट्स विद एआई एजेंट्स-2025 ग्लोबल ट्रेंड्स' शीर्षक वाली रिपोर्ट दर्शाती है कि दुनिया भर की कंपनियां एआई अपनाने के अगले चरण के लिए किस प्रकार तैयारी कर रही हैं। नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा कि उद्यम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं।



# भारतीय स्टेट बैंक ने देशभर में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने की नींव रखी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की स्थापना 1 जुलाई 1955 को हुई थी। वर्तमान में एसबीआई के पास देश में 22,000 से अधिक शाखाएं और 62,000 से ज्यादा एटीएम हैं। इसकी स्थापना के पीछे मुख्य मकसद ग्रामीण क्षेत्रों की बैंकिंग सेवाओं को दुरुस्त करना था। गांवों में निजी बैंकों की पहुंच बहुत कम थी। हर साल 1 जुलाई को एसबीआई अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अपने कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें कर्मचारी, ग्राहक और समुदाय हिस्सा लेते हैं। यह दिन बैंक की उपलब्धियों, ग्राहक सेवा और सामाजिक योगदान को सेलिब्रेट करने का अवसर होता है। एसबीआई की कहानी सिर्फ 1955 से शुरू नहीं होती है, औपनिवेशिक काल से शुरू होती है, जब 1806 में बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई, जो बाद में बैंक ऑफ बंगाल बन गया। इसके बाद, बैंक ऑफ बॉम्बे (1840) और बैंक ऑफ मद्रास (1843) की स्थापना हुई। इन तीनों प्रेसीडेंसी बैंकों को 1921 में मिलाकर इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया बनाया गया।

# सभी को साथ लेकर कॉलेज में शैक्षणिक वातावरण बनाना मेरा लक्ष्य : डॉ. अजय पासवान

- जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण, पूर्व प्राचार्य को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में सोमवार को डॉ. अजय कुमार पासवान ने औपचारिक रूप से प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एक सादे समारोह का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में किया गया, जिसमें पूर्व प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य ने उन्हें कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम में कॉलेज के फैकल्टी सदस्य और गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



डॉ. अजय पासवान शिक्षा क्षेत्र के एक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं। उन्होंने पूर्व में जीएलए कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य किया है, साथ ही नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में चार वर्षों तक जनसूचना अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रशासनिक दक्षता के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. पासवान के नेतृत्व में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास की आशा की जा रही है।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. पासवान ने कहा, "मैं इस दायित्व को पाकर गौरव अनुभव कर रहा हूँ। मेरा संकल्प है कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाया जाए।" उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों के सहयोग से एक प्रेरणादायक और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ. एके वैद्य को विदाई दी गई और सम्मानित भी किया गया। कॉलेज परिवार की ओर से उन्हें उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह में प्रो. सुरेश साहू, जयप्रकाश राम, प्रधान सहायक राजीव मुखर्जी, कमलेश पांडेय सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और डॉ. पासवान का स्वागत करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पेट्रोल पंप और आभूषण दुकानों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** सोमवार को शहर थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप और आभूषण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। शहर थाना प्रभारी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में कहा गया कि दुकानों में सुरक्षा की दृष्टि से चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है।

## ब्लड बैंक की मांग तेज, एकमात्र केंद्र पर बढ़ा दबाव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एकमात्र ब्लड बैंक होने से भारी दबाव बना हुआ है। जरूरतमंदों को 70-80 किमी दूर मेदिनीनगर आना पड़ता है। जपला, छतरपुर, रामगढ़, मनातू समेत अन्य क्षेत्रों से आने वाले रोगी भी इसी बैंक पर निर्भर हैं। स्थानीय लोगों, संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरकार से जिले के अन्य क्षेत्रों में ब्लड बैंक खोलने की मांग की है। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक खोलने की प्रक्रिया जारी है और ब्लड संग्रहण केंद्र पर भी विचार हो रहा है।

## विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान, पूरे जिले में बनाए जाएंगे 12 हजार सदस्य

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिला की कार्यशाला गणपति धर्मशाला में संपन्न हुई। इस अवसर पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले सदस्यता अभियान की रणनीति बनाई गई। जिला के विभिन्न कॉलेजों और प्रखंड स्तर पर सदस्यता टोली का गठन किया गया।

# नशे की जड़ पर चोट : डीआईजी ने दिए सख्त निर्देश, माफिया पर करें कार्रवाई

- पलामू प्रक्षेत्र में अफीम, गांजा और शराब के धंधेबाजों की खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र में मादक पदार्थों की खेती, तस्करी और अवैध शराब के कारोबार पर अब पुलिस की आंख मूंदने की आदत नहीं चलेगी। पुलिस उपमहानिरीक्षक पलामू प्रक्षेत्र डालटनगंज ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए साफ कर दिया है – अब एक भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा। सभी थाना और ओपी प्रभारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी गई है कि यदि उनके इलाके में कोई भी नशे का कारोबार बिना कार्रवाई के चलता मिला, तो जिम्मेदार अधिकारी की खैर नहीं।

डीआईजी के अनुसार अफीम, गांजा, डोडा और देसी शराब की अवैध खेती व व्यापार न सिर्फ कानून व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं बल्कि युवा पीढ़ी को भी गर्त में धकेल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर बेहद गंभीर है और अब सिर्फ खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा।

आदेश में कहा गया है कि सीमावर्ती, जंगल, नदी किनारे और संदिग्ध गांवों में गश्ती बढ़ाई जाए, खुफिया तंत्र मजबूत हो और मुखबिरों को सक्रिय कर हर सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो। यह भी निर्देश दिया गया है कि एनडीपीएस एक्ट व उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत दोषियों को बिना देर किए जेल भेजा जाए।

डीआईजी ने खास तौर पर यह भी कहा कि छापेमारी सिर्फ दिखावे की नहीं होनी चाहिए, बल्कि ठोस और असरदार होनी चाहिए। आम जनता को भी इस मुहिम में शामिल करने की अपील की गई है और पुलिस को बताया गया है कि जनता से मिली सूचना की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अगर थाना प्रभारी अब भी लापरवाही बरतते हैं, तो खुद उनके खिलाफ कार्रवाई तय है। नशे का धंधा अब 'कमाई का जरिया' नहीं, बल्कि नौकरी गंवाने का कारण बनेगा।

### 121.6 मिमी की तुलना में इस बार हुई 252.9 मिमी बारिश, खरीफ फसलों की पैदावार को लेकर बढ़ी उम्मीद

# पलामू में जून में सामान्य से 108% अधिक बारिश, धनरोपनी में जुटे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में इस वर्ष जून माह में सामान्य से लगभग दुगनी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में जहां औसतन 121.6 मिमी वर्षा होती है, वहीं इस बार 252.9 मिमी बारिश हुई है। यानी सामान्य की तुलना में 108 प्रतिशत अधिक। इस अत्यधिक वर्षा के चलते किसानों में खरीफ फसल की अच्छी उपज को लेकर नई उम्मीद जगी है।



मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में बीते 11 वर्षों में जून महीने में सबसे अधिक वर्षा इसी वर्ष दर्ज की गई है। पूरे राज्य में इस वर्ष जून में औसतन 348.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। पलामू भी उन 14 जिलों में शामिल है, जहां सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अकाल से राहत, उम्मीदों की आई गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों तक जिले में कम वर्षा के चलते किसान खेती को लेकर संकट में थे। पिछले वर्ष को छोड़ दें तो लगातार सूखे की स्थिति ने खेतों को सूना कर दिया था और फसल की पैदावार पर भी गंभीर असर पड़ा था। किसानों को सिंचाई के लिए पंप सेटों और टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता था। हालांकि इस बार समय पर और पर्याप्त वर्षा ने किसानों को खेतों में सक्रिय कर दिया है। मई में हुई शुरुआती बारिश से बिचड़ा तैयार करना शुरू हुआ था और अब जून में लगातार हो रही बारिश के कारण अधिकांश क्षेत्रों में धान की रोपनी शुरू हो चुकी है।

**विधि-विधान से शुरू हुई खेती :** धान की रोपाई के पहले किसान पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना कर गांव के देवता को नमन कर खेती की शुरुआत कर रहे हैं। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव के निवासी और पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त रामआस दुबे ने बताया कि रिटायरमेंट के बाद पिछले 10 वर्षों से वे खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार अब तक तीन बीघा में धान की रोपनी कर चुके हैं और बारिश अनुकूल रही तो आगे भी यह काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें सिंचाई के लिए हमेशा पंपिंग सेट का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन इस वर्ष प्रकृति ने साथ दिया है, जिससे किसान फिर से खेती में उम्मीद लेकर जुटे हैं।

### महुआडांड़ में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# जुलूस के रूट चार्ट, डीजे प्रतिबंध और सौहार्द की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** मोहर्रम पर्व को लेकर महुआडांड़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ विपिन कुमार दुबे ने की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूस तय रूट चार्ट के अनुसार निकाला जाए, किसी भी प्रकार की नई ऊंचाई या बदलाव पूर्व अनुमति के बिना न किया जाए।



थाना प्रभारी मनोज कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से कहा कि त्योहार को शांति से मनाएं और अनावश्यक डीजे का प्रयोग न करें। सर्किल इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद ने आगाह किया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# रंजीत कुमार साहू बने कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष

- राज्यसभा सांसद से लेकर विधायक तक ने दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस झारखंड प्रदेश ने रंजीत कुमार साहू को लातेहार जिले का ओबीसी मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री साहू ने राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि के रूप में लंबे समय से कार्य किया है। वे 2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव में मनिका सीट पर कांग्रेस को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। बधाई देने वालों में विधायक रामचंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, दरोगी यादव, विश्वनाथ पासवान, सुरेश सिंह, वृंद बिहारी यादव, उत्तम कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

# बरवाडीह में माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने मनाया हुल दिवस

- 1855 के शहीदों की स्मृति में रैली और प्रतिमा पर माल्यार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** हुल दिवस के अवसर पर सोमवार को भाकपा माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बरवाडीह में रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व माले जिला सचिव बिरजू राम, प्रखंड सचिव राजेंद्र सिंह और प्रभारी कृष्णा सिंह ने किया।




रैली के बाद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और संकल्प लिया गया कि शहीदों के सपनों को पूरा किया जाएगा। बिरजू राम ने कहा कि आज की सरकारें भी अंग्रेजों की तर्ज पर जल, जंगल और जमीन को पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती हैं। 9 जुलाई को भारत बंद को सफल बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए।

## जामुन के पेड़ से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ अनुमंडल क्षेत्र के राजगुरु गांव में जामुन तोड़ने के प्रयास में पेड़ से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अजीत कुमार यादव (18 वर्ष), पिता मोहन यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अजीत अपने घर के पास एक जामुन के पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान पेड़ की एक डाली टूट गई, जिससे वह असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से युवक को तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया।

# करैत सांप के डंस से डेढ़ वर्षीय बालक की मौत, झाड़-फूंक में गया कीमती समय

**बारियातू (चतरा)।** शिबला पंचायत के भाटचतरा बाराडहर गांव में करैत सांप के डंस से डेढ़ वर्षीय बालक विशाल कुमार की मौत हो गई। मृतक बच्चा गुड्डू भुइयां का पुत्र था। घटना शनिवार रात की है जब बच्चा अपनी मां सरिता देवी के साथ घर में सो रहा था। रात लगभग 11 बजे करैत सांप ने बच्चे को डंस लिया। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज की बजाय पहले झाड़-फूंक के लिए इटके के कटहल टोला ले गए, जहां ओझा ने कहा कि बच्चे को सर्पदंश नहीं हुआ है बल्कि सैतानी असर है। करीब तीन घंटे झाड़-फूंक में बिताने के बाद बच्चे को घर वापस लाया गया, लेकिन उसकी स्थिति और बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे नावाटोला स्थित दूसरे भगत के पास ले गए, जहां भी झाड़-फूंक के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार को जब स्थानीय सांप रेस्क्यूकर्ता उत्तम शर्मा को बुलाया गया तब उन्होंने बताया कि करैत सांप के काटने के लक्षण स्पष्ट थे और यदि समय पर अस्पताल ले जाते, तो बच्चा बच सकता था। उन्होंने बताया कि करैत सांप रात में शरीर की गर्मी के कारण मनुष्यों के पास आ जाता है और उसके डंस का अहसास मच्छर काटने जैसा होता है, जिससे पहचान में देरी होती है। उन्होंने लोगों से अंधविश्वास से बचने और सर्पदंश की स्थिति में तुरंत अस्पताल जाने की अपील की।

## श्रद्धांजलि

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा में दी पुष्पांजलि

# हूल क्रांतिकारियों की शहादत आज भी प्रेरणास्त्रोत : बैद्यनाथ राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला कमिटी की ओर से हूल क्रांति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, काल भैरव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 1855 की यह क्रांति भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की नींव थी। उन्होंने कहा कि आदिवासी वीरों का संघर्ष आज के सामाजिक-सांस्कृतिक शोषण के विरुद्ध एक प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ साहदेव के निर्देश पर दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। अरुण दुबे, बुद्धेश्वर उरांव, सुदामा प्रसाद, ममता सिंह, सुशील यादव समेत कई अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे।



### हूल आंदोलन आजादी की नींव था : अमित पाण्डेय

**लातेहार।** हूल दिवस पर आजसू पार्टी लातेहार कार्यालय में श्रद्धा व सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की और सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में अमित पाण्डेय ने कहा कि 1855 में सिद्धो-कान्हो ने जो संघर्ष किया, उसने भारत की आजादी की नींव रखी। आजसू पार्टी उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगी और उनके आदर्शों पर चलते हुए जनहित में संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में बिट्टू दास, रविशंकर शर्मा, अख्तर हुसैन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वज्रपात से गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड के चाया गांव में रविवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब पशुपालक जीतन यादव की गाय खेत में घास चर रही थी और अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए जैसे ही गाय पास के पेड़ के नीचे पहुंची, तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पशुपालक जीतन यादव, पिता गौरी यादव ने बताया कि उन्होंने पाई-पाई जोड़कर यह गाय खरीदी थी और इस नुकसान से वह पूरी तरह टूट गए हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है ताकि नुकसान की आंशिक भरपाई की जा सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है।

## पेज एक के शेष

### भोगनाडीह में पुलिस...

पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले : इस बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जिससे भगदड़ मच गई। समर्थकों ने पुलिस पर पथराव व तीर भी चलाए। बताया जा रहा है कि तीर व पथराव से तीन से चार पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए भेजा गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण है

### यूपीआई से लेकर...

15 जुलाई के बाद एनपीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं रहेगी। अगर बैंक को कोई चार्जबैक रिक्वेस्ट सही लगती है तो उसे वह एनपीसीआई से व्हाइटलिस्ट किए बिना प्रोसेस कर सकती है। यूपीआई चार्जबैक एक औपचारिक विवाद है जिसे यूजर तब उठाता है जब कोई लेनदेन विफल हो जाता है या जब भुगतान की गई सेवा या उत्पाद वितरित नहीं किया जाता है। यह यूजर को बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता से धन वापसी की मांग करने की अनुमति देता है। नए पैन कार्ड का आवेदन करने के लिए एक जुलाई से आपके पास आधार कार्ड होना जरूरी है। इससे पहले आप किसी भी वैध दस्तावेज या जन्म प्रमाणपत्र के जरिए पैन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते थे। जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के कई नए नियम लागू हो जाएंगे। 1 जुलाई 2025 से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या इसके मोबाइल ऐप के जरिए तत्काल ट्रेन टिकट के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य हो जाएगा। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने 7 जून, 2025 को घोषणा की थी कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी को जुलाई 2025 से एडिट नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसटीएन ने कहा था कि करदाताओं को देय तिथि से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### एक ही परिवार...

रेला मिंज अपने पुत्र अभिषेक और भतीजे रोहित के साथ बिरदा गांव गए थे। परिजनों को भी नहीं पता कि वे बिरदा गांव क्यों गए थे। ग्रामीणों के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। बाइक की गति तेज थी। इस कारण संगोर स्कूल के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक एक पेड़ से टकरा गई। टकर खा कर तीनों सड़क किनारे मुंह के बल गिर गए। वहीं बाइक सड़क पर गिर गई।

मेहा पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना तत्काल कर्रा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद पुलिस शवों को बरामद कर कर्रा थाना ले गई। पहचान की प्रक्रिया के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। वहीं शवों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों से कर्रा बिरदा मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कर्रा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और तीनों शवों को बरामद कर थाने ले आए। जांच के बाद मृतकों की पहचान की गई और उनके परिजनों को सूचना देने के बाद कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### मासूम बच्ची से...

आरोपियों के चंगुल से भागने में सफल पीड़िता की सहेली ने पूरी घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर रांची की रातू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी 5 आरोपियों को दबोच लिया था। इसमें एक नाबालिग था, जिसे रिमांड होम भेज दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 8 गवाहों की गवाही दर्ज कराई थी।

### कल से 5...

अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का भी दौरा करेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे में ब्राजील में 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेना भी शामिल है। पीएम मोदी की इस आठ दिनों की यात्रा मुख्य उद्देश्य ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेना और इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।

### 10 मजदूरों की...

असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के अनुसार, 25 जून को असम के गोलाघाट जिले के बोकाखाट के पास पनबारी इलाके में एक संदिग्ध ग्रेनेड विस्फोट में तीन पुलिस कर्मियों को मामूली चोटें आईं। असम के मंत्री अतुल बोरा ने भी बोकाखाट के स्वाहिद कमला मिरी सिविल अस्पताल में घायल कर्मियों से मुलाकात की, जहां उनका इलाज चल रहा है

### राष्ट्रपति-पीएम ने...

मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'' प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में बताया, "तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### ईरान : शिया धर्मगुरु...

'एक बहुत ही भयावह और अपमानजनक मौत' से बचाया है। इसके साथ ही ट्रंप ने ईरानी सर्वोच्च नेता के ऊपर इजरायल पर जीत के बारे में गलत बयान देने का आरोप लगाया। हाल ही में इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने एक इंटरव्यू में कहा कि ईरान के साथ अपने 12-दिवसीय संघर्ष के दौरान, इजरायल ने खामेनेई को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन इस ऑपरेशन को अंजाम देने का मौका कभी नहीं आया। कैट्ज ने इजराइल के 'चैनल 13' को दिए एक इंटरव्यू में कहा, "अगर वह हमारी नजर में होते, तो हम उन्हें मार गिराते। हम खामेनेई को खत्म करना चाहते थे, लेकिन कोई ऑपरेशनल मौका नहीं था। इजरायल ने 13 जून को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया, जिसमें ईरान की प्रमुख सैन्य और न्यूक्लियर एसेट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष बढ़ गया।

जवाबी कार्रवाई में, ईरान ने इजरायली शहरों और बाद में कतर और इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। तेहरान के इस कदम से पहले फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में उसकी न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले हुए थे। संघर्ष के बारह दिन बाद ट्रंप ने दोनों देशों के बीच युद्धविराम की घोषणा की।

# अमेरिकी कंपनियों पर अब टैक्स नहीं लगाएगा कनाडा

**ट्रंप ने टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, पीएम कार्नी बोले- बिजनेस पर फिर बात करेंगे**

**ओटावा/वॉशिंगटन डीसी । एजेंसी**



कनाडा ने रविवार देर रात अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने का अपना फैसला वापस ले लिया है। कनाडाई सरकार 30 जून से अमेरिकी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने वाली थी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को एक बयान में कहा कि वह और ट्रंप अब व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं।

कनाडाई वित्त मंत्रालय के मुताबिक, कार्नी और ट्रंप के बीच 21 जुलाई तक व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत शुरू हो सकती है। ट्रंप ने 27 जून को कनाडा को धमकी दी थी कि अगर उसने अमेरिकी कंपनियों पर टैक्स लगाया, तो वे कनाडा पर जल्द नया टैरिफ लगा देंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'हम कनाडा को अगले 7 दिनों में बता देंगे कि उसे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा। कनाडा में पिछले साल पास हुआ था डिजिटल सर्विस टैक्स कनाडा की संसद में डिजिटल सर्विसेज टैक्स एक्ट पिछले साल 20 जून, 2024 को पास हुआ था।

हालांकि, यह टैक्स एक साल बाद 30 जून, 2025 से लागू होना था। लागू होने से कुछ घंटे पहले ही कनाडा सरकार ने इस पर यू टर्न ले लिया। ट्रंप के टैरिफ को लेकर बातचीत से पीछे हटने के बाद कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा था कि वह कनाडा की जनता के हित में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखना चाहते हैं। वहीं, अमेरिका के ट्रेजरी सचिव यानी कि वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि उन्हें पहले से इस टैक्स के लगाए जाने की आशंका थी। हालांकि, अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, इसलिए उन्हें उम्मीद थी कि कार्नी प्रशासन इसे लागू नहीं करेगा।

### क्या होता है डिजिटल सर्विस टैक्स?

डिजिटल सर्विसेज टैक्स वह टैक्स होता है, जो ऑनलाइन सर्विस देने वाली कंपनियों से वसूला जाता है। बड़ी विदेशी और घरेलू कंपनियों को, जो कनाडा में ऑनलाइन यूजर्स से पैसा कमा रही हैं, उसे आय पर 3% टैक्स देना होगा। यह कानून 2022 से पुराने बिलों पर भी लगना था, यानी कंपनियों को पिछले कई सालों के टैक्स का पैसा देना होता। यह टैक्स ऑनलाइन मार्केटप्लेस, सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन और यूजर डेटा बेचने से हुई कमाई पर लागू होने वाला था। यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू होता, जिनकी सलाना कमाई 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। इससे खासकर अमेरिकी टेक कंपनियां जैसे मेटा, गूगल, एपल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट ज्यादा प्रभावित होतीं। कारोबारियों का अनुमान है कि इस टैक्स से अमेरिकी कंपनियों को हर साल दो अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा। इसके साथ ही अमेरिका में 3,000 नौकरियां भी जा सकती हैं।

## चीन ने बनाया दुश्मन के बिजली घरों को नष्ट करना वाला ग्रेफाइट बम

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीन ने ऐसा ग्रेफाइट बम बनाया है जिससे दुश्मन के बिजली घरों को नष्ट किया जा सकता है। इनके अंदर हाई वोल्टेज बिजली के बुनियादी ढांचे को शॉर्ट सर्किट करने के लिए डिजाइन किए गए महीन, रासायनिक रूप से उपचारित कार्बन फिलामेंट होते हैं, जो विस्फोट के साथ ही बिखर जाते हैं। ये कार्बन फिलामेंट दुश्मन के बिजलीघर को बर्बाद कर देते हैं।यह हथियार 10,000 वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में बिजली को काटकर पूरी तरह ब्लैकआउट कर सकता है, जो दुश्मन की कमान व नियंत्रण प्रणाली को बाधित करने के लिए प्रभावी है। चीन की मीडिया ने इ इसे 'घरेलू रूप से निर्मित एक रहस्यमयी मिसाइल' कहा है। एक वीडियो के अनुसार, इसकी रेंज 290 किलोमीटर और इसका वारहेड 490 किलोग्राम वजन का है, जो इसे सैन्य सब स्टेशनों और दूसरे बिजली ढांचों पर हमले के लिए उपयुक्त बनाता है।ऐसे बमों का इस्तेमाल अमेरिकी सेना लंबे समय से कर रही है। इराक में ग्रेफाइट वॉरहेड से रैस टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने नेशनल ग्रिड के 85 % हिस्से को निष्क्रिय कर दिया, जिससे सैन्य कमान, वायु रक्षा व सरकारी संस्थान अंधेरे में डूब गए थे।

## ओबामा ने ईरान को बहुत कुछ दिया, मैं नहीं देने वाला : ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



ईरान पर भविष्य में क्या अमेरिका हमला करेगा या नहीं, फिलहाल इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्थिति स्पष्ट नहीं की है। ईरान के उप-विदेश मंत्री अमेरिका के साथ भविष्य में किसी भी कूटनीतिक और न्यूक्लियर वार्ता पर शर्त रख चुके हैं। ऐसे में ट्रंप ने कहा है कि अब वह ईरान से बात नहीं कर रहे हैं।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा, "मैं ईरान को कुछ भी नहीं दे रहा हूं। ओबामा की तरह, जिन्होंने 'परमाणु हथियार जेसीपीओए (जो अब समाप्त हो जाएगा) के तहत अरबों डॉलर का भुगतान किया था। इतना ही नहीं, मैं उनसे इस विषय पर बात भी नहीं करने वाला हूं, क्योंकि हमने उनकी न्यूक्लियर फैसिलिटी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। जिनमें कहा गया था कि उनके प्रशासन ने सिविलियन एनर्जी प्रोड्यूसिंग न्यूक्लियर प्रोग्राम बनाने के लिए ईरान को 30 बिलियन डॉलर तक की मदद करने की चर्चा की थी। रविवार को 'बीबीसी' से बातचीत में माजिद तख्त-रवांची ने कहा था कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ किसी भी हमले से इनकार करना चाहिए। इसके साथ ही उप-विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के खिलाफ भविष्य के हमलों पर ट्रंप प्रशासन की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। माजिद ने बताया कि अमेरिका ने मध्यस्थ देशों से कहा है कि वह ईरान के साथ बातचीत करना चाहता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि वह भविष्य में हमले करेगा या नहीं। अमेरिका ने ईरान की तीन न्यूक्लियर फैसिलिटी नतांज, फोर्डो और इस्फाहान को नष्ट किया था।

## सूडान में ढही सोने की खदान, 11 की मौत, 7 घायल

**खार्तूम ।** उत्तर-पूर्वी सूडान में एक सोने की खदान ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए। सरकारी खनिज संसाधन कंपनी ने यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, रेड सी स्टेट में अत्बारा और हाया शहरों के बीच हौएद इलाके में स्थित केर्श अल-फील खदान में यह हादसा हुआ। कंपनी ने अपने बयान में बताया कि खदान ढहने से यह घटना हुई, लेकिन हादसे की तारीख का जिक्र नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण खदान को पहले ही बंद करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, इसने खनन गतिविधियों की निगरानी जारी रखने और सुरक्षा मानकों को बेहतर करने का वादा किया, साथ ही खनिकों से सुरक्षा और पर्यावरण नियमों का पालन करने की अपील की। सूडान में पारंपरिक खनन से सोने का एक बड़ा हिस्सा निकलता है, लेकिन खराब सुरक्षा मानकों और पुराने ढांचे के कारण क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। कंपनी ने कहा कि उसने पहले ही खदान में काम रोक दिया था और इसके जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि यह जानलेवा खतरा पैदा कर सकता है। आधिकारिक और एनजीओ के अनुसार, सोने का लगभग सारा व्यापार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के माध्यम से होता है।

## सीजफायर की उम्मीदों के बीच गाजा में इजरायली सैनिक की हुई मौत

**यरूशलम (आईएएनएस)**



उत्तरी गाजा पट्टी में एक इजरायली सैनिक की मौत की सूचना सामने आई है, जिसकी जानकारी इजरायली सेना ने दी है। 'सिन्हुआ समाचार एजेंसी' के अनुसार सेना ने बताया है कि 401वीं ब्रिगेड की 601वीं कॉम्बैट इंजीनियरिंग बटालियन के सार्जेंट यिसरायल नतन रोसेनफेल्ड (20) लड़ाई के दौरान मारे गए। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले 'कान टीवी' ने बताया कि रोसेनफेल्ड की मौत जबालिया में एक विस्फोटक उपकरण की वजह से हुई। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां सेना ने उत्तरी गाजा में एक नियोजित बफर जोन के हिस्से के रूप में चौकियों के निर्माण की तैयारी में इमारतों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया था।

जून की शुरुआत से गाजा पट्टी में 21 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 तक सैनिकों की मौत का आंकड़ा 880 तक पहुंच चुका था। इससे पहले रविवार को, फिलिस्तीनी सूत्रों ने उत्तरी गाजा में भारी बमबारी की सूचना दी। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायली हमलों में करीब 88 लोग मारे गए और 365 घायल हो गए। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने गाजा के भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों के अलावा स्कूल, स्टेडियम और शरणार्थी टेंट को निशाना बनाया। यह हमला तब हुआ जब इजरायली सेना ने नई इवैक्युएशन वॉर्निंग जारी की। इस चेतावनी में गाजा शहर और जबालिया के निवासियों से तुरंत अल-मवासी क्षेत्र की ओर जाने को कहा गया। यह हमले ऐसे समय पर हुए, जब एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले हफ्ते तक सीजफायर का संकेत दिया था।

## इजरायल-सीरिया संबंध तैयार, गोलान हाइट्स पर अडिग

**यरुशलम ।** इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने सोमवार को कहा कि उनका देश सीरिया और लेबनान के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए इच्छुक है, लेकिन किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत गोलान हाइट्स से पीछे हटने का कोई इरादा नहीं है। इजरायल का सीरिया और लेबनान के साथ आधिकारिक रूप से कोई राजनयिक संबंध नहीं है और 1948 में इजरायल की स्थापना के बाद से इन तीनों देशों के बीच शत्रुता की स्थिति बनी हुई है। यरुशलम में ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएटे मीनल-राइसिंगर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिदोन सार ने कहा, "इजरायल अब्राहम समझौते और शांति व सामान्यीकरण के दायरे को बढ़ाना चाहता है।

## फिजी में गहराया एचआईवी संकट संक्रमण से बच्चों की जा रही जान

**सुवा (आईएएनएस)**

फिजी में एचआईवी की समस्या गंभीर होती जा रही है। पिछले साल एचआईवी की वजह से 126 लोगों की मौत हुई, जिनमें 8 बच्चे शामिल रहे। लाबासा में फिजी मेडिकल एसोसिएशन की एक बैठक में यूएनएड्स के प्रशांत सलाहकार रेनाटा राम ने ये चिंताजनक आंकड़े साझा किए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे स्वास्थ्य सिस्टम की बेहद जरूरत है जो मजबूत, जिम्मेदार और नए तरीकों से काम करने वाले हों ताकि एचआईवी जैसी समस्याओं से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। रेनाटा राम ने कहा कि फिजी में एचआईवी की स्थिति खराब हो रही है। इसलिए इस साल की कांफ्रेंस का विषय फिजी में हेल्थकेयर के मानकों को मजबूत बनाना है। रेनाटा राम ने बताया कि फिजी में 2024 में सबसे ज्यादा एचआईवी के नए मामले सामने आए। 1,583 नए लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। यह 2023 की तुलना में 281 प्रतिशत की चौंका देने वाली वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 415 मामले देखे गए थे। 2018 के मुकाबले यह संख्या 500 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि तब सिर्फ 131 मामले रिपोर्ट किए गए थे।



2024 में एचआईवी के 1,583 मामलों में से 1,542 वयस्क थे, लेकिन सबसे ज्यादा चिंता बच्चों के 41 मामलों की थी। इनमें से 32 बच्चे अपनी मां से एचआईवी संक्रमित हुए थे। यह संख्या 2023 के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा है, जब सिर्फ 11 बच्चों में एचआईवी मिला था। रेनाटा राम ने जोर देकर कहा कि ये बढ़े हुए नंबर सिर्फ बेहतर टेस्टिंग की वजह से नहीं हैं।

## सेनाध्यक्ष की भूटान यात्रा, रक्षा सहयोग को मिलेंगे नए आयाम

**नई दिल्ली।** भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। सेनाध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे गहरे व विश्वासपूर्ण रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 2 जुलाई तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। यह यात्रा भारत-भूटान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक विश्वास को दर्शाती है। दौरा भारत की अपने पड़ोसी देश भूटान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराता है। सेना प्रमुख का यह दौरा दोनों राष्ट्रों के बीच पारंपरिक मित्रता तथा सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## बांग्लादेश : आईसीटी ट्रिब्यूनल ने 26 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया



**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने जुलाई 2024 में हुए छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान एक छात्र की हत्या के मामले में सोमवार को 26 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन लोगों में बेगम रोकेया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हसीबुर राशिद भी शामिल हैं। तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता न्यायमूर्ति मोहम्मद नजरुल इस्लाम चौधरी ने की। ट्रिब्यूनल ने बेगम रोकेया विश्वविद्यालय के छात्र अबू सईद की हत्या मामले में 30 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करते हुए यह आदेश पारित किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिन चार आरोपियों को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है, उनमें विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोएक्टर शरीफुल इस्लाम, पुलिस के पूर्व सहायक उप-निरीक्षक आमिर हुसैन, कांस्टेबल सुजान चंद्र रॉय और बांग्लादेश छात्र लीग के नेता इमरान चौधरी शामिल हैं। अबू सईद की मौत 16 जुलाई 2024 को रंगपुर में स्थित बेगम रोकेया विश्वविद्यालय के पास पार्क मोड़ पर पुलिस फायरिंग में हुई थी। यह घटना सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी उग्र छात्र आंदोलनों के दौरान हुई थी। बताया जा रहा है कि सईद पहले छात्र थे, जिनकी मौत रंगपुर में पुलिस की गोली से हुई थी। अबू सईद के बड़े भाई रमज़ान अली ने आईसीटी के अभियोजन विंग में शिकायत दर्ज कराते हुए, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 24 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईसीटी अभियोजक मिजानुल इस्लाम ने बताया था कि जांच एजेंसी ने इस मामले में कुल 30 लोगों की संलिप्तता के साक्ष्य पाए हैं। मामले में तत्कालीन पुलिस शिविर प्रभारी, उप निरीक्षक विभूति भूषण रॉय द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि सईद पुलिस फायरिंग का शिकार नहीं हुए। रिपोर्ट में लिखा है, "प्रदर्शनकारियों ने हथियार चलाए और कई दिशाओं से ईंट-पत्थर फेंके। इसी दौरान एक छात्र जमीन पर गिरता देखा गया। पूर्व सब-इंस्पेक्टर ने यह भी दावा किया कि इस घटना में 2,000-3,000 अज्ञात लोग शामिल थे, जिनमें बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता भी हो सकते हैं।

## भूकंप के झटकों से हिला नेपाल, 3.9 रही तीव्रता

**काठमांडू (आईएएनएस)**

नेपाल में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 थी। अचानक आए भूकंप के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, 30 जून 2025 को सुबह 8:24 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 थी। इसका केंद्र 29.24 उत्तरी अक्षांश और 81.77 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 14 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले, 29 जून को दोपहर 2:19 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 थी। इसका केंद्र 29.35 उत्तरी अक्षांश और 81.94 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। हालांकि, भूकंप के कारण जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। नेपाल के पड़ोसी देश तिब्बत में 23 मई की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भारतीय समयानुसार भूकंप 9 बजकर 27 मिनट और 27 सेकंड पर आया था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। इसकी गहराई 20 किलोमीटर थी। हालांकि, इससे किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं थी।

## 50 साल बाद भी 'संविधान' को कूड़ेदान में फेंकने की आदत से बाहर नहीं निकल पाया विपक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बिहार में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने तेजस्वी के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वह कहते हैं कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, "अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए।








# करीना कपूर खान ने अपनी पहली फिल्म रिफ्यूजी के 25 साल पूरे होने पर तस्वीरें साझा कीं

**कहानी फिल्म जगत की**

*इंस्टाग्राम पर फिल्म की मनमोहक तस्वीरें और "25 साल और हमेशा के लिए" लिखा*



जे. पी. दत्ता द्वारा निर्देशित रिफ्यूजी (2000) आज से 25 साल पहले सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी, जिसने दुनिया को एक नहीं बल्कि दो भावी सितारों से परिचित कराया। हम करीना कपूर खान और अभिषेक बच्चन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने आने वाले वर्षों में अभिनेताओं के रूप में खुद को विकसित किया है और अपने असाधारण कौशल और बेजोड़ ऑन-स्क्रीन पहचान से लोगों को चकित किया है।

बेबो ने इस महत्वपूर्ण करियर मील के पत्थर के सम्मान में फिल्म से मनमोहक तस्वीरें पोस्ट की हैं, साथ ही कैप्शन लिखा है, "25 साल और हमेशा के लिए जाने वाले हैं... दिल, इंद्रधनुष और अनंत इमोटिकॉन्स के साथ।" आइए इस महत्वपूर्ण अवसर के सम्मान में रेडिफ डॉट कॉम के लिए सुकन्या वर्मा के साथ करीना के पहले साक्षात्कार में वापस जाएं। करीना कपूर खान हमेशा से ही बॉलीवुड की असली दिवा रही हैं। पिछले कुछ सालों में, वे निजी और पेशेवर दोनों ही तरह से विकसित हुई हैं। हालांकि, 25 साल पहले लिए गए अपने पहले इंटरव्यू में भी यह सुंदरी उतनी ही आशावादी थी, जितनी कि अब है। थोड़ी चिंतित, लेकिन खुद पर बहुत भरोसा। जब उनसे पूछा गया कि इतनी कम उम्र में काम करने के बारे में उन्हें कैसा लगता है, तो एक व्यापक रूप से शेयर किए गए इंटरव्यू क्लिप में पूछा गया। अपने पहले इंटरव्यू में, करीना ने मुस्कुराते हुए कहा, "मुझे कुछ भी महसूस नहीं होता है, इसलिए मैं... मुझे नहीं पता कि क्या कहना है। एवी देखने के बाद, मुझे क्या महसूस हुआ? हां, मुझे लगा कि फिल्म बहुत बड़ी सफलता हासिल करने वाली है, और हम सभी की सराहना की जाएगी क्योंकि हम सभी ने बहुत मेहनत की है, और बस इतना ही।